

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र शुक्ल पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 24 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-51 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50


## वासंतिक नवरात्र

### तृतीय : चंद्रघण्टा



**यह** देवी दुर्गा के नौ रूपों में से तीसरा रूप है। नवरात्रि के तीसरे दिन इनका पूजन किया जाता है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है।

पिण्डज प्रवरारूढ़ा
चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यम्
चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

**मां** का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दस हाथ हैं। दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहनेवाली है। इनके घंटे की भयानक चडंध्वनि से दानव, अत्याचारी, दैत्य, राक्षस डरते रहते हैं। नवरात्र के तीसरे दिन साधक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक को अलौकिक दर्शन होते हैं। मां चन्द्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं।

# सदन : अमृतकाल शेर और सियार...!

## विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई मुद्दों पर की खुलकर बात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चिकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में नियोजन नीति और सरकार की योजनाओं सहित कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात रखी। विधानसभा में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कई सवाल किए हैं। मैंने भी कहा था कि इसका जवाब दूंगा। हालांकि, इस दौरान हंगामा भी चलता रहा।

मुख्यमंत्री ने सदन में सभी सदस्यों को सरहुल, रामनवमी, रमजान की शुभकामनाएं दीं। साथ ही विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि मैं समझ नहीं पा रहा कि हम अमृतकाल में खड़े हैं या आपातकाल में। कहावत है कि अगर सियार शेर का खाल पहन ले तो वह शेर नहीं हो जाएगा। यही हाल विपक्ष का है। उन्होंने विपक्ष के विरोध पर कहा कि लोकसभा सत्ता पक्ष की वजह से नहीं चल रहा। सदन में नोक-झोंक टीका-टिप्पणी होती रहती है। यह आम बात है। हंसी-मजाक भी होता है। कई गंभीर बातें भी आती है। विपक्ष को अपने आचरण पर ध्यान देना चाहिए।

**भाजपा किस स्थानीय नीति का करती है समर्थन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बात सच है कि सरकार बहुमत से चलती है, लेकिन सदन सहमति से चलता है। 1932 खतियान या नियोजन नीति की बात कर रहे हैं, लेकिन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



**हेमंत** सोरेन ने कहा कि आज जिस तरह व्यवस्था चल रही है आने वाला समय बेहतर संकेत नहीं है। राज्य सरकारों को भिखारी बनाकर रख दिया है। महंगाई में रॉकेट का इंजन लग गया है। यह ठहर नहीं रही है। पेट्रोल-डीजल की कीमत आसमान पर है। आज कहीं पर भी एक भी जगह बता दें जहां गरीब, किसान, मजदूर को राहत दिया हो। ये हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज में चढ़ाने की बात करते थे। सारे हवाई अड्डे बेच दिए। पांच रुपये का प्लेटफॉर्म टिकट सौ रुपये का हो गया। चंद लोगों की मुट्ठी में यह देश है।

### एक विधेयक पास, छह वापस

**झारखंड** विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को भोजनावकाश के बाद सत्ता और विपक्ष के हंगामे के बीच राज्य सरकार ने छह विधेयक वापस ले लिए जबकि इटकी ट्यूबरोकुलोसिस सेनेटोरियम (रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग) (संशोधन) विधेयक-2023 सदन से पारित हुआ।

**इन विधेयकों को वापस लिया गया**

- औद्योगिक विवाद (झारखंड संशोधन) विधेयक 2018
- झारखंड ठेका मजदूर विनियम एवं उन्मूलन (झारखंड संशोधन) विधेयक 2015
- बिहार औद्योगिक राष्ट्रीय एवं उत्सव अवकाश और आकस्मिक छुट्टी झारखंड संशोधन विधेयक 2015
- झारखंड दुकान एवं प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक 2018
- झारखंड श्रम विधियां (संशोधन) एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम विधेयक 2018
- कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक 2019

### नियोजन नीति पर बोलने से बचना चाहती है सरकार : मरांडी

**पूर्व** मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राहुल गांधी के सजा के मामले पर कहा है कि यह कोर्ट का मामला है। लेकिन जिस तरह से सदन की कार्यवाही को राहुल के मामले को लेकर बाधित किया गया है। उससे यही लगता है कि नियोजन नीति पर कुछ भी बोलने से सरकार बचना चाहती है। इसलिए सदन की कार्यवाही को बाधित किया गया है।

## गडकरी बोले : दो लाख करोड़ रोड इंफ्रास्ट्रक्चर पर होगा खर्च

# अमेरिका से बेहतर बनेंगी झारखंड की सड़कें

### झारखंड में 9400 करोड़ की 21 योजनाओं का शिलान्यास

### तीन घंटे में पूरा होगा रांची से वाराणसी तक का सफर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड की 9500 करोड़ की 21 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। रांची के पुराना विधानसभा मैदान में अपने संबोधन में नितिन गडकरी ने कहा कि झारखंड की सड़कें अमेरिका से बेहतर बनाएंगे। झारखंड में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर पर साल 2024 तक दो लाख करोड़ खर्च होने की बात केंद्रीय मंत्री ने कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संकल्प लिया गया था कि देश के विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्रर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होगा। पहले कई बार रांची आए, तब हर बार पूछा जाता था कि रांची से जमशेदपुर रोड का क्या होगा, खुशी होती है कि इस रोड का निर्माण पूरा हो गया। गडकरी ने कहा कि आज जो शिलान्यास हुआ है, वह केवल ट्रेलर है, जो सही फिल्म है अभी शुरू होगा। गडकरी ने कहा कि आपको वचन देता हूं कि 2024 समाप्त होने के पहले 2 लाख करोड का रोड इंफ्रास्ट्रक्रर बनेगा। पुराने विधानसभा भवन के ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बटन दबाकर शिलान्यास और लोकार्पण किया। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद आदित्य साहू, समीर उरांव, बीडी राम समेत कई सांसद व विधायक उपस्थित थे।

**तीन घंटे में रांची से वाराणसी का सफर**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रांची-वाराणसी कॉरीडोर 60 हजार करोड़ की लागत से 260 किलोमीटर बनेगी। 12 घंट का अबतक का सफर अब महज तीन घंटे का होगा। गडकरी ने कहा कि दिल्ली से देहराहून, हरिद्वार दो घंटे, नागपुर से मुंबई अब आठ घंटे लगते हैं। आप कल्पना नहीं कर सकते जब मैं महाराष्ट्र में सीएम था तब मुंबई कुर्ला एक्सप्रेस वे बनाने का मौका मिला, तब मैंने कहा था कि मुंबई से पूणे दो घंटे का सफर होगा। तब लोग बोले नेता कुछ भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कोल्हान को 3800 करोड़ की योजनाओं की सौगात

#### किसी भी देश का विकास ट्रांसपोर्ट, पावर, वाटर और कम्युनिकेशन पर करता है निर्भर

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कोल्हान के लिए कुल 3800 करोड़ रुपये की 10 योजनाओं में से 9 योजनाओं का शिलान्यास किया और एक का ऑनलाइन लोकार्पण किया। इसमें 1876 करोड़ की लागत से आसनबनी से देवघर फोर लाइन डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी शामिल है। जो 10 किलोमीटर से अधिक लंबा है। यह देश का सबसे लंबा डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर होगा, जिसका निर्माण अगले 2 वर्षों में होना है। इससे झारखंड उड़ीसा बंगाल की लाइफलाइन राष्ट्रीय उच्च पद संख्या 33 में ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। वही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के उस सड़क के हिस्से का लोकार्पण किया, जिसको स्लैग से बनाया गया है। टाटा स्टील के स्लैग से पहली बार देश में राष्ट्रीय उच्च पथ बनाया गया है। देश में इस तरह की यह पहली सड़क है। इसका निर्माण टाटा स्टील के बाय प्रोडक्ट स्लैग के ब्रांड टाटा एग्रीटो से किया गया है। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि किसी भी देश का विकास मूल रूप से चार बातों पर निर्भर करता है। जिसमें ट्रांसपोर्ट, पावर, वाटर और कम्युनिकेशन जरूरी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका धनी देश है। इसलिए उनकी सड़क अच्छी है ऐसी बात नहीं है, बल्कि अमेरिका की सड़क अच्छी है, इसलिए अमेरिका धनी देश है।


## NEWS इन ब्रीफ

### राज्य कैबिनेट की बैठक 27 मार्च को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 27 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक सोमवार, दिनांक 27 मार्च 2023 को अपराह्न 3:30 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### भाजपा ने कई राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** चुनावी तैयारियों में जुटी भाजपा ने राजस्थान, बिहार, ओडिशा और दिल्ली में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने राजस्थान में जारी घमासान को थामने के लिए वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया को हटाकर लोकसभा सांसद सीपी. जोशी को राजस्थान का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, दिल्ली में अब तक कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे वीरेंद्र सचदेवा को अब भाजपा आलाकमान ने दिल्ली का पूर्णकालिक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। इसके अलावा भाजपा ने बिहार और ओडिशा में भी नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने बिहार विधान परिषद के सदस्य सम्राट चौधरी को बिहार प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, ओडिशा में पूर्व मंत्री मनमोहल सामल को राज्य का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।



## आए थे विधानसभा का घेराव करने

# छात्रों पर चटकीं लाठियां

### छात्रों ने भी चलाए पत्थर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड यूथ एसोसिएशन और झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले गुरुवार को विधानसभा का घेराव करने आये राज्यभर के छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने छात्रों पर आंसू गैस के गोले भी छोड़े। छात्रों ने भी पुलिस-प्रशासन पर पत्थर फेंके। विधानसभा का घेराव करने से पहले 500 छात्रों का जमावड़ा शहीद मैदान में हुआ। प्रदर्शनकारी छात्र जगन्नाथ मंदिर के पास लगे बैरिकेड को तोड़कर विधानसभा के बगल वाले खेत तक पहुंच गये। पुलिस प्रशासन ने छात्रों को रोकने की तमाम कोशिशें की, लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज किया। इससे पहले छात्रों ने मंत्री मिथलेश ठाकुर के काफिले पर बोतल फेंकी थी।

हाल में ही झारखंड सरकार ने 60:40 का नियोजन नीति लेकर आई है। इसके बाद रोस्टर में कई जिलों से ओबीसी आरक्षण को हटा दिया गया है। इस बात को लेकर विद्यार्थी नाराज हैं और लगातार सड़कों पर आंदोलनरत हैं। छात्रों का कहना है कि जिस सरकार ने पांच लाख नियुक्तियां करने की बात कही थी, वह नियोजन नीति तक स्पष्ट नहीं कर सकी है। सरकार ने जो नियोजन नीति बनाई, उसे कोर्ट ने रद्द कर दिया। फिर जो नियोजन नीति सामने है, उसमें विसंगतियां हैं। वर्तमान की नियोजन नीति में राज्य के युवाओं के भविष्य की सुनिश्चितता नहीं है। बीते दो दिनों में जो वेकेंसी निकाली गई है, उसमें भी कई तरह की गड़बड़ियां हैं। राज्य सरकार ने जिलावार आरक्षण रोस्टर जारी किया है। उसमें भी विसंगतियां हैं।

**मुख्यमंत्री हाउस घेराव का लिया था निर्णय :** गुरुवार के विधानसभा घेराव से पहले 20 मार्च को सीएम हाउस घेराव की रणनीति थी, लेकिन सरकार व प्रशासन के आग्रह पर एक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अवैध उत्खनन के दौरान चाल गिरा चार लोगों की मौत

**धनबाद।** बाघमारा पुलिस अनुमंडल के तेतुलमारी थाना क्षेत्र में गुरुवार अहले सुबह कोयला के अवैध खनन के दौरान हुए हादसा में चार मजदूरों की मौत हो गई। हालांकि, अभी तक बीसीसीएल अधिकारी, पुलिस प्रशासन ने घटना की पुष्टि नहीं किया है और ना ही पीड़ित परिवार का कोई सदस्य ही सामने आ रहा है। जानकार कहते हैं कि किसी रतिलाल के चेले रिंकू और पप्पू के द्वारा वहां अवैध खनन कराया जा रहा था। सुबह बीएस माइनिंग आउट सोर्सिंग उत्खनन परियोजना के समीप ही रिंकू, पप्पू के द्वारा कराए जा रहे अवैध खनन के दौरान चाल गिरने से चार मजदूरों की दबकर मौत हो गई। कहा जा रहा है कि सभी प्रभावित लोग समीप के बस्ती के ही थे। हादसा के बाद ग्रामीण शव लेकर भाग निकले।

# 'मोदी सरनेम' मानहानि मामले में राहुल गांधी दोषी, जमानत

**एजेंसी। सूरत**

गुजरात की सूरत जिला अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अप्रैल 2019 में उनकी 'मोदी सरनेम' टिप्पणी के मामले में दोषी ठहराया। गांधी को आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत दोषी ठहराया गया। इसके तहत अधिकतम सजा दो साल है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच. एच. वर्मा की अदालत ने उन्हें दोषी पाते हुए दो साल की जेल की सजा सुनाई और 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। हालांकि, अदालत ने सजा को निलंबित कर दिया और 30 दिनों के भीतर अपील करने के लिए जमानत दे दी। राहुल गांधी ने वकील ने कहा कि वे जल्द ही सेशन कोर्ट जाएंगे। बीजेपी विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ उनकी टिप्पणी सभी चोरों के उपनाम मोदी क्यों है? के लिए केस दर्ज कराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली को संबोधित करते हुए टिप्पणी की गई थी। टिप्पणी की वीडियो सर्विलांस टीम और कोल्लार जिले के उपायुक्त और जिला चुनाव अधिकारी के कार्यालय की वीडियो देखने वाली टीम द्वारा वीडियोग्राफी की गई थी। शिकायतकर्ता ने कहा कि राहुल की टिप्पणी से मोदी समुदाय की बदनामी हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा ने पिछले सप्ताह दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कब, क्या कहा था राहुल ने...

**आज** से 4 साल पहले, 2019 में लोकसभा चुनावों के दौरान कर्नाटक के कोलार में कहा था: सभी चोरों का उपनाम (सरनेम) मोदी क्यों है?



पेज-12 भी देखें

### 'सच्चाई ही मेरा धर्म है'

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा: मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। महात्मा गांधी का हवाला देते हुए राहुल ने हिंदी में एक ट्वीट में कहा: मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है, सत्य मेरा भगवान है, और अहिंसा इसे पाने का एक तरीका है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी (हिंदी में) ट्वीट किया और कहा: राहुल गांधी की आवाज को दबाने के लिए भयभीत शक्तियां सभी हथकंडे अपना रही हैं, लेकिन मेरे भाई कभी नहीं डरे।

## पत्रकारिता — डिजिटल युग में फर्जी खबरें पैदा कर सकती हैं तनाव

# जिम्मेदार पत्रकारिता भविष्य को बनाती है बेहतर

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने द इंडियन एक्सप्रेस समूह के रामनाथ गोयनका पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि डिजिटल युग में फर्जी खबरें कई समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकती हैं और इससे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पत्रकारिता एक इंजन की तरह लोकतंत्र को बेहतर भविष्य की ओर ले जाती है।

द इंडियन एक्सप्रेस समूह के संस्थापक रामनाथ गोयनका को याद करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने आपातकाल के दौर की उनकी निडर पत्रकारिता की चर्चा की।

> सक्रिय और स्वस्थ लोकतंत्र एक संस्थान के तौर पर हमेशा पत्रकारिता के विकास को प्रोत्साहित करता है जो संस्थाओं से कड़े सवाल पूछ सके या ह्रसत्ता के सामने सच्चाई कह सके

उन्होंने बताया: मुझसे हाल ही में पूछा गया था कि मैं किस पत्रकार को गहरी दिलचस्पी के साथ मानता हूं। मेरे जवाब में किसी न्यूज वाले का नहीं बल्कि एक कार्टूनिस्ट का नाम था। मशहूर दिवंगत कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण का नाम। हालांकि, वे पत्रकार नहीं थे, फिर भी वे सत्ता को आईना दिखाकर पत्रकार के मिशन के मूल को पूरा करने में सफल रहे। उन्होंने आगे कहा: मुझे यकीन है कि भारत का अधिकांश हिस्सा आरके लक्ष्मण के कार्टूनों को तीखा और मजाकिया मानने में मेरे साथ शामिल होगा। वह हर किसी को समान भाव से निशाने पर लेते थे।



### इंजन की तरह काम करती है पत्रकारिता

**जस्टिस** चंद्रचूड़ ने कहा कि लोगों ने इनमें से किसी को भी देखा है वे जानते हैं कि नायक एक पत्रकार है जिसे एक दिन के लिए मुख्यमंत्री की जगह लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ऐसा करने के बाद वह बेतहाशा लोकप्रिय हो जाता है और राजनेता बन जाता है। मुझे आज दर्शकों में कुछ युवा चेहरे दिखाई दे रहे हैं और मुझे आशा है कि युवावस्था में इस फिल्म को देखने के बाद उन्होंने पत्रकारिता नहीं अपनाई होगी! उन्होंने कहा: जिम्मेदार पत्रकारिता इंजन की तरह काम करती है जो लोकतंत्र को बेहतर कल की ओर ले जाती है।

हर कोई उनके कार्टून का विषय होने का जोखिम उठाना चाहता था और जब उनका उपहास किया जाता था, तो ज्यादातर लोग इसे अच्छी भावना से लेते थे। उनके बारे में मेरी पसंदीदा यादों में एक यह है कि ब्रिटेन के प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट डेविड लो के सिग्नेचर करने के स्टाइल को देखकर उन्होंने सोचा कि वास्तव में वे डेविड काउ थे! मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा: मैंने यह भी मजाक में कहा कि मेरा पसंदीदा पत्रकार (बोलने के लिए) हिंदी फिल्म नायक में से एक था, जो तमिल फिल्म मुधलवन की रीमेक थी।

# अमेरिकी सरकार ने वीजा नियमों में किया बदलाव

### अमेरिका में बिजनेस या टूरिस्ट वीजा (बी-1या बी-2) पर जाइए, नौकरी के लिए अप्लाई कीजिए

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अमेरिकी सरकार ने वीजा नियमों में बदलाव कर दिया, जिसका लाभ भारतीयों का ज्यादा मिलेगा। उसकी एक फेडरल एजेंसी ने जो नियम बदला है उसके अनुसार अमेरिका में बिजनेस या टूरिस्ट वीजा (बी-1या बी-2) पर जाइए, नौकरी के लिए अप्लाई कीजिए। साक्षात्कार भी दीजिए। फेडरल एजेंसी ने कहा कि बिजनेस और टूरिस्ट वीजा पर अमेरिका जाने वाला व्यक्ति नई नौकरियों के लिए आवेदन कर सकता है और साक्षात्कार भी उपस्थित हो सकता है। लेकिन फेडरल एजेंसी ने यह भी कहा कि अमेरिका जाने वाले लोगों को इस बात भी ध्यान रखना होगा कि नई नौकरी शुरू करने से पहले वे अपने वीजा को बदलवा लें।

यूएस सिटीजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज सिलसिलेवार ट्वीट्स में कहा कि जब नॉन-इमिग्रेंट वर्कर्स को नौकरी से निकाला जाता है तो आमतौर पर उन्हें अपने अधिकारों के बारे में नहीं पता होता है। वहीं कुछ मामलों में वह गलत तरीके से मान लेते हैं कि 60 दिनों के अंदर देश छोड़ने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं है। क्योंकि नौकरी खत्म होने के दिन के अगले दिन से 60 दिन तक का ग्रेस पीरियड मिलता है। जब एक नॉन इमिग्रेंट कर्मचारी की नौकरी उसकी इच्छा से या ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# बिरंची नारायण ने कृषि विभाग में योजनाओं पर खर्च का मामला उठाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा में गुरुवार को भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सदन में कृषि विभाग की ओर से संचालित कुल 76 स्कीम में 53 योजनाओं पर शून्य खर्च का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की 21 योजनाओं, पशुपालन की 17, गव्य विकास की 08 और मत्स्य विभाग की सात योजनाओं पर इस वर्ष कोई राशि खर्च नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जब राशि खर्च नहीं हुई तो सरकार ने क्या कार्रवाई की। सरकार तो निकम्मी है ही, मंत्री और अधिकारी भी निकम्मे हैं। उन्होंने कहा कि राशि खर्च नहीं होने के लिए कौन जिम्मेवार है। विभाग नहीं चल रहा है तो मंत्रिपद छोड़ दीजिए। जवाब में मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि प्रभाग की कुल 22 राज्य योजनाओं में से मात्र चार योजनाओं में व्यय शून्य है। 11 केंद्र प्रायोजित योजनाओं में से छह योजनाओं में भारत सरकार से राशि अप्राप्त है। इस वजह से खर्च



शून्य है। उन्होंने कहा कि सदस्य राजनीतिक बयान नहीं दें। यदि अधिकारी लापरवाह हैं तो उसका पुख्ता सबूत दें। सरकार जांच कराकर कार्रवाई करेगी। दोपहर 12: 30 बजे दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला समेत कई अन्य विधायक अपनी-अपनी जगह पर खड़े हो गए। इस दौरान विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि एक ऐसा परिवार जिसने लोकतंत्र को मजबूत किया उस परिवार के लोगों को परेशान किया जा रहा है। राहुल गांधी की हत्या की जा रही है। कांग्रेस विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। इधर, भाजपा विधायक सदन में राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। भाजपा विधायक भी वेल में आकर हंगामा करने लगे। मंत्री और झामुमो विधायक भी वेल में आकर हंगामा करने लगे। मुख्यमंत्री को छोड़कर सभी मंत्री वेल में आ गए थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने पर कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने क्या झूठ कहा है? क्या नीरव मोदी चोर नहीं है, ललित मोदी भगोड़ा नहीं है? सच तो यह है कि प्रधानमंत्री को अपने खिलाफ एक भी बात सुनने की सहनशीलता नहीं है। दीपिका ने कहा कि देश में करप्शन कर उनके जो कॉरपोरेट साथी हैं वो आमजनों का पैसा लेकर बार-बार देश छोड़कर बाहर जा रहे हैं। राहुल गांधी ने हमेशा सच कहा है और सच के साथ खड़े रहेंगे। राहुल गांधी के खिलाफ केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है।

## ढुल्लु महतो ने अवैध खनन में मौत का मामला उठाया



रांची। झारखंड विधानसभा में गुरुवार को धनबाद में अवैध खनन से चार लोगों की मौत और छह लोगों के घायल होने का मामला गूंजा। धनबाद जिले के बाघमारा विधायक ढुल्लु महतो ने इस मामले को विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में 10 लोगों की मौत हुई है। मामला धनबाद जिले में तेतुलमारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह स्थित बीएस माइनिंग आउट सोर्सिंग की उत्खनन परियोजना का है। ढुल्लु महतो ने कहा कि धनबाद में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। अगर सदन चाहे तो इस संबंध में वह सबूत भी पेश कर सकते हैं। वे तस्वीरें और वीडियो भी दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आखिर कब प्रशासन अवैध खनन रोकेगा। बीसीसीएल के अधिकारियों पर भी केस होना चाहिए। ढुल्लु महतो ने कहा कि चार नहीं दस की संख्या में लोग मरे हैं। सरकार कितने लोगों की जान लेगी। कोयला चोरी कौन करा रहा है। मैं इस मामले में सरकार से जवाब चाहता हूं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार सुबह बीसीसीएल कतरास क्षेत्र में संचालित भूमि आउटसोर्सिंग के पैच में अवैध खनन के दौरान चार लोगों की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हैं।

## आजसू विधायकों का विधानसभा के मुख्य द्वार पर धरना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
**रांची।** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को सत्र शुरू होने से पहले आजसू विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो और सुनीता चौधरी ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर धरना दिया। दोनों ने कुर्मी-कुड़मी को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग दोहरायी। आजसू विधायकों ने सात जिलों में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने का विरोध किया और राज्य में स्थानीय और नियोजन नीति को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की। विधायकों ने कहा कि राज्य के युवा अपने आप को छला हुआ महसूस कर रहे हैं। यह सरकार पिछड़ी जाति के लोगों के साथ अन्याय कर रही है। बरही




विधायक उमाशंकर अकेला ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर शहादत दिवस पर भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उमाशंकर अकेला पीली पगड़ी और भगत सिंह के चित्र वाली टी-शर्ट पहने नजर आये। इसके अलावा मंत्री मिथिलेश ठाकुर, भाजपा के सचेतक अनंत ओझा समेत कई विधायकों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उमाशंकर अकेला ने कहा कि भगत सिंह की शहादत पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। उन्होंने अपने शहादत से पहले ही कह दिया था कि जब देश आजाद होगा तो ऐसा ना हो कि गोरे अंग्रेज के बजाय काले अंग्रेज राज करें।

# राहुल को सजा सुनाने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को गुजरात प्रदेश के सूरत कोर्ट द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के फैसले को भाजपा का षड़यंत्र मानते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरूवार को राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया गया। विरोध मार्च का नेतृत्व करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि भाजपा ने देश की संवैधानिक संस्थाओं को हाईजैक कर लिया है। भाजपा द्वारा उसका जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। श्री सहाय ने कहा कि देश की जनता सब देख




रही है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपानीत सरकार द्वारा चुन-चुन कर कांग्रेसी नेताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा है। गैर-भाजपा शासित राज्यों में येन-केन-प्रकारेण सरकार को अस्थिर करने की साजिश में भाजपा जुटी है। देश की सर्वोच्च पंचायत संसद में भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। जनहित के ज्वलंत मुद्दों को दरकिनार कर भाजपा द्वारा संसद की कार्यवाही बाधित की जा रही है। भाजपा का एकमात्र एजेंडा गैर-भाजपाई नेताओं को टारगेट कर उन्हें प्रताड़ित करना रह गया है। श्री सहाय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनसहयोग से भाजपा के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करेगी। विरोध मार्च में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विनय सिन्हा दीपू, राजीव रंजन प्रसाद, रविंद्र सिंह, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा सहित काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

## छात्रा का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

**बुढ़मू।** राम कृष्णा अकादमी विद्यालय बुढ़मू के 6 क्लास की छात्रा मिनाक्षी कुमारी (12) वर्ष का आकस्मिक निधन हो गई है। जानकारी के अनुसार मिनाक्षी कुमारी मुरगी गांव की रहने वाली थी।, और उसकी आकस्मिक निधन होने से परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल है। वही परिवार वालों में मातम पसरा हुआ है। परिवार वालों ने बताया कि मीनाक्षी कुमारी की तबीयत खराब हो गई थी, और उसका इलाज कराने के लिए रांची के एक अस्पताल में ले गए थे।, इस बीच उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ, और मीनाक्षी कुमारी ने दम तोड़ दिया। उसकी असमायिक निधन की सूचना पाकर राम कृष्णा अकादमी विद्यालय बुढ़मू के निर्देशक विरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, अंशुमान घोष, सहित अन्य लोगों ने मृतक मीनाक्षी कुमारी की घर जाकर माता, पिता और परिवार वालों से मिलकर इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया, और सांत्वना दिया।

## खाटू नरेश का सिंजारा उत्सव कार्यक्रमों धूमधाम से आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का सिंजारा उत्सव विविध कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से आयोजित किया। गुरुवार दोपहर 12:30 के पूर्व भोग व शंख आरती के बाद मंदिर के पट बंद करके सिंजारा उत्सव की तैयारी प्रारंभ की गई। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर में भी आज सिंजारा उत्सव मनाया गया। खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। ज्ञातव्य है कि भौमवती अमावस्या के बाद वर्ष के प्रथम नवरात्रि के दूसरे दिन सिंजरा उत्सव मनाया जाता है। नवीन बागा पहनाकर खाटू नरेश का लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसी दल की मोटी मोटी मालाओं से सजाया



गया। गुलाब रूह से बाबा श्याम का मसाज किया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा एव मंदिर के आचार्यों ने बाबा श्याम को सजाया। इस अवसर पर खाटू नरेश को मंदिर में निर्मित विभिन्न मिष्ठान नमकीन पंचमेवा विभिन फलों का भोग चढ़ाया गया। श्रेष्ठ भोलाराम सावरमल नारसरिया ने पंचमेवा , सुभाष रौनक पोद्दार ने मिष्ठान व मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने विभिन्न फलों संतोष पोद्दार ने काजू मेवा प्रसाद की सेवा निवेदित की। संपूर्ण रूप से श्रींगारित श्री श्याम दरबार से जब परदा हटाया गया तो खाटू नरेश के जय जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। भक्तजन भाव विभोर होकर खाटू नरेश को निहार रहे थे। दर्शन करने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया अनिल नारनोली पंकज गाड़ोदिया रौनक पोद्दार संजय सराफ रतन शर्मा श्यामसुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने अपना योगदान दिया। शनिवार को 55 वा भंडारा श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा शनिवार 25 मार्च को हरमू रोड के श्याम मंदिर में साय 5:00 बजे से 55 वा श्री श्याम भंडारा होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्त जनों से श्री श्याम भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने का अनुरोध किया।

# सलीमा टेटे को एशिया महादेश का एथलीट् अंबेसेडर बनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
टोक्यो ओलंपिक सहित कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य सलीमा टेटे को एशिया हॉकी महासंघ ने 25मार्च 2023से 25मार्च 2025तक ले लिए एशिया महादेश का एथेलेटिस अम्बासेदार बनाया है। एशियन हॉकी फेडरेशन के एथलीट एंबेसडर के रूप में वह एथलीटों के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व, विकास में एक विभेष नेतृत्व कर्ता की भूमिका निभायेगी।और एथलीटों के अधिकारों और एथलीटों के कल्याण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देगी। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्ग्रत बरकिछापर गांव की रहने वाली है।विगत 2016में जूनियर भारतीय महिला टीम से शुरूवात करते हुए अब टोक्यो ओलंपिक,विश्व कप, कोमोनवेल्थ गेम्स सहित कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच में भारत की प्रतिनिधित्व कर रही है। झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को एशिया महादेश का एथलीट एंबेसडर बनाना झारखंड सहित समस्त भारतीय खिलाड़ियों के लिए बहुत ही गौरव की बात। सलीम टेटे के इस उपलब्धि मिलते समय हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष




भोलानाथ सिंह जो अभी कोरिया में सलीमा टेटे के साथ ही अल्त्रञ्के कांग्रेस में सामिल है।सलीमा टेटे की इस बड़ी उपलब्धि पर हॉकी झारखंड ,झारखंड सरकार खेल विभाग और रांची रेलवे के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## मोशन एजुकेशन स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 27 तक

**रांची।** मोशन एजुकेशन की ओर से कोटा में जेईई, नीट और कक्षा 6-9 के साथ विभिन्न ओलंपियाड की निःशुल्क कोचिंग के लिए 28 मार्च को लॉटरी निकली जाएगी। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि प्रतिभावान बच्चों को उनके बोर्ड में प्राप्त अंकों और मोशन टैलेंट सर्च परीक्षा के आधार पर करोड़ों की स्कॉलरशिप दी जाती है। इसके अलावा हर साल लॉटरी निकालकर शिक्षा जगत की अनूठी स्कॉलरशिप भी दी जाती है। इसके लिए कोई भी बच्चा आवेदन कर सकता है। मोशन एजुकेशन के यूट्यूब चैनल और वेबसाइट पर ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरना होगा। 27 मार्च अंतिम तिथि है। 28 मार्च को शाम 5 बजे लॉटरी निकाली जाएगी। सीईओ ने बताया कि मोशन के यू-ट्यूब चैनल्स की कमाई से स्कॉलशिप दी जाती है। करीब 140 से अधिक बच्चों को स्कॉलरशिप दी जानी है।

# डीपीएस युवाओं को एक जिम्मेदार व्यक्ति बनाने में सक्षम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। दिल्ली पब्लिक स्कूल राँची ने स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए दिनांक 23 मार्च 2023 को एप्टीट्यूड टेस्ट (सत्र 2023 - 24) आयोजित किया। देशभर से 3000 से अधिक विद्यार्थीगण इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। इससे पहले, आवेदकों को स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा पैटर्न, परीक्षा की समय अवधि, विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी की परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम के बारे में सभी जानकारी मिल गई थी। इसके अलावा, स्कूल ने विवेकानंद सभागार में ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थीगण के अभिभावकों के लिए पेरेंट्स इंटरैक्टिव सेशन का भी आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने की। दिल्ली पब्लिक



स्कूल के सिद्धांत सर्विस बिफोर सेल्फ का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, डीपीएस रांची अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है जो युवाओं को एक जिम्मेदार व्यक्ति बनने में सक्षम बनाता है ताकि वह अपने अभिभावक, शिक्षक और राष्ट्र की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए लगातार कड़ी मेहनत करें। प्राचार्य ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे छात्रों द्वारा दिखाई जा रही रुचि और कैरियर को हमेशा समर्थन करे एवं उसे बढ़ावा दें। उन्होंने एक व्यक्ति के जीवन को आकार देने में स्कूल के महत्व पर भी प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों के जीवन में स्किल्स, ह्यूमन वैल्यूज एवं चरित्र निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को भी साझा किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा विद्यालय की शिक्षण प्रणाली, विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी, कैरियर ऑप्शन इत्यादि से संबंधित कई सवाल पूछे गए, जिसका उत्तर प्राचार्य महोदय ने स्पष्टता से दिया। कार्यक्रम के दौरान पीपीटी प्रस्तुति दी गई जिसमें सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं एवं विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिलास्तर की प्रतियोगिताओं में डीपीएस राँची के विद्यार्थयों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को दिखाया गया ।

## रामनवमी पर मेले का होगा आयोजन



**बुढ़मू।** बुढ़मू तथा कांके प्रखंड के सीमांत में अवस्थित ऐतिहासिक धोड़धोड़ा धाम में रामनवमी के छठी महोत्सव के अवसर पर 4 अप्रैल को अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल समेत अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। मेला की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया है। जिसमे अध्यक्ष सीटू मुंडा, सचिव जगरनाथ महतो, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो चुने गए हैं। मौके पर बरौदी, काटमकुली, केवटिया, बंसरी, उरूगुट्ट समेत अन्य गांवों के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

**सुधार** ई कल्याण पोर्टल में सुधार की मांगों लेकर आजसू ने की तालाबंदी

# समस्याओं में सुधार नहीं तो होगा आन्दोलन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गुरुवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय अध्यक्ष रित्विक राज एवं प्रेम कुमार के नेतृत्व विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी किया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों इसी समस्या को लेकर छात्र आजसू के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के छात्र संकाय कल्याण अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा था एवम इन समस्याओं को जल्द से जल्द सुधार करने का आग्रह करते हुए विश्वविद्यालय के छात्र संकाय कल्याण अध्यक्ष को कहा था कि 2 दिनों के अंदर इन समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्र हित में आंदोलन करेगी। लेकिन 48 घंटे बीत जाने




के बाद भी विश्वविद्यालय की तरफ से कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे छात्रों में काफी रोष था और आज विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के बैनर तले विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी किया।मौके पर विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा ने विश्वविद्यालय प्रशासन से कहा की छात्रवृति के लिए आवेदन वैसे छात्र छात्राएं जो गरीब, पिछड़े, और आर्थिक रूप से कमजोर होते है। और विश्वविद्यालय प्रशासन लापरवाही के कारण इन सभी छात्र-छात्राओं को छात्रवृति नही मिल पाता है और छात्रों के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है जिससे वो विश्वविद्यालय में अपनी फि जमा नहीं कर पाते है साथ ही उन्हें कई तरह की परिशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही से पूर्व में भी छात्र छात्राओं को परेशानी हुई है।
मौके पर छात्र संकाय कल्याण अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं के सामने ही कल्याण विभाग से बात कर सभी समस्याओं का समाधान करवाया गया जिसके बाद आजसू के सदस्यों ने ताला खोल कर धरना समाप्त किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगत मुरारी रोहित, हिमांशु, आयुषी कुमारी, अंशु कुमारी, स्वाति, वर्षा, मुकेश, मंजीत, शुशील, विशाल, असफाख, सूर्या,रिशु, हरिओम, रितिक, पंकज, उदय, अमर, आर्यन आदि छात्र उपस्थित थे।

## महावीर जयंती पर रांची दौड़ेगी विश्व शांति और अहिंसा के लिए

**रांची।** 2 अप्रैल 2023 को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेर्नाइजेशन( जीतो ) महिला शाखा, सम्पूर्ण भारतवर्ष के 65 चैप्टर्स के द्वारा अहिंसा रन का एक भव्य आयोजन कर रही है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रांची जीतो महिला शाखा,जीतो मेन तथा जीतो यूथ के सहयोग के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। इस आयोजन में भारतवर्ष ही नहीं बल्कि विश्व भर के 23 देश , जीतो के 65 चैप्टर्स एक साथ एक ही समय पर मैराथन (रन) स्टार्ट करेंगे। भारतवर्ष से इस आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर कराया गयाहै। यह रन भले ही जीतो महिलाएं आयोजित कर रही हो, पर ये संपूर्ण मानवता और विश्व शांति के लिए है। हम इसमे प्रभु महावीर के द्वारा दिये गए अहिंसा के वचनो को और शांति को प्रोत्साहित कर रहे है।

## शकीला खातून के खिलाफ कार्रवाई, लाइसेंस रद्द

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची द्वारा शकीला खातून, जन वितरण प्रणाली दुकानदार अनुज्ञप्ति संख्या-24 /2017, वार्ड संख्या 09, बरियातु जोड़ा तालाब, अनुभाजन क्षेत्र, राँची का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। शकीला खातून, जन वितरण प्रणाली दुकानदार के विरूद्ध गैर प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा दुकान का संचालन करने, झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश - 2022 के अध्याय IV के कंडिका-20 के उपकंडिका- (i), एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की संसुगत धाराओं के उल्लघन के आलोक में निलंबित करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। जिसके आलोक में शकीला खातून द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण का उत्तर भ्रामक एवं गैर जिम्मेदाराना पाया गया। जांच में पाया गया कि शकीला खातून, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति सं०-24/2017 द्वारा गलत तरीके से शपथ पत्र के माध्यम अन्य कोई दुकान नहीं होने का लिखित समर्पित किया गया था, जबकि उनके परिवार में अन्य दो जन वितरण प्रणाली की दुकानें संचालित हैं। साथ ही उनके भाई इरशाद हुसैन द्वारा गैर प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा दुकान का संचालन एवं संरक्षण किया जाता है एवं उनके निजी मकान में दुकान का संचालन किया जाता है, जो अप्राधिकृत है। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं पणन पदाधिकारी के संयुक्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर शकीला खातून जन वितरण प्रणाली दुकानदार अनुज्ञप्ति सं0-24 / 2017. बार्ड सं0-09, बरियातु जोड़ा तालाब, अनुभाजन क्षेत्र, राँची की अनुज्ञप्ति सं0-24 / 2017 को रद्द कर दिया गया है।

# वाईबीएन विवि में सरहुल पर कई कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रागण में क्षेत्रीय लोक गीत एवं नृत्य के साथ सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को हुआ। विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रकृति पर्व सरहुल को विश्वविद्यालय परिवार के द्वारा उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर सह चेयरमैन रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी .यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे सहित विश्वविद्यालय के सभी संकाय के डीन, एचओडी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रुप से उपस्थित थे। सरहुल पूजा के उपरात सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां विश्वविद्यालय के छात्रों ने सरहुल पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वाईबीएन विश्वविद्यालय कैंपस में प्रो-चांसलर सह चेयरमैन रामजी यादव एवं कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी .यादव के द्वारा पौधारोपण किया गया ' पौधारोपण में विशेष योगदान एनएसएस को ऑर्डिनेटर इ० कौशल किशोर, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अर्पणा शर्मा, एनएसएस मेंबर्स का रहा। वाईबीएन कालेज फॉर टीचर एजुकेशन में भी सरहुल पर्व माना गया। इसमें बी एड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने सरहुल पर्व के बारे में बताया,छात्रों द्वारा रैली भी निकाली गई,नाच गान भी किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव ने सरहुल की महत्ता पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा सखुआ का पत्ता जीवन से मरन तक इस्तेमाल होता है और सरहुल में इस वृक्ष की पूजा होती है। सरहुल की महत्ता केवल झारखंड भर नहीं रहा और पूरे विश्व पटल पर इस पर्व को मनाया जाने लगा है। यह हमलोगों के निश्चिंतता का विषय है कि आदिवासी समाज प्रकृति की पूजा करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार ने कहा कि समाज में प्रकृति की पूजा सदियों से होती आ रही है। सरहुल झारखंड का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्यौहार है। वास्तव में जनजातीय समाज की गौरवशाली प्राकृतिक धरोहर का नाम सरहुल है जो हमारी सभ्यता, संस्कृति और पर्यावरण की महत्वपूर्ण रीढ़ है। सरहुल पर्व के अनुष्ठान में प्रकृति प्रदत्त नए फूल-पत्तियों को अर्पित करते हुए इश्वरी शक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित करने की परंपरा है।

# हिंदू नववर्ष के आगमन पर गोष्ठी का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् 'राँची के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन लालपुर स्थित होटल सिटी पैलेस में किया गया। गोष्ठी का संचालन गणेश वंदना से आरंभ करते हुए, नीता शेखर ने कहा मां तेरा वैभव अमर रहे,हम दिन चार रहें न रहें। उसके पश्चात सुनीता अग्रवाल द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। नवरात्रि के प्रथम दिवस पर सुंदर भक्तिभाव से युक्त माता रानी का भजन व नववर्ष के संकल्पों से सजी सुंदर रचनाओं का पाठ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत कर्ण ने की। मुख्य अतिथि कामेश्वर कुमार कामेश,विशिष्ट अतिथि राकेश रमण ने अपने बहुमूल्य वचनों से हिंदू नववर्ष के महत्व को समझाते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर निर्मला कर्ण,करूणा सिंह,प्रतिमा त्रिपाठी , रिम्मी वर्मा,मधुमिता साह, सुनीता अग्रवाल, नीता शेखर, अंबेश चौबे आदि ने अपना काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन रांची ईकाई की अध्यक्ष मनीषा सहाय सुमन ने किया।

## अदालत की खबरें

### ईडी कोर्ट में हाजिर हुई सशरीर पूजा सिंघल

**रांची।** मनी लांड्रिंग केस में आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर हाजिर हुई। इस दौरान खूंटी जिले से जुड़े मनरेगा घोटाला केस में पूजा सिंघल की ओर दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। दोनों ओर से हुई बहस के बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 25 मार्च की तिथि निर्धारित की है। उस दिन भी डिस्चार्ज पिटीशन पर बहस होगी। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी और विक्रांत सिन्हा ने पक्ष रखा। ईडी की ओर से अधिवक्ता आतिश कुमार ने बहस की।

### अशोक विहार के 23 मकान मालिकों को राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत से गुरुवार को अशोक विहार के 23 मकान मालिकों को राहत मिली है। हाई कोर्ट ने शिड्यूल एरिया रेगुलेटरी (एसएआर) कोर्ट द्वारा जगह खाली करने के आदेश पर रोक लगा दी है। मामले में दोनों प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया गया है। सीएनटी एक्ट के उल्लंघन के मामले में एसएआर कोर्ट ने जगह खाली करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ अशोक विहार हाउसिंग सोसाइटी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में वर्ष 1944 में रैयतों से जमीन हस्तांतरण की बात कही गई है।

### व्यवसायी राम स्वरूप रुंगटा को अग्रिम जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में गुरुवार को झारखंड के बड़े व्यवसायी राम स्वरूप रुंगटा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है।

# पर्व सौहार्दपूण मनाने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

श्री सनातन महापंचायत ने रांची सहित राज्यभर के लोगों को बिना किसी भय के पूरे उत्साह जोश के साथ सरहूल-रामनवमी और चैती नवरात्रि मनाने की अपील की है। महापंचायत के अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने गुरुवार को दिगंबर जैन भवन में पत्रकार वार्ता में कहा कि यह एक संयोग है कि अभी एक साथ हिंदू नव वर्ष, सरहूल, रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। त्योहार का आनंद किसी भी प्रतिबंध जटिल के दायरे में मनाना आनंददायक नहीं हो सकता है। हर कोई उत्साह उमंग ऊर्जा के साथ इसे मनाना चाहते हैं। ओझा ने कहा कि रांची सहित सभी लाइसेंस धारी अखाड़ों से अपील है कि वह इस तरह के अनुशासित तरीके से



रामनवमी और दूसरे त्योहार को आनंद ले ताकि अगली पीढ़ी भी इसे सीखे। उन्होंने कहा कि इस दौरान डीजे भी बजाएं लेकिन निर्धारित समय तक ही बजाएं। ओझा ने कहा कि श्री महावीर मंडल 1929 में स्थापित हुआ था 2028 में 100 वर्ष हो रहा है। रामनवमी जुलूस को राज्यभर की लोग देखने आते हैं। रांची की जनता खुशियां मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। अभी रांची में लाइसेंस धारी 90 अखाड़े हैं। 24 मार्च को सरहुल का जुलूस रांची में निकलेगा। इसके लिए सनातन महापंचायत फिरायला लाल चौक पर न सिर्फ उसे उत्साहवर्धन करेगा, बल्कि नाचेंगे और झूमेंगे। इसके जरिए राज्य की समृद्धि संस्कृति का संदेश और मजबूत होगा । पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से श्री सनातन महापंचायत के संयोजक मंडल के अशोक पुरोहित, संजय मिनोचा, संजय कुमार जायसवाल ,शशांक राज, संजय महतो, रामबालक तिवारी, श्याम चौधरी, मणिकांत राव, रामाशंकर तिवारी, शुभम जयसवाल, तरुण कुमार जायसवाल सहित अखाड़ों के लोग उपस्थित थे।

## विश्व मौसम दिवस पर तोरपा में जागरुकता कार्यक्रम

**रांची।** कृषि विज्ञान केन्द्र खूंटी और राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विश्व मौसम दिवस पर जागरुकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को मौसम आधारित खेती के लिए प्रेरित करना और खूंटी जिले में संचालित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना से अवगत कराना था। मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक प्रभाव कृषि पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि ही है। ऐसे में जीवाश्म ईंधन के दोहन और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण जलवायु परिवर्तन की गम्भीर समस्या उत्पन्न हुई है।

# राशन कार्ड बनाने में अवैध वसूली से रहे सावधान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची द्वारा राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने, नाम सुधार करने, डीलर बदलने, जैसे कार्यों के एवज में राशि की वसूली की शिकायतों को लेकर नोटिस जारी किया है। राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने, नाम सुधार करने जैसे कार्यों को लेकर अक्सर आम नागरिक जानकारी के अभाव में प्रज्ञा केन्द्र संचालकों द्वारा ठगे जाते हैं, कि उक्त कार्य उनके द्वारा कराया गया है और इस एवज में राशि की वसूली करते हैं। ज्ञातव्य हो कि उक्त सभी काम ऑनलाईन किये जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन करते ही आवेदन दिया जाता है। इरड द्वारा सत्यापन करते ही आवेदन ऊरड छर्ड्डल्ल में चला आता है एवं राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने, आधार बदलने के अलावे शेष सभी ऑनलाईन आवेदन अविलम्ब ऊरड छर्ड्डल्ल से पास कर दिये जाते हैं। प्रज्ञा केन्द्र संचालकों का कार्य आम नागरिकों की सुविधा हेतु ऑनलाईन आवेदन करना है। प्रज्ञा केन्द्र संचालक केवल ऑनलाईन आवेदन का शुल्क मात्र ले सकते हैं। यदि इसके एवज में कोई अवैध वसूली करता है तो इसकी शिकायत मोबाईल संख्या 09798189436 पर कर सकते हैं। शिकायत के आधार पर अवैध कार्य करने वाले प्रज्ञा केन्द्र संचालकों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



NEWS इन ब्रीफ

### नामकुम पुलिस ने 12 घंटे के अंदर चोरी के आरोपी को पकड़ा,

नामकुम। नामकुम पुलिस ने मौलाना आजाद कॉलोनी घर से चोरी कि घटना को 12 घंटे के अंदर आरोपी के साथ चोरी का समान के बरामद कर लिया है। पुलिस ने जब आरोपी मो0 खालिद पकड़कर थाने में पुछताछ में स्वीकार करते हुए बताया कि उसने चोरी के तीन लाख रुपए नगद अपने घर के पानी टंकी के पास छिपा कर रखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर आरोपी जेल भेज दिया है। वहीं आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी टाटीसिलवे थाना में बकरी चोरी व सदर थाना में बकरी चोरी का अभियुक्त है। वहीं हाल में ह ।वह 25 फरवरी को जेल बाहर आया था। थानेदार सुनील तिवारी ने बताया कि मौलाना आजाद कॉलोनी गली संख्या-13 मो0 आमीन के मकान में किरायेदार मो0 असलम जो कि बकरी का खरीद ब्रिकी का कार्य करता है, जब वह 22 मार्च को संध्या में घर में ताला बंद अपने पूरे परिवार के साथ किसी परिजन गया था, जब वह वापस लौटा तो देखा तो घर में सभी समान बिखरा पड़ा है, घर में रखे नगद तीन लाख रुपए का चोरी हो चूकी थी। छापेमारी सब इंस्पेक्टर रवि केशरी के नेतृत्व में किया गया।

### कन्याओं के महान कर्त्तव्य के कारण कन्या पूजन होता है

**रांची।** चैती नवरात्री के अवसर पर गुरुवार को यहां चौधरी बगान, हरमू रोड, ब्रह्माकुमारी केन्द्र में अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए केन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा भारत के लोग प्रतिपदा से लेकर नवमी तक नवरात्रि पर्व भक्ति भावना से मनाते चले आए हैं। कलश की स्थापना करके अखण्ड दीप जलाते हैं। जागरण, व्रत, उपवास देवियों की पूजा करते हैं। देवियों द्वारा ज्ञान दिए जाने की स्मृति में आज भक्तजन जागरण करते हैं। योग द्वारा आत्मिक प्रकाश किये जाने के कारण अखंड दीप जगाया जाता हैं। कन्याओं के महान कर्त्तव्य के कारण कन्या पूजन होता है। आवाहन करते हुए उन्होंने कहा आज परमात्मा के अनुग्रह से ये देवियाँ चेतन्य रूप में वरदानों व दिव्य ज्ञान से हमारी झोलियाँ भर रहीं हैं। सृष्टि चक्र में एक ही बार ऐसा अद्भुत दृश्य उपस्थित होता है जब हमारी सर्व मनोकामनायें उनके द्वारा पूरी होती है। माया पर विजय प्राप्त करके देवियों ने विश्व का चक्रवर्ती राज्य श्री लक्ष्मी का पद प्राप्त किया था।

अतः हम सब को भी राजयोग की साधना व गहन तपस्या करके माया पर विजय प्राप्त करनी चाहिए।

# जनहित में सर्वश्रेष्ठ योगदान दूंगा



**दुमका।** राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने दुमका स्थित दिसोम माँझी थान जाकर पूजा-अर्चना की तथा सभी राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व वहाँ पहुंचने पर उनका स्थानीय युवतियों व लोक-कलाकारों द्वारा पारम्परिक नृत्य से स्वागत किया गया। राज्यपाल ने वहाँ उपस्थित स्थानीय लोगों से कहा कि राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें झारखण्ड राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया और मेरा पूर्ण प्रयास है कि राज्य के विकास एवं जनहित में सर्वश्रेष्ठ योगदान दूँ। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लगातार प्रयास करने से ही सफलता मिलती है, इसके लिए आत्मविश्वास बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संताल क्षेत्र का समृद्ध व गौरवशाली इतिहास है और विश्वास है कि पूरे देश में यह अत्यंत ही विकसित क्षेत्र बनेगा। इस अवसर पर एस. पी. महिला महाविद्यालय, दुमका की छात्राओं द्वारा छात्रावास में रसोईया एवं गार्ड के नहीं उपलब्ध होने की समस्याओं से अवगत कराया। राज्यपाल द्वारा उपायुक्त, दुमका से वार्ता कर उनकी इन समस्याओं के निदान हेतु आश्वस्त किया गया।

दुमका के सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उदघाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगीत प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। राज्यपाल ने मौके पर 54 टापर्स और एक बेस्ट ग्रेजुएट को गोल्ड मेडल तथा 56 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। राज्यपाल ने इस अवसर विश्वविद्यालय परिवार और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह हम सबके लिए बहुत अच्छा अवसर है। हमें ऐसे भारत का निर्माण करना है, जो वैश्विक बिरादरी में ऊंचा स्थान रखता हो। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी क्षेत्र में सुपर पावर बनेगा और इसमें विश्वविद्यालयों की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों से इस दिशा अपनी सकारात्मक भूमिका सुनिश्चित करने की अपील की।

### युवाओं पर लाठीचार्ज बेहद निंदनीयः राजेश

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन द्वारा विधानसभा घेराव कार्यक्रम में पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसकी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा निंदा करता है। सभी छात्र झारखंडी हित में नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे ये बातें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि युवाओं का नियोजन नहीं हो रहा है, सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है, तथा कई जिलों में ओबीसी के आरक्षण में कटौती भी की गई है। जिससे जनता और सूबे के युवाओं का विश्वास डगमगा गया है। सरकार छात्रों एवं सामाजिक संगठनों की मांगों पर कोई संज्ञान नहीं ले रही है। सरकार को विभिन्न सामाजिक संगठनों की मांगों पर ध्यान देकर उन समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्रवाई करनी चाहिए नहीं तो यह आंदोलन और भी उग्र हो सकता है। राजेश गुप्ता ने दिनकर जी की पंक्तियों को याद करते हुए कहा कि सरकार को चेतावनी है।

# महिला वर्ग में हॉकी बंगाल ने असम हॉकी को 2-1 हराया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हॉकी झारखंड और जिला प्रशासन खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में खुंटी के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बिरसा कॉलेज कैंपस में 19से 26 मार्च तक आयोजित प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर महिला एवं जूनियर पुरुष पूर्वी क्षेत्र हॉकी चैंपियनशिप 2023 को गुरुवार को पांचवें दिन महिला वर्ग का तीन मैच और पुरुष वर्ग में 02 मैच खेले गए। महिला वर्ग में हॉकी बंगाल ने असम हॉकी को 2-1 से पराजित किए, हॉकी बंगाल की बरसा मंडल को, प्लेयर ऑफ द मैच। हॉकी एसोसिशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी झारखंड को 3-1 से, पराजित की जिसमे ओडिसा की मुनमुनी दास को, प्लेयर ऑफ द मैच ,हॉकी मिजोरम ने हॉकी बिहार को 9=0से पराजित की जिसमे मिजोरम प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पुरुष वर्ग में हॉकी एसोसिएशन ऑफ उड़ीसा ने हॉकी बंगाल को 10=0से पराजित किया जिसमें ओडिसा के अदरोहित एक्का को, प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया तथा आज के अंतिम मैच में हॉकी झारखंड के असम हॉकी को 10-0 से पराजित किया जिसमें झारखंड के एडिशन मिंज को, प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में हॉकी झारखंड और जिला प्रशासन खूंटी के सभी पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शकर सिंह, सीईओ रजनीस कुमार,उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, नरेंद्र कुमार सिंह,हॉकी खूंटी के अध्यक्ष अशोक भगत,सचिव दशरथ महतो, अर्पना हंस,परमानंद कुमार,सुनील नायक ,शुशील टोपनो,जुनास मुंडा , विश्वाशी पूर्ति,सहित हॉकी खूंटी की पूरी टीम उत्साह से लगे हुए है।

# मुखिया का पति निकला अफीम तस्कर, एटीएस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एटीएस की टीम ने अफीम तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस ने कार्रवाई करते हुए तीन अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से 8 ।57 लाख नगद और दस केजी अफीम पॉउडर बरामद किया गया है। बराबर अफीम की कीमत बाजार में 16 लाख बताई गई है। झारखंड एटीएस टीम को यह सूचना मिली थी कि बूटी मोड से लेकर बीआईटी मेसरा वाले इलाके में अफीम पाउडर की एक बड़ी डील होने वाली है।जानकारी यह भी मिली कि चतरा से कुछ अफीम तस्कर रांची में डेरा जमाए हुए हैं जिन्हें नामकुम के किसी व्यक्ति के




द्वारा अफीम सप्लाई होना है। सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने बूटी मोड़ स्थित मनन विद्या स्कूल के पास नजर रखनी शुरू की क्योंकि वहीं पर अफीम पाउडर की डिल होना तय हुआ था। एटीएस को मिली सूचना सही थी ,कुछ ही देर बाद एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति स्कूल के पास स्थित एक खाली मैदान में आ कर खड़े हो गए ,थोड़े ही देर में बाइक से ही एक अन्य व्यक्ति भी झोले में कुछ समान लेकर पहुचा ,तीनो में अभी बातचीत ही शुरू हुई थी कि एटीएस ने पहुंचकर तीनों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान तीनों के पास से नगद पैसे और अफीम बरामद किए गए। जिन तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें रांची का रहने वाला शिवनाथ मुंडा और चतरा के सुदेश कुमार और विकास कुमार शामिल है। शिवनाथ मुंडा रांची की एक महिला मुखिया का पति है। शिवनाथ मुंडा ने पूछताछ में बताया है कि वह पूर्व से ही अफीम की खेती से जुड़ा रहा है जब अफीम तैयार हो जाता है तो वह स्थानीय लोगों से उसे खरीद कर चतरा से आने वाले तस्करों को बेच देता है। उसके बाद चतरा के तस्कर उसे पंजाब और दूसरे राज्यों तक पहुंचाते हैं। एटीएस को दिए बयान में शिवनाथ ने बताया है कि ग्रामीण क्षेत्रों से वह 80 हजार प्रति किलोग्राम की दर से अफीम खरीद कर जमा करता है।

# रामनवमी में 500 सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रामनवमी को लेकर पुलिस विभाग अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी हुई है एक तरफ जहां हर तरफ सुरक्षा के दृष्टिकोण को देखते हुए पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है ,वहीं दूसरी तरफ राम नवमी के अवसर पर सीसीटीवी कैमरे को पुलिस ने अपना अचूक हथियार बनाया है. राजधानी में पहली बार रामनवमी की शोभा यात्रा की निगरानी 500 सीसीटीवी कैमरों की जाएगी।

**खराब कैमरे किए गए ठीक :** सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने के लिए बकायदा पुलिस ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। सभी प्रमुख सड़कें जहां से रामनवमी की शोभायात्रा निकलेगी उन्हें सीसीटीवी कैमरों की जद में ला दिया गया है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि जितने भी



कैमरे खराब पड़े हुए थे उन सभी को जिलों के एसपी ठीक करवा लिया गया है। एक महीने पूर्व ही रामनवमी पर्व को देखते हुए सभी खराब सीसीटीवी कैमरों की लिस्ट हर थाना क्षेत्रों से मंगवा ली गई थी। जिन्हें युद्ध स्तर पर मैकेनिक लगा कर ठीक करवा लिया गया है।

**500 कैमरा से रखी जाएगी निगरानी :** राजधानी रांची में सभी प्रमुख रामनवमी शोभा यात्रा रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से होते हुए तपोवन मंदिर तक पहुंचती है ,सबसे ज्यादा भीड़ अल्बर्ट एक्का चौक पर ही होता है। ऐसे में अल्बर्ट एक्का चौक में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यहां पर पुलिस ड्रोन का भी इस्तेमाल करेगी। रांची के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि सीसीटीवी सुरक्षा के लिए एक बेहतरीन औजार है भीड़ पर नजर रखने के साथ-साथ छोटे स्तर पर होने वाले झगड़े - झंझट अवांछित जमा होने वाली भीड़ को कंट्रोल रूम से देखकर उन पर कार्रवाई की जा सकती है। डीआईजी अनूप बिरथरे के अनुसार रांची की तरह ही खूंटी ,गुमला ,लोहरदगा और सिमडेगा में भी जितने भी उपलब्ध सीसीटीवी कैमरे हैं उनके इस्तेमाल को लेकर तैयारियां की गई है।

# शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए पर्व-त्योहार : डीसी

**नवीन मेल सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ।समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समिति की बैठक में सरहुल, चैती दुगार्पूजा, रामनवमी एवं रमजान त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक के पूर्व सभी त्योहारों में जिला प्रशासन, सिमडेगा के द्वारा बेहतर सहयोग प्रदान करने हेतु रामनवमी प्रबंधक समिति के द्वारा उपायुक्त सिमडेगा को चुनरी एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार को



अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।सरहुल पर्व के अवसर पर सलडेगा सरना स्थल से जुलूस निकाली जाएगी जो प्रिंस चौक, महावीर चौक होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप तक जाएगी।

इसके बाद जुलूस मुख्य पथों से गुजरते हुए पानी टंकी के निकट सरना स्थल पहुंचेगी, यहां पर कार्यक्रम का विधिवत रूप से समापन किया जाएगा, रामनवमी जुलूस एवं सरहुल जुलूस के दौरान बिजली काटने का निर्णय किया गया। उन्होंने आगामी त्योहारों के दौरान निर्बाध पेयजल जलापूर्ति तथा साफ-सफाई करने की दिशा में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, सिमडेगा को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने जुलूस का परिचालन चिन्हित मार्ग के अनुसार ही करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जो पुराने मार्ग है, वहीं जुलूस का परिचालन हो, कोई भी नया मार्ग का चयन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को देखते हुए जुलूस का परिचालन 2:00 से संध्या 6:00 तक निश्चित रूप से समापन कराने का निर्देश दिया। सरहुल एवं रामनवमी त्योहार को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट तथा सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा प्रसारित खबरों पर कड़ाई से निगरानी रखने का निर्देश दिया।

### प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों का जोरदार प्रदर्शन

**गुमला :** विश्व यक्ष्मा दिवस 24 मार्च के मौके पर व्यापक जन जागरूकता के जरिए टीबी के प्रभावी रोकथाम के वास्ते खास मुहिम चलायी जा रही है। इस कड़ी में 24 फरवरी से 24 मार्च तक जागरूकता माह के तहत गुमला के चैनपुर प्रखंड में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्कूली छात्र छात्राओं के बीच टीबी की रोकथाम से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय टोंगो में वर्ग 6 से 9 की छात्राओं के बीच आयोजित रोचक प्रतियोगिता के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को मेडल, शिल्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पथ को दुरुस्त करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में पीडब्ल्यूडी के तहत बने कुरडेग रोड में लुकीबहार होते हुए पिथरा तक सड़क को दुरुस्त कराने की जोरदार तरीके से मांग रखी है। विधायक ने कहा है कि इस सड़क में अब तक ग्रेड - 1 बोल्डर का ही कार्य हुआ है। जो अब काफी जर्जर हो चुकी है। यह सड़क अब आवागमन लायक भी नहीं है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा है कि इस सड़क के जर्जर होने के कारण पिथरा, लुकीबहार, लमकीटोली, बम्हनीनटोली आदि गांव के हजारो ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। उन्होंने सरकार से इस सड़क का निर्माण कराने के सम्बंध में सवाल भी पूछा है। जिसके जवाब में सरकार द्वारा बताया गया कि कुरडेग रोड में लुकीबहार होते हुए पिथरा तक के सड़क को भी विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध में निर्णय लिया जाएगा। विधानसभा सत्र में सरकार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विधायक भूषण बाड़ा द्वारा अनुशंसित कुल 5 पथों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। आने वाले दिनों में विधायक के अनुशंसा पर अन्य सड़कों का भी निर्माण किया जाएगा। इधर विधायक ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर खराब पड़े सभी सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है।

अधिवेशन

## तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन का समापन

# वैज्ञानिक दल ने अधिवेशन में लिया भाग




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईसीएआर, नई दिल्ली एवं विश्व बैंक के सहयोग से नास्क काम्प्लेक्स, नई दिल्ली में आयोजित कृषि में उच्च शिक्षा के लिए ब्लेंडेड लर्निंग इकोसिस्टम विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन का समापन गुरुवार को हुआ। इस कार्यक्रम में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में आईसीएआर - नाहेप कास्ट परियोजना के परियोजना अन्वेंषक डॉ एमएस मल्लिक एवं सह - परियोजना अन्वेंषक डॉ बीके अग्रवाल एवं डॉ शीला बारला ने भाग लिया। इस अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में बीएयू में नाहेप कास्ट परियोजना अधीन शोधरत विभिन्न एकीकृत कृषि प्रणाली पर चल रहे शोध कार्यक्रमों, परियोजना की गतिविधियों एवं प्रकाशित पुस्तकों व बुलेटिन को तीन सदस्यीय बीएयू वैज्ञानिक दल ने प्रदर्शित किया और आगुंतको को अवगत कराया। बीएयू के इस स्टॉल का आईसीएआर उपमहानिदेशक (कृषि शिक्षा) डॉ आरसी अग्रवाल एवं वर्ल्ड बैंक (दक्षिण एशिया) के नाहेप टास्क टीम लीडर डॉ बेक्जोद शम्सिव तथा अधिवेशन में भाग ले रहे देश - विदेश के प्रतिभागियों ने देखा और बीएयू, रांची केंद्र के कार्यों की सराहना की। अधिवेशन के शुभारंभ में केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भारत वर्ष को विकसित देशों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने के प्रयास में कृषि शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। आईसीएआर महानिदेशक एवं डेयर सचिव डॉ. हिमांशु पाठक ने भारतीय कृषि में उच्च कृषि शिक्षा में ब्लेंडेड लर्निंग इकोसिस्टम की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। विश्व बैंक (दक्षिण एशिया) के कृषि प्रबंधक डॉ ओलिवर ब्रैट ने भी भारत के कृषि परिवेश में उच्च कृषि शिक्षा विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचारों को साझा किया।

## किसानों को उन्नत खेती का प्रशिक्षण मिला



रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित चारा फसल अनुसंधान परियोजना के अधीन रांची जिले के चान्हो गांव में चारा फसल की उन्नत खेती पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चान्हो गाँव के करीब 60 पुरुष एवं महिला किसानों ने भाग लिया। मौके पर परियोजना अन्वेंषक (चारा फसल) डॉ योगेन्द्र प्रसाद ने झारखंड में हरा चारा फसल की उन्नत खेती पर किसानों को विस्तार से बतलाया। कहा कि हरा चारा फसल की खेती से पशु प्रबंधन लागत में कमी, पशुओं को पोष्टिक एवं संतुलित आहार से पशुओं का स्वास्थ्य बनाये रखते हुए पशुपालन से बेहतर लाभ लिया जा सकता है। डॉ प्रसाद ने बताया कि झारखंड के करीब 2 प्रतिशत भूमि में ही चारा फसल की खेती होती है। राज्य में पशुओं के लिए 45 प्रतिशत हरे चारे एवं 40 प्रतिशत अनाज आहार की कमी है। चारे के रूप में अनाज वाली फसलों में मक्का, ज्वार, बाजरा, जई, जौ, वहीं दलहनी फसलों में बरसीम, लोबिया, राइसबीन तथा बहुवर्षीय घास में संकर नेपियर, गिनी घास, पैरा घास एवं दीनानाथ घास को लगाकर वार्षिक एवं बहुवार्षिक चारा उत्पादन किया जा सकता है। शस्य वैज्ञानिक (चारा फसल) डॉ बिरेन्द्र कुमार ने बताया कि पशु आहार में हरा चारा के समावेश से पशुओं को उचित मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम, बिटामिन एवं लवण की पूर्ति होती है। जिससे दुधारू पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता एवं गुणवत्ता में बढ़ोतरी के साथ पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है।

# बीएयू के कुलपति ने सरना स्थल में की पूजा अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची से सटे कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित सरना स्थल में गुरुवार को सरना धर्मावलंबियो द्वारा विधिवत तरीके से साफ-सफाई की गयी। हरेक वर्ष की भांति सरना स्थल में पाहान की देखरेख में पुराने सरना झंडा को बदलकर नया सरना झंडा को पारंपरिक विधि-विधान से बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह द्वारा स्थापित किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने विवि के वरिष्ठ सहयोगियों के साथ पूजा अर्चना भी की। अपने संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने प्रकृति पर्व सरहुल को आपसी भाई चारे और सोहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा प्रकृति के बेहद करीब होने की वजह से यह पर्व हमें पेड़-पौधों और प्रकृति मां की पूजा तथा कृषि कार्य का अभ्यास करने का अवसर देती है। मौके पर डॉ जगरनाथ उरांव, डॉ नरेंद्र कुदादा, डॉ बसंत चन्द्र उरांव, डॉ पीआर उराँव, डॉ आरपी मांझी, एचएन दास, दिनेश टोप्पो सहित विवि के छात्र-छात्राएँ भी मौजूद थे। सरहुल पूजा के आयोजन सचिव डॉ बसंत चन्द्र उराँव ने बताया कि बीएयू परिसर स्थित सरना स्थल में शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से सरहुल पर्व मनाया जायेगा। कुलपति डॉ डॉ ओंकार नाथ सिंह इस उत्सव के मुख्य अतिथि होंगे। सरना स्थल पर पारंपरिक विधि-विधान से पाहान द्वारा पुजा की जाएगी।

### जैन आगेर्नाइजेशन का अहिंसा रन दो अप्रैल को आयोजित

**रांची।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आगामी दो अप्रैल को जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेर्नाइजेशन (जीतो) महिला शाखा, सम्पूर्ण भारतवर्ष के 65 चैप्टर्स के द्वारा अहिंसा रन का एक भव्य आयोजन कर रही है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रांची जीतो महिला शाखा, जीतो मेन तथा जीतो यूथ के सहयोग के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। इस आयोजन में भारतवर्ष ही नहीं बल्कि विश्व भर के 23 देश, जीतो के 65 चैप्टर्स एक साथ एक ही समय पर मैराथन (रन) स्टार्ट करेंगे। भारतवर्ष से इस आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर कराया गया है। यह रन ओपन फॉर आल है। इसमें सभी लोग हिस्सा ले सकते हैं। इसमें कोई आयु सीमा नही है। सभी अपना रेजिस्ट्रेशन किलोमीटर की दूरी के अनुसार करवाएंगे। यह रन मोरहाबादी से शुरू होकर कांके होते हुए मोराबादी में ही खत्म होगी। यह रन तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी का रहेगा। जिसका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। रेजिस्ट्रेशन एक न्यूनतम राशि तीन किमी के लिए 300, पांच किमी के लिए 400 और 10 किमी के लिए 500 रुपए रखा गया है।

# बुनियादी शिक्षा के एंडलाइन सर्वे को लेकर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

जिला परिषद कार्यालय रामगढ़ के सभागार में रामगढ़, गोला और माण्डू प्रखंड के सीआरपी , बीआरपी एवं चयनित स्कूलों के हेडमास्टरों की उपस्थिति में बुनियादी शिक्षा के एंडलाइन सर्वे को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही इस कार्यशाला के साथ बुनियादी शिक्षा पर एंड लाइन सर्वे विषय पर विभिन्न चरणों में आयोजित कार्यशाला का समापन भी हुआ। कार्यशाला की शुरूआत पीरामल फाउंडेशन सह नीति आयोग कि ओर से सीनियर प्रोग्राम लीड प्रवीण कुमार के द्वारा किया गया। जिसमे उन्होंने सभी शिक्षको से आग्रहपूर्वक कहा की हम सभी को मिलकर बुनियादी शिक्षा के एंडलाइन सर्वे को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना हैं । साथ ही हमें अपने बच्चों के बुनियादी स्तर पर काम करते रहने की आवश्कता हैं। वैसे बच्चों पर हमें ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्कता हैं जो गणित एवं हिंदी में बेसिक स्तर पर कमजोर हैं , इसके लिए हम सब को मिलकर कार्ययोजना बनाने कि जरुरत हैं , स्कूल के असेंबली में ज्यादा से ज्यादा बच्चों भागीदारी सुनिश्चित किया जाए एवं स्कूल के बालसंसद को जागरूक करना होगा जिससे बच्चों में लीडरशिप क्वालिटी का विकास हो। कार्यशाला के दौरान सभी को एंडलाइन सर्वे को कैसे करना है एवं बुनियादी शिक्षा के बेसलाइन में किस प्रखंड की क्या स्तिथि रही है के संबंध में पिरामल फेलो ऋषिकेश एवं शाहिद की अहम् भूमिका रही। सिल्वेस्टर टोपनो (डिस्ट्रिक्ट लीड) ,एवम मिथुन भंडारी (प्रोग्राम लीड) ने कार्यशाला के दौरान शिक्षकों से जमीनी स्तर की समस्यों को समझते हुए संभावित सुझाव दिए जिससे पठन -पाठन प्रकिया को और सुचारू एवम रोचक तरीके से करवाते हुए बुनियादी शिक्षा को और मजबूत किया जाए।

# भाजपा की बैठक में कमेटी गठित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल में विस्तारक महेंद्र प्रजापति मंडल की टोली ऋषिकेश सिंह एवं प्रभारी सूर्यवंश श्रीवास्तव की उपस्तिथि में वार्ड न 4 के सभी बूथ अध्यक्ष तथा बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुख की बैठक आयोजित कर कमिटी का गठन के किया गया। साथ ही महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू का अभिभाषण पढ़कर सुनाया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले 8 वर्षों में किए गए कार्यों को बताया गया। कहा गया सभी कार्य सराहनीय है। कहा गया की जनता के बीच यह बताना जरूरी है की वर्तमान देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान और सम्मान बढ़ा है और आगे भी देश को परम वैभव तक ले जाना है। मौके पर विजेंद्र मुंडा, सुमित अग्रवाल, धीरज साहू, तरुण साहू, विजय कुमार, संतोष कुमार कुशवाहा, किशोर कुशवाहा, रमेश करमाली, रवि कुमार गुप्ता उपस्थित हुए.

### रामगढ़ मवि. में मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के समापन समारोह में डीडीसी ने लिया हिस्सा

# प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची/ दुमका द्वारा रामगढ़ जिले के रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची/ दुमका द्वारा रामगढ़ में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए उपस्थित सभी बच्चों व अन्य को प्रदर्शनी के माध्यम से जो भी बातें उन्होंने सीखी उसे याद रखने एवं अपने आसपास के लोगों को इस से अवगत कराने की अपील की। मौके पर उप विकास आयुक्त ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के तहत मोटे अनाज के फायदों के प्रति जानकारी देने के क्रम में सभी को मोटा अनाज अपने आहार में शामिल करने की अपील की। 3 दिनों तक चले मल्टीमीडिया प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने के उपरांत उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी बच्चों को किसी भी प्रतियोगिता में हार व जीत की परवाह किए बिना कुछ सीखने के उद्देश्य से भाग लेने की अपील की वहीं उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों को बच्चों पर किसी भी प्रकार का कोई दबाव ना बनाते हुए उन्हें अपने जीवन में जिस दिशा में भी वे बढ़ना चाहे उसमें उनकी मदद करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार द्वारा सभी को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने सभी से देश की स्वतंत्रता में अपना योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को और खासतौर पर झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों पर लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने एवं इसे हमेशा स्मरण रखने की अपील भी। साथ ही जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने तीन दिनों तक चले प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान मनाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण दिवसों के संबंध में भी सभी को विस्तार से जानकारी दी एवं हर दिवस के महत्व को समझने एवं उससे उन्हें होने वाले फायदों की जानकारी लेकर लाभ लेने की अपील की। साथ ही जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने विश्व प्रसन्नता दिवस के विषय में सभी को जानकारी देने के क्रम में इसे मनाए जाने के उद्देश्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता दिग्विजय भारत, रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के एनएसएस विंग की इंचार्ज डॉ अनामिका, डब्ल्यूएचओ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार सहित अन्य द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार साझा किए गए। वहीं, उनके द्वारा विश्व जल दिवस एवं 3 दिनों तक चले प्रदर्शनी के दौरान मनाए गए विभिन्न दिवसों के संबंध में भी सभी को जानकारी दी गई। 3 दिनों तक चले मल्टीमीडिया प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान लगभग 2000 से ज्यादा बच्चों ने प्रदर्शनी में भाग लिया वही विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 200 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान धन्यवाद ज्ञापन करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा का अपने कीमती समय से समय निकालकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद किया।



## स्वच्छता को लेकर बच्चों ने निकाली रैली



**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना के तहत 16 मार्च से 31 मार्च तक की अवधि को स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को शहर के रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर सोशल मीडिया एवं पब्लीसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी द्वारा विद्यार्थियों को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, जीवन में स्वच्छता का महत्व एवं अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ आस-पड़ोस व अन्य लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करने की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर गोष्ठी में भाग लिया एवं नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में विभिन्न सुझाव दिए। गोष्ठी के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा नमामि गंगे योजना अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के परिसर से रैली निकाली गई एवं लोगों से नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने, यत्र तत्र कूड़ा कचरा ना फेंकने तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की गयी।

## वन विभाग ने किया कार्यशाला का आयोजन

**बरही ।** वन विभाग की ओर से नगर भवन बरही ने एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमे बतौर मुख्यातिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी शब्बा आलम और विशिष्ट अतिथि सहायक वन प्रमंडल पदाधिकारी गोरख राम, ए के परमार, बरही वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह तथा प्रशिक्षक सत्यप्रकाश आदि शामिल हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ । कार्यशाला में बरही और चौपारण के वनरक्षी सहित करीब 235 वन सुरक्षा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य शामिल हुए । कार्यशाला में गिद्धों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त किया गया । साथ ही प्रशिक्षक ने उपस्थित लोगो को इन्हे संरक्षित करने के विभिन्न तरीकों की जानकारियां दी । गिद्धों की घटती संख्या ने पर्यावरण को असंतुलित किया है। जानकारी के अनुसार कार्यशाला में कुल 235 लोगों ने पंजीकरण करवाया था । कार्यक्रम में वनरक्षी दीपक कुकर, शिशिर कुमार, उपेंद्र कुमार, प्रखंड वन समिति के अध्यक्ष विकास सिंह, सदस्य जितेंद कुमार दिव्य आदि सहित कई लोग मौजूद थे ।

## धनवार पंसस समिति गठित से असंतुष्टः प्रमुख



**बरही ।** बुधवार को गठित पंसस समिति से धनवार पंसस संतोषी कुमारी असंतुष्ट है । प्रेस बयान जारी कर उन्होने समिति गठन का विरोध किया है । आरोप लगाया कि समिति गठन के पूर्व ही समिति के पदाधिकारी और सदस्यो की सूची तैयार किया जा चुका था । बुधवार को तो एक मात्र औपचारिकता हुई है । उन्होंने दो टूक कहा कि समिति गठन में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने अपनी मनमानी किया है। जिसमे प्रमुख ने सिर्फ अपने करीबी लोगो को ही अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने सभी सदस्यो को विश्वास में नही लिया। यह सर्वसम्मति से नही बल्कि व्यक्तिगत विचार से गठन हुआ है । इस समिति का वह विरोध करती है । उन्होंने बताया कि इसका वह पंसस के व्हाट्सएप ग्रुप में भी लिखित एतराज जताया था । परंतु मेरे मैसेज को नजरंदाज करते हुए बतौर एडमिन प्रमुख ने हटा दिया । आरोप को लेकर प्रखंड प्रमुख से बात करने का प्रयास किया गया, परंतु तकनीकी कारणों से बात नही होने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है ।

## आरएसएस के शाखा ने मनाया वर्ष प्रतिपदा

**बरही ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करियातपुर शाखा ने वर्ष प्रतिपदा मनाया। बिलासा सेवा प्रमुख रजनीश पांडेय ने नव वर्ष की जानकारी दिया । हिंदू समाज को संगठित करने पर जोर दिया । राहुल राणा ने संघ के शाखा से मिलने वाले ज्ञान और लाभ की जानकारी दिया । देर संध्या नव वर्ष के शुभ अवसर पर करियातपुर दुर्गा मंदिर के प्रांगण में प्रभु श्रीराम एवं भारत माता के तस्वीर की आरती उतार प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर धनवार पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद, चंदन कुमार केसरी, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, भीम केसरी, मुन्ना सोनी आदि सहित कई महिलाएं भी सम्मिलित हुई ।

# रामनवमी पर समिति गठित अध्यक्ष बने ईश्वर यादव



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहरा कला शिव मंदिर प्रांगण में रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता पूर्व मुखिया मुंशी पासवान और संचालन मुकेश यादव ने किया। मौके पर सफल आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पत्रकार ईश्वर यादव को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष महावीर यादव, सचिव मुंशी पासवान और कोषाध्यक्ष मुकेश यादव को बनाया गया। साथ ही जीवन यादव, राजेंद्र यादव, केदार प्रजापति, मनी यादव, श्यामलाल सिंह, पवन पासवान, राजू यादव, मुकेश सोनी, संजीत कुमार, आशीष कुमार , पिंटू कुमार सोनी, कमल राणा, राजेंद्र प्रजापति, रामसहाय पासवान, नरेश रविदास को समिति का सदस्य बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष ईश्वर यादव ने कहा कि सरकारी निदेर्शानुसार ही रामनवमी त्योहार मनायें साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील लोगों से की। बैठक में धारी महतो, लखन यादव, धुपलाल यादव, बालदेव दास, त्रिलोकी साव, टेकन प्रजापति, संतोष कुमार पाण्डेय समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# 25 को चलकुशा व 28 को बरकट्ठा में लगेगा स्वास्थ्य मेला

**बरकट्ठा।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन 25 मार्च को चलकुशा पीएचसी और 28 मार्च को बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जाएगा। इस आशय की जानकारी सीएचसी के बीपीएम रंजीत कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेले में रोगियों की जांच और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लोंगो को दी जाएगी।

# जल योजना की मिली स्वीकृति



**बरही ।** जिला परिषद उपाध्यक्ष सह बरही पूर्वी जिप सदस्य और उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव के पहल पर शीघ्र ही प्रखंड के कोल्हुआकला, करियातपुर, और डपोक में पेयजल के समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा । जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के हर-घर-जल-नल-कल जलापूर्ति योजना के तहत उक्त स्थल पर जलापूर्ति कार्य की स्वीकृति प्रदान हुई । जल्दी ही टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी । उसके बाद कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे ।

# मरीज की मौत पर भड़के परिजन

**धनबाद।** धनबाद के पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में इलाजरत एक मरीज की मौत के बाद गुरुवार को जुटे उनके परिजनों ने जमकर बवाल काटा। परिजन इतने उग्र थे की अस्पताल कर्मचारियों पर लात-घुसो के साथ जमकर लाठियां भी भांजी। इस दौरान अस्पताल परिसर में रखे फूल के गमलों को भी तोड़ डाला। बताया जाता है कि झरिया के बोर्रागढ़ निवासी श्रवन महतो एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए धनबाद के बैंक मोड़ थाना स्थित पाटलिपुत्र मेडिकल नर्सिंग होम में भर्ती किया गया था। जहाँ उनका इलाज चल रहा था। इसी दौरान आज इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने डाक्टर और अस्पताल कर्मियों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा अस्पताल परिसर में जमकर बवाल काटा।

# भैयाडीह के जंगल में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के गोरहर पंचायत के भैयाडीह जंगल में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई है। जंगल की कटाई बुधवार के रात में हुई है। बताया जाता है कि इसकी भनक ग्रामीणों को लगी तो लोंगो ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया तथा वन सुरक्षा गार्ड को भी जंगल में पेड़ों की भारी मात्रा में कटाई किये जाने की सूचना दी। कई लोंगो के मुताबिक जंगल में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई वन विभाग और वन सुरक्षा समिति के मिलीभगत से ही संभव हो रही है। कहा जा रहा है कि ग्रामीण जंगल को बचाने में जुटे हैं, ऐसे में रात्रि को जंगल की कटाई गुप्त तरीके से किया जाना बगैर मिलीभगत के संभव नहीं है। वनरक्षा समिति के उपाध्यक्ष कार्तिक महतो ने जंगल कटने की सुचना वन विभाग के अधिकारियों को दी जिसके बाद गुरुवार को वनरक्षी देवचंद महतो, नाजिर हुसैन, राजेन्द्र कुमार, संतोष कुमार रजक ने स्थल पर पहुंचकर 59 पीस सखुआ लकड़ी का बोटा बरामद किया । वहीं वनरक्षी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि बुधवार रात्रि में अवैध रूप से 23 सखुआ के पेड़ को काटा गया जिसकी तहकीकात की जा रही है। जल्द ही चिन्हित कर जंगल काटने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**दिशा-निर्देश** | डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा बैठक

# योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित न रहें



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत जिले के योग्य लाभुकों को उपलब्ध कराए गए पेंशन की जानकारी लेने के उपरांत वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला सम्मान पेंशन, दिव्यांग पेंशन, एचआईवी पीड़ित मरीजों के लिए पेंशन योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं को लेकर सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को नियमित रूप से अपने अपने क्षेत्र में सर्वे करने एवं कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने एवं पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता आंगनबाड़ी केंद्रों में सुनिश्चित करने, आंगनबाड़ी केंद्रों के चहारदीवारी आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया । बैठक के दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने रामगढ़ जिले को कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से नियमित रूप से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सर्वे करने एवं सैम तथा मैम बच्चों की पहचान कर उनके उपचार हेतु एमटीसी केंद्र में बच्चों को भर्ती कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया । मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी से अब तक विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए गए लाभ की जानकारी ली। जिसके उपरांत उपायुक्त ने संवेदक के साथ संपर्क कर सभी योग्य लाभुकों को ससमय योजना का लाभ देने का निर्देश दिया।

### रेनबो में मनाया गया शहादत दिवस, निदेशक ने कहा

# स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों की बदौलत आजादी मिली



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

गड़लाही स्थित रेनबो विद्यालय में शहादत दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक सिकंदर कुमार कुशवाहा ने शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ किया । मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, सभी शिक्षक सहित विद्यालय के बच्चे मौजूद थे । सबों ने भारत मां के वीर क्रांतिकारियों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दिया । उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि हमारी आजादी हजारों कुर्बानियों का परिणाम है । उन्होंने बच्चो को 1931 के लाहौर स्थित सेंट्रल जेल में हंसते हुए फांसी पर झूलने वाले तीनो क्रांतिकारियों की कहानी बताई । इसके बाद ही पूरे देश में क्रांति तेज हुई और देश आजाद हुआ । आज भी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की जीवनी प्रेरणा के स्त्रोत हैं। प्राचार्य ने भी इनके बलिदान की कहानी बताते हुए सिख लेने की सलाह दी । इनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, श्वेता कुमारी, रंजीत कुमार, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, फैजिया खातून आदि उपस्थित रहें।

NEWS इन ब्रीफ

## ग्रामीण ने की खुदकुशी

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के फोरी तिगरा गांव निवासी घूरन उरांव ने गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे घर से कुछ दूर स्थित पोडको टोंगरी स्थित एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर करीब 9:30 बजे गुमला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ में लटक रहे शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। आत्महत्या करने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार मृतक खेती बाड़ी का काम करता था और पिछले कुछ दिनों से उसका मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। सुबह कुछ लोगों ने रस्सी लेकर उसे टोंगरी की ओर जाते देखा। इसके बाद मवेशी चराने निकले कुछ लोगों ने सुबह करीब आठ बजे पेड़ में लटकते शव को देखा और तत्काल घटना की सूचना गुमला पुलिस सहित ग्रामीणों को दी।

## जलडेगा में पुलिस ने किया महुआ जावा नष्ट

**जलडेगा।** जलडेगा अखरा बस्ती में अवैध को लेकर महिलाओं द्वारा थाने में आवेदन देकर कारवाई करने की मांग के बाद जलडेगा पुलिस रेस हो गई है। गुरुवार सुबह एएसआई अक्षयवर राम के नेतृत्व में जलडेगा पुलिस ने अखरा टोली में छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण के लिए रखे 50 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट कर दिया। एएसआई एबी राम ने कहा कि अवैध रूप से शराब निर्माण करने वालों को किसी भी कीमत में बक्शा नही जाएगा समाज को बर्बाद करने वाले ऐसे लोगों के ऊपर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## स्वस्थ जांच शिविर का आयोजन

**बानो।** बानो प्रखंड के सिम्हातु में इन्सर्ट अस्पताल सोय द्वारा स्वस्थ जॉच शिविर का आयोजन किया गया। मालूम हो कि प्रखंड के सिम्हातु सरना टोली में हनुमान मंदिर की निर्माण के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस लिये तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ कार्यक्रम में चिकित्सा शिविर लगा कर 55 लोगों का स्वस्थ्य जांच की गई। मौके पर निशुल्क दवाई भी दी गई। स्वस्थ्य शिविर में डॉ. गोलक नाथ माझी, जीएनएम ज्योति टोप्पो, मर्शी मड़की मनोज सिंह अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## ईट भट्ठा में काम करनेवाले 19 मजदूरों का किया गया निबंधन

**जलडेगा।** श्रम अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर गुरुवार को जलडेगा प्रखंड अंतर्गत ओडगा शाहजहां ईंट भट्ठा में काम करने वाले 19 मजदूरों का श्रम विभाग में निबंधन के लिए आवेदन जमा किए गए। श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने कहा है कि मार्च 2023 तक सभी ठेकेदार/भट्ठा मालिक अपने यहां काम करने वाले मजदूरों का हर हाल में निबंधन करा लें, मार्च के बाद जांच अभियान चलाया जायेगा।

# भगवा रंग में रंगा टैंसेरा गांव, कलश यात्रा में हर-हर महादेव का जयघोष

### कलश यात्रा के साथ टैंसेरा में शुरू हुआ तीन दिवसीय श्री बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा सदर प्रखंड के टैंसेरा में नवनिर्मित श्री बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। कलश यात्रा टैंसेरा नदी से शुरू हुई। मौके पर सभी प्रकार वैदिक मंत्रोचार आचार्य शिवकुमार पाठक के द्वारा किया गया। इस मौके पर सभी लोगों को सामूहिक रूप से जल लेकर संकल्प कराया गया ।जिसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई। 8 किलोमीटर की लंबी





कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करने के पश्चात श्री बजरंगबली मंदिर पहुंची इससे पूर्व हर हर महादेव और भगवा रंग के रंग में पूरा गांव रंग दिया। सभी लोगों ने जय श्री राम हर हर महादेव के नारे के साथ पूरा क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना। जिसके बाद वहां पर शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन नगर भ्रमण एवं कलश स्थापना शुरू हुई। जिसमें आचार्य शिवकुमार पाठक के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं। जबकि यजमान के रूप में ओमप्रकाश साहू सपत्नीक, सुभाष प्रसाद सपत्नीक, अनूप साहू सपत्नीक, यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। श्री बजरंगबली मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को अधिवास पूजन प्रातः 7 बजे, अखंड हरिनाम प्रारंभ, देवता अभिषेक, भगवान का प्राण प्रतिष्ठा, आरती एवं प्रसाद वितरण संध्या काल में किया जाएगा।वही तीसरे दिन शनिवार को अखण्ड हरिनाम समाप्ति-प्रातः 7.00 बजे, तत्पश्चात हवन पूणार्हुति, आरती, प्रसाद वितरण उपरांत महाभंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांत ग्राम विकास संयोजक महेंद्र उपस्थित थे।एवं रामरेखा धाम से साधु संत उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संजीत कुमार, जयशंकर प्रसाद, विकास प्रसाद, गुड्डु प्रसाद, जयप्रकाश प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, मुकेश प्रसाद, अदीद प्रसाद, विदुद एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा में तेज रफ्तार कार ने हाईवा ट्रक को पीछे से मारी जोरदार टक्कर

# कार के उड़े परखच्चे, वाहन चालक की मौत, तीन घायल

### शराब पीकर गाड़ी चलाना पड़ा महंगा, ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत, तीन रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा में तेज रफ्तार का कहर इस कदर हावी है कि लोग अपनी जान गंवा रहे हैं बावजूद रफ्तार में कमी नहीं हो रही है। शराब पीकर गाड़ी चलाना नियम के विरुद्ध है लेकिन इसकी परवाह किए बिना लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने से परहेज नहीं कर रहे हैं। इस क्रम में बुधवार की देर रात शराब पीकर वाहन चलाने के कारण एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र के पावर गंज चौक में देर रात्रि दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसा इतना जोरदार था कि कार का परखच्चे उड़ गए। गाड़ी का आगे का फेज पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। लोहरदगा के रास्ते रांची जा रही हाईवा ट्रक को कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही एक की





मौत हो गई, वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान कुडू निवासी अरुण सोनी के रूप में किया गया है जबकि घायलों में संजय पासवान,शिवम भगत, दीपक कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया है। वही बता दे कार में फंसे लोगों को जय श्री राम समिति के संरक्षक अजय सोनी, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत सहदेव, भारत पेट्रोलियम संचालक अप्रूव पोद्दार, होटल नवाइटी संचालक, शुभम कुमार, आकाश पंकज, एवं रवि वर्मा समेत स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद जैसे-तैसे कर बाहर निकाला और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया तत्पश्चात बेहतर इलाज हेतु तीन घायलों को रांची रिम्स रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार चार लोग लोहरदगा के एक होटल में पार्टी मना कर वापस कुडू जा रहे थे इसी दौरान पावरगंज चौक के पास कार चालक ने वाहन पर अपना संतुलन खो दिया। चालक ने लोहरदगा से रांची जा रही हाईवा ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते के बाद लोहरदगा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बहरहाल तेज रफ्तार के कारण ही अधिकतर लोग सड़क हादसे में अपनी जान गंवा रहे हैं। तेज रफ्तार से चलने वालों में अधिकतर कम उम्र के युवा किशोर है जो अपनी जान हथेली पर लेकर बाइक स्कूटी चलाते हैं और दुर्घटना को आमंत्रित करने का कार्य करते हैं। 15 साल से 30 साल के युवाओं में तेज रफ्तार से बाइक चलाने का ज्यादा क्रेज देखा जा रहा है जो दूसरों के लिए खतरा बन गया है। ये तेज रफ्तार चालक अपनी जिंदगी तो दांव पर लगाते ही है बल्कि दूसरे के लिए भी खतरा बन जाते हैं। कई बार देखा गया है कि सड़क हादसों का कारण तेज रफ्तार व स्टाइल से गाड़ी चलाना है। इनके कारण जो लोग धीमी गति से या वाहन नियमो के अनुसार गाड़ी चलाते हैं वे लोग इनकी जद में आ जाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। इन सब के बीच लोगो की रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### राशन कालाबाजारी का मामला : मुखिया व प्रशासनिक अधिकारी में विवाद

# तीन की गिरफ्तारी पर महिलाओं ने थाना का किया घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा में पिछले 9 मार्च की रात में राशन कालाबाजारी के मामले में जांच के लिए पहुंचे अंचलाधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी के ऊपर मारपीट के मामले में तीन लोगों को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में अर्नेस्ट एक्का,अरुण अभय एक्का,एवं विलोकन खेस शामिल है इधर गिरफ्तारी के विरोध में काफी संख्या में महिलाओं ने गुरुवार को दोपहर में मुफस्सिल थाना का घेराव कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्ति करते हुए उन्हें थाना के अंदर जाने से रोक दिया गया। और मौके पर थाना प्रभारी देव कुमार दास से बातचीत होने लगी जहां पर महिलाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को किसी ने मारपीट नहीं की है बल्कि शराब के नशे धुत में एक फैसला सुना रहे थ और खुद से गिरे हैं। जिसे चाकू छुरी और लाठी डंडे मारपीट का आरोप



लगाकर झूठा केस में उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने रिहाई की मांग को लेकर थाना के सामने घेराव किया। महिलाओं ने कहा कि घटना के दिन पुलिस प्रशासन भी घटनास्थल पर मौजूद थी लेकिन पुलिस प्रशासन ने भी इस मामले में सही तरीके से जांच ना करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के पक्ष में फैसला किया है। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार मामले में भी महिला थाना में मामला दर्ज कराया लेकिन इस मामले में भी किसी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। काफी देर तक थाना के पास टिके रहने पर कार्यपालक दंडाधिकारी मोहम्मद शहजाद प्रवेश पहुंचे और उन्होंने तुरंत 5 लोगों को एसपी सिमडेगा से मिलवाने का आश्वासन दिया जिसके बाद महिलाओं को घर भेजा गया। गौरतलब होकार्यपालक दंडाधिकारी पंकज कुमार भगत को 9 मार्च की रात में गंभीर चोट लगी थी और जिन का इलाज सिमडेगा सदर अस्पताल में करने के बाद बेहतर इलाज सिमडेगा से बाहर भेज दिया गया था। इसके बाद लिखित आवेदन देकर मुफस्सिल थाना में मुखिया शिशिर टोप्पो एवं के भाई सहित कई ग्रामीणों के ऊपर मारपीट का मामला दर्ज कराया था जिसे मुखिया ने इनकार किया था।

### विश्व यक्ष्मा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# लोहरदगा को बनाना है टीबी मुक्त जिला

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विश्व यक्ष्मा दिवस के मौके पर जिला यक्ष्मा केन्द्र, लोहरदगा में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा० संजय कुमार सुबोध, सिविल सर्जन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्ट्रेटेजिक प्लान फॉर टीबी फ्री लोहरदगा का विमोचन किया गया। जिले सभी हेल्थ एण्ड वेल्नेस सेन्टर में निक्षय दिवस के साथ-साथ 21 दिनों तक चलने वाले सकिय यक्ष्मा रोगी खोज अभियान की भी शुरूआत की गई। कार्यक्रम में किस्को एवं पेशरार प्रखण्ड के 28 यक्ष्मा रोगी को हिण्डालको, लोहरदगा, 10 यक्ष्मा रोगी को लोहरदगा प्रखण्ड में एवं 01-01 यक्ष्मा मरीजों को प्रखण्ड कुडू तथा भण्डरा को पोषण किट वितरित की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने कहा कि लोहरदगा जिले को टीबी मुक्त करना है इसके लिए सभी को लगकर पूरी निष्ठा से काम करना होगा। कहा कि निजी दवा दुकानों को भी टीबी मरीजों का रिकॉर्ड रखना है। इस काम में सभी ड्रग इंसपेक्टरों की जवाबदेही तय होगी। बताया कि टीबी के मरीजों की पहचान करना आसान है। इस रोग के पांच लक्षण हैं। किसी व्यक्ति को दो हफ्ते से लगातार खांसी हो, बुखार हो, वजन में गिरावट आ रही हो, भूख ना लगना, रात में तेज पसीना आना आदि इसके लक्षण हैं। कार्यक्रम में सिविल सर्जन, लोहरदगा एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा यक्ष्मा रोग के प्रति जागरूक एवं बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा० दीनानाथ सिंह, मो० अखलाक अहमद, अनुराग कुमार सिंह, मो० मोज्जफर आलम, ओमप्रकाश प्रसाद, विजय कुमार महतो, अनुप कुमार भगत, शुभेन्दु कुमार, समीर टोप्पो, इरफान अंसारी, मो० साबीर आदि उपस्थित हुए।

### हनुमानजी की प्रतिमा का कराया गया लोहरदगा नगर भ्रमण

# जय श्रीराम और जय हनुमान के उदघोष से गुंजायमान हुआ शहर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहरी क्षेत्र के महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार सह संस्कार पूजन कार्यक्रम गुरुवार को भव्य समारोह के बीच किया गया। गुरुवार सुबह मे गाजे बाजे के साथ हनुमान जी की प्रतिमा का नगरवासियों के दर्शनार्थ हेतु नगर भ्रमण करवाया गया। जिसमें सनातन धर्मावलम्बी महिलायें व पुरुष का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे रास्ता मे उपस्थित सभी पुरुष व महिलाएं भजन कीर्तन व धार्मिक बैंड धुन में झूमते हुए नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत महावीर चौक, बरवा टोली, मिशन चौक, लेहरी मुहल्ला, तिवारी दूर, थाना चौक, शास्त्री चौक, अप्पर बाजार होते हुए महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। हनुमान भक्तो के हाथो मे महावीरी झंडा लहरा रहा



था। शोभायात्रा मे शामिल लोग जय श्री राम जय हनुमान के गगनचूंबी नारे लगा रहे थे। इधर हनुमान मंदिर पहुंचने के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन की विधियां शुरू हुई जो हवन पूणार्हुति के साथ संपन्न हुई। वही हनुमान मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही आयोजन समिति के अनिल अग्रवाल, सुनिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल उर्फ टिंकू, हर्ष मित्तल, अवध अग्रवाल ने सभी सनातन लोहरदगा वासियों को नगर भ्रमण में शामिल होने और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग हेतु हृदय से धन्यवाद दिया। शोभायात्रा के सफल संचालन मे महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति के अभिषेक अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अमर गोस्वामी, मुकुल कुमार, गौतम अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, शशि अग्रवाल, राहुल अग्रवाल कुमार उर्फ बंटी, नीरव अग्रवाल, आदि का सहयोग रहा। इधर शहर की विभिन्न सड़को पर हनुमान जी की प्रतिमा का दर्शन के लिए लोग कतारबद्ध तरीके से खड़े थे। लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इधर नगर भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सदर थाना की पुलिस मुश्तैद थी।

## कैरो में याद किए गए शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु

**कैरो।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को शहीद दिवस के अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले शहीदे आजम भगत सिंह,सुखदेव थापर व शहीद शिवराम राजगुरु का याद करते हुए उन्हें श्रंद्धांजलि दी गई। मौके प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी के कमलेश उरांव के साथ-साथ प्रखंड सह अंचलकर्मियों, स्वयं सेवकों, सद्भावना दूतों द्वारा उनके चित्रो पर मालार्पण करते हुए अश्रुपूर्ण श्रंद्धांजलि देते हुए याद किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि तीनों बीर जवान महज 23 वर्ष की उम्र में ही 23 मार्च 1931 को देश की आजादी के लिए हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूम लिए। अंग्रेजी सरकार के द्वारा तीनो शहीदों को 24 मार्च 1931 की सुबह 6 बजे फांसी की सजा सुनाई गई थी। लेकिन लोगों के भीड़ जुटने से घबराकर उन्हें 23 मार्च को ही शाम 7 बजे फांसी दे दी गई। तब से ही तीनों शहीद देश की जनता के दिलो में बस गए और हमेशा-हमेशा के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए। बीर शहीदों का सपना केवल भारत की आजादी ही नही थी उनका सपना तो समानता, एकता, अन्धविशास से दूर, समतामूलक समाज की स्थापना थी। बीर शहीदों के अथक प्रयास से देश आजाद तो हो गया लेकिन आज भी उनके सपनों को अक्षरशः साकार नही किया जा सका है। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बीपीओ मृणाल प्रकाश, आकाश कुंवर, अमन कुमार, पंचायत सेवक गुहा उरांव, सुहैल अहमद, राजेश उरांव, किशोर उरांव, दिनेश कुमार, रोजगार सेवक हिफजूल रहमान, मंसूर आलम, राजमणि कुमारी, नन्दा भगत के अलावे अमित कुमार महतो, वली अंसारी, रामप्रसाद पाल, सनाउल्लाह अंसारी आदि उपस्थित थे।

## भंडरा में धूमधाम से निकली प्रकृतिक पर्व सरहुल की शोभायात्रा

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड मुख्यालय में आदिवासी समाज द्वारा गुरुवार को प्रकृतिक पर्व सरहुल पर शोभायात्रा निकाली गई। सरहुल का पर्व शान्ति पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा आदिवासी वेशभूषा एवं परम्परा अनुसार ढोल नगाड़ों की गर्जना के साथ निकाली गई। वंही महिलाओं एवं पुरुषों ने परम्परागत वेश भूषा में ढोल नगाड़ों के साथ के प्रकृतिक एवं सरना सरहुल गीतों पर नृत्य किया। मांदर की थाप पर झूमर खेलते हुए सरहुल का पर्व उत्साह के साथ मनाया। शोभायात्रा में सरना मां स्थानीय कलाकारों द्वारा सरना मां का झांकी तयार कर निकली गई। भंडरा आखड़ा से शोभायात्रा की शुरूआत हुई जो भंडरा कुम्बाटोली प्रखंड मुख्यालय, मुख्य बस्ती, नवडीहा चौक होते हुए सरना स्थल तक पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के पूर्व भंडरा के पहान एवं पुजार सुख समृद्धि की कामना की गई। वंही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भंडरा के एसआई विकास कुमार विश्कर्मा पुलिस बल के साथ मार्च करते हुए नजर आए। शोभायात्रा के नेतृत्व मुखिया इंद्रदेव उरांव, सामिल उरांव, पिंटू उरांव, मांडू उरांव, विजय उरांव, बुधराम उरांव, शिव उरांव, फेकू उरांव, बिरसा उरांव, मिठू उरांव, बसन्त उरांव, पंकज उरांव, रामचन्द्र बगवार आदि शामिल थे।

## रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का प्रयास : शैलेश कुमार

**लोहरदगा।** शहीद दिवस के मौके पर शहर के हटिया गार्डन स्थित लवकुश भवन में गुरुवार को कुशवाहा महासभा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज के युवाओं ने रक्तदान किया। इमरजेंसी केयर संस्था की अगुवाई में आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 35 युवाओं ने रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में ब्लड की कमी हो गई है। इससे जरूरतमंद मरीजों को परेशानी हो रही थी। इस मौके पर कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कि शहीद दिवस के मौके पर समाज ने रक्तदान कर अमर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि देने का प्रयास किया है। इस माध्यम से मानवता का परिचय देते हुए जरूरतमंद लोगों को सहज ब्लड उपलब्ध कराने का उद्देश्य है। मौके पर इमरजेंसी केयर के एचआर हेड व कोषाध्यक्ष सजल कुमार, ब्लड बैंक के उमेश कुमार, कुशवाहा महासभा के कमलकांत कुशवाहा, हिमांशु कुमार, रमेश महतो, विकास कुमार, सुधांशु सिन्हा, सौरभ महतो, विशाल महतो, समेत समाज के अन्य मौजूद थे।

**शहीद दिवस** | भगत सिंह वैचारिक संस्मरण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

# भगत सिंह के दस्तावेजों को युवा पढ़ें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहीद दिवस के मौके पर भगत सिंह वैचारिक संस्मरण विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सीआरपीएफ कमाण्डेंड, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत पदाधिकारियों द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव की चित्र पर दीप जलाकर, माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि भगत सिंह को पूरी तरह समझने के लिए आज की युवा पीढ़ी को उनके दस्तावेजों को पढ़ना चाहिए जो उन्होंने जेल में रहने के दौरान फांसी के पूर्व लिखे थे। उनके दस्तावेजों में सामाजिक व्यवस्था, लोकतांत्रिक व्यवस्था, समाजवाद की बात कही गई है। देश में जमींदारी प्रथा समाप्त करने, जमीन का राष्ट्रीयकरण व



सामूहिक खेती, उद्योग का राष्ट्रीयकरण एवं देश मे औद्योगीकरण, सार्वभौमिक शिक्षा, आवास की गारंटी, सभी वयस्क/पुरूष व महिला को मत देने का अधिकार, आर्थिक स्वंतत्रता हेतु राजनीतिक सत्ता हासिल करने के उद्देश्य, किसानों के सभी शुल्क माफ करने संबंधी योजनाओं की बात कही गई है। उन्होंने काफी कम उम्र मात्र 23 वर्ष की आयु में वो कर दिया जो ताउम्र जीवन के बाद भी लोग नहीं कर पाते। इतनी कम उम्र में उनके विचार काफी स्पष्ट थे। आज के युवाओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। शहीद भगत सिंह ने अपने लिखे दस्तावेज के माध्यम से क्रांति का अर्थ बताया और गांव के किसान व मजदूरों को असली क्रांतिकारी सेना बताया है। उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को जिला प्रशासन द्वारा सद्भावना मंच से जोड़ा जा रहा है। इस दिशा में काफी सकारात्मक परिणाम जिला प्रशासन को मिला है। आज गांवों में स्कूलों व कॉलेजों में काफी संख्या में युवा सद्भावना मंच से लोग जुड़े हैं। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने देश के शहीदों व आंदोलनकारियों द्वारा देश के लिए किये गये बलिदान और अलग-अलग समय में किये गये युद्ध, क्रांति और आंदोलन की जानकारी दी। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पहले साम्राज्यवाद के विरूद्ध युद्ध और उसके बाद उपनिवेशवाद के विरूद्ध क्रांति करने का कार्य हमारे शहीदों ने किया। वर्ष 1757 से 1857 तक विरोध का स्वरूप युद्ध रहा। वर्ष 1885 के बाद देश में कई आंदोलन हुए। इसी बीच युवाओं के द्वारा क्रांति के जरिये विरोध जताया गया। भगत सिंह, राजगरू, सुखदेव, राम प्रसाद बिस्मिल इसी क्रांति से जुड़े थे। सभी का मूल विचारों में ही पनपता है। क्रांति विचारों से ही फलती-फुलती है। क्रांतिकारी विचारों में शहीद भगत सिंह को सबसे उपर रखा गया है।कार्यक्रम में बीएस कॉलेज के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक मनीष मिश्रा, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, बीएस कॉलेज की छात्रा श्रुति कुमारी द्वारा भी उपरोक्त विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में एएस अभियान दीपक पांडेय, डीएसपी (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और युवा सद्भावना मंच के सदस्यगण उपस्थित थे।

### भगत सिंह की तरह अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें युवा : आर रामकुमार

पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ने कहा कि आज के युवा अपने समय का सदुपयोग अपने लक्ष्य प्राप्ति में करें। अत्याधुनिक तकनीक का सही इस्तेमाल करें, दुरुपयोग न करेंऔर अपनी उर्जा सही जगह लगायें। शहीद भगत सिंह का लक्ष्य बिल्कुल साफ था। आप भी लक्ष्य तय कर लें और उसके प्राप्त करने के लिए अपनी योजना की दिनचर्या तय कर लें।

### शहीदों के बलिदान को युवाओं को याद करना चाहिए : कमांडेंट

सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार ने कार्यक्रम में कहा कि शहीदों के बलिदान को युवाओं को याद करना चाहिए। शहीदों का अपने देश के लिए किस हद तक समर्पण भाव था उसे आत्मसात करना चाहिए। देश के लिए कुछ करना है तो ऐसे महान पुरूषों से सीख लें ताकि देश के काम आ सकें।

## NEWS इन ब्रीफ

### पानी का पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा चौक के पास पानी का पाइप लाइन फटने की वजह से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। लेकिन इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। स्थानीय लोग बताते है कि जलापूर्ति पाइप कई दिनों से फटा हुआ है। नगर निगम को सूचना दिया गया है, लेकिन इसे दुरुस्त करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। पाइप से पानी निकल कर सड़कों पर बहता है। जिससे चारो तरफ गंदगी पसरा हुआ है। वहीं स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे सड़क पर बह रहे पानी के बीच से गुजरते है। जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। कुछ ऐसा हाल अन्य वार्ड में भी है। जलापूर्ति पाइप फटा हुआ है, लेकिन सूचना के बाद भी संवेदक कान में तेल डाल सोए हुए है। स्थानीय लोगो द्वारा बार-बार सूचना के बाद भी उसे ठीक नहीं कराया जा रहा है।

### सदर अस्पताल में गंदगी को सुपरवाइजर ने साफ करवाया

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में ईसीजी कैंपस के पास गंदगी पाया गया था। इसके बाद इसकी जानकारी अस्पताल के सुपरवाइजर देव तिवारी को दी गई। जानकारी मिलते ही देव तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल के पर्याप्त गंदगी को साफ करवाया और गंदे जगह पर ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव करवाएं। अभी सदर अस्पताल प्राइवेट अस्पताल से कम नहीं है सदर अस्पताल में अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह के नेतृत्व में अच्छा काम हो रहा है। किसी किसी व्यक्ति के मुंह से भी सुनने को मिलता है कि पहले से लाख गुना सदर अस्पताल का व्यवस्था सुधर चुका है।

# इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान आज से शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में आज से रमजान का पवित्र महीना प्रारंभ होने वाला है। यह इस्लामी कैलेंडर का नौवां माह है, जिसे सबससे पवित्र माह माना जाता है। इसमें 29 से 30 दिन तक रोजा रखा जाता है और ईद-उल-फितर के साथ इसका समापन होता है। रमजान माह में चांद की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जिस दिन रात में चांद दिखता है, उसके अगले दिन से रमजान का रोजा रखा जाता है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, इस पवित्र माह में ही अल्लाह से पैगंबर मोहम्मद साहब को कुरान की पहली आयतें मिली थीं। इस वजह से इस पूरे माह



रमजान में रोजा रखा जाता है। रोजा में पूरे दिन भूखे-प्यासे रहकर खुदा की इबादत की जाती है। शाम को एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं। उस समय खजूर खाकर रोजा खोलते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सउदी अरब में चांद दिखने के साथ ही बाकी देशों में रमजान के रोजा शुरू किया जाता है। पलामू में आज से रोजा रखने की शुरुआत किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई है।

**सहरी और इफ्तार क्या है :** रमजान माह में सूरज उगने से पहले खाना खाया जाता है, जिसे सहरी कहते हैं। सहरी के बाद दिन भर रोजा रखा जाता है। फिर शाम को सूरज ढलने के बाद नमाज पढ़ते हैं और रोजा खोलते हैं। उस समय खजूर और खाना खाते हैं। उसे इफ्तार कहा जाता है।

**खजूर, बकरखानी और सेवइयां की डिमांड ज्यादा :** रमजान माह में रोजा रखने वालों के बीच खजूर, बकरखानी और सेवइयां की ज्यादा डिमांड रहती है। सभी तबके के लोग रोजा खोलने में इसका प्रयोग जरूर करते है। बाजारों में भी इसकी बिक्री अधिक है।

# पलामू ने याद किया वीर शहीदों को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस पर झारखंड युवा मोर्चा द्वारा शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण तीनों शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर उपस्थित युवा नेता सन्नी शुक्ला ने कहा शहीदों ने बलिदान दिया है तब हम आज आजाद भारत में सांसे ले पा रहे हैं। आज के नौजवान पीढ़ी के आदर्श शाहिद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान हम सब कभी नहीं भूल सकते। ये हम सबों को आज भी रास्ता दिखाते हैं। इनके बताए रास्ते पर चलकर ही शक्तिशाली और आदर्श भारत को स्थापना हो सकती है। इनके कई



प्रेरणादाई विचार जैसे मैं एक मानव हूं और जो कुछ मानवता को प्रभावित करता है उससे मुझे मतलब है, इन सब से हमारी पीढ़ी को सीखने और समाज की सेवा करनी ताकत मिलती है। युवा नेता आशुतोष विनायक ने कहा इन्होंने जिस तरीके से अंग्रेजों का मुकाबला किया और भारत की जनता और खास कर युवाओं में देश के प्रति देशभक्ति की भावना को जगाया। वो हम सबों को आज भी रोमांचित कर देता है और महसूस होता है की शाहिद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु आज भी हमारे बीच हैं। इस मौके पर झामुमो के उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा, युवा नेता अभिषेक सिंह, छोटी त्रिपाठी, देवानंद भारद्वाज, मुकेश चौधरी, आशिफ पठान, मन्नत सिंह बग्गा, आनंद कुमार और अन्य झामुमो के युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आरएसएस का हिंदू नव वर्ष कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा हिंदू नव वर्ष उत्सव एवं पद संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुणे गणवेश में स्वयंसेवकों ने जननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान है एवं संगठन गढ़े चलो, सुपंथ बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का वह काम सब किए चलो गीत गाते हुए नगर भ्रमण किया। कुल बारह स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा एवं स्वागत किया गया। बौद्धिक के क्रम में कुटुंब प्रबोधन के क्षेत्रीय टोली के सदस्य सुनील वर्णवाल ने कहा कि नववर्ष के साथ-साथ डॉ बलिराम हेडगेवार का आज जन्मदिन है। जो प्रत्येक स्वयंसेवकों के लिए गर्व का विषय है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में समाज में जो तमस व्याप्त है। उसमें नवचैतन्य का जो परिदृश्य दिख रहा है। उसमें डॉ साहब का बड़ा योगदान है। आज परिवार बिखर रहा है इस दृष्टिकोण से हमें भारतीय चिंतन मूल्यों की ओर लौटना होगा तभी हमारा परिवार और समाज बच पाएगा। हिंदू नव वर्ष पर आज हम सभी स्वयंसेवक संघ संकल्प लें कि अपने बच्चों और परिवार के बीच संवाद करें। कार्यक्रम में नगर संघचालक सुनील मिश्रा, विभाग कार्यवाह राजीव, जिला कार्यवाह सत्येंद्र, सह जिला कार्यवाह अमितेश्वर दयाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, उपमहापौर मंगल सिंह एवं समाज की कई लोग सम्मिलित हुए।

# आज सरहुल, सारी तैयारियां पूरी



**सरहुल दो शब्दों से बना है- सर और हूल। सर मतलब सरई या सखुआ फूल। हूल यानी क्रांति।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में आज आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार सरहुल पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। सरहुल त्योहार प्रकृति को समर्पित त्योहार है। इस त्योहार के दौरान प्रकृति की पूजा की जाती है। आदिवासियों का मानना है कि इस त्योहार को मनाए जाने के बाद ही नई फसल का उपयोग शुरू किया जा सकता है। पलामू के अदि कुडुख सरना समाज के जिला संयोजक के अनुसार आज जिले के 16 प्रखंडों, के 211 गांव एवं 26 सरना स्थलों पर सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्व पूजा मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी सरना स्थलों की साफ-सफाई रंगाई पुताई का पूर्ण कर लिया गया है। सरहुल पूजा के दिन पाहनों के नेतृत्व में सभी सरना स्थलों पर सर्वप्रथम दाढ़ी चुंआ से जल यात्रा निकालकर पाहनो के द्वारा पवित्र तथा सादगी के साथ विधि विधान दिन के सुबह 7:15 बजे दिन के 9:30 बजे तक पूजा संपन्न किया जाएगा। सरना समाज बिरसानगर शाहपुर के द्वारा बिरसा नगर स्थित सरना स्थल पर पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बिरसानगर, शाहपुर चैनपुर के सरना स्थल पर पूजा समाप्ति के बाद दिन के 10 से 12 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं ज्ञान मंच का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद नगर भ्रमण का कार्यक्रम होगा।

**क्या है महत्व :** सरहुल दो शब्दों से बना है- सर और हूल। सर मतलब सरई या सखुआ फूल। हूल यानी क्रांति। इस तरह सखुआ फूलों की क्रांति को सरहुल कहा गया। मुंडारी, संथाली और हो-भाषा में सरहुल को 'बा' या 'बाहा पोरोब', खड़िया में 'जांकोर', कुड़ुख में 'खद्दी' या 'खेखेल बेंजा', नागपुरी, पंचपरगनिया, खोरठा और कुरमाली भाषा में इस पर्व को 'सरहुल' कहा जाता है। मुख्यतः यह फूलों का त्योहार है। पतझड़ ऋतु के कारण इस मौसम में 'पेड़ों की टहनियों' पर 'नए-नए पत्ते' एवं 'फूल' खिलते हैं। यह पर्व चार दिनों तक मनाया जाता है। जिसकी शुरूआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया से होती है।

## लाल साड़ी और केकड़ा का महत्व



सरहुल में प्रचलित है नाची से बांची यानी जो नाचेगा वही बचेगा। पूरे जिले में जगह-जगह नृत्य उत्सव होता है। महिलाएं लाल पाढ़ साड़ी पहनती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सफेद पवित्रता और शालीनता का प्रतीक है। वहीं लाल संघर्ष का। सफेद सर्वोच्च देवता सिंगबोंगा और लाल बुरुबोंगा का प्रतीक है। इसलिए सरना झंडा भी लाल और सफेद ही होता है। वही, सरहुल पूजा में केकड़ा का विशेष महत्व है। पाहन उपवास रख केकड़ा पकड़ता है। केकड़े को पूजा घर में अरवा धागा से बांधकर टांग दिया जाता है। जब धान की बुआई की जाती है तब इसका चूर्ण बनाकर गोबर में मिलाकर धान के साथ बोआ जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिस तरह केकड़े के असंख्य बच्चे होते हैं, उसी तरह धान की बालियां भी असंख्य होगी।

# नवजात की मौत मामले में 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह जिले में पुलिसकर्मी की बूट से कुचलकर चार दिन की उम्र वाले नवजात की मौत के मामले में पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। गिरिडीह के एसपी अमित रेणु ने गुरुवार को इससे संबंधित आदेश जारी किया है। इसी मामले में देवरी थाने के इंचार्ज को हटाते हुए पुलिस लाइन भेज दिया गया है। इस बीच बच्चे के परिजन के आवेदन पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि बुधवार को गिरिडीह जिले के देवरी थाना पुलिस की टीम कोशोगोंदो दिघी गांव में एक वारंटी भूषण पांडेय को गिरफ्तार करने गई थी। पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी के दौरान कोने-कोने की तलाशी ली। इसी दौरान पुलिसकर्मी घर में रखी एक चौकी पर चढ़ गया। इसी दौरान चौकी पर सोए चार के



नवजात की मौत पुलिसकर्मी के बूट से कुचलकर हो गई। यह बच्चा वारंटी भूषण महतो का पोता था। मात्र चार दिन पहले उनकी बहू नेहा देवी ने इस बच्चे को जन्म दिया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद इस संबंध में जांच के आदेश दिए थे। वीडियो में भूषण पांडेय नामक व्यक्ति को यह आरोप लगाते हुए सुना जा सकता है कि पुलिसकर्मियों ने सुबह तीन बजकर 20 मिनट पर उनके घर पर छापा मारा और दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने बल प्रयोग कर दरवाजा खोल दिया। भूषण पांडेय ने दावा किया कि मैं वहां से भाग गया और महिलाएं भी बाहर निकल आईं। पुलिसकर्मी जब वहां तलाशी ले रहे थे तब घर के अंदर चार दिन का बच्चा सो रहा था। बच्चे को उन्होंने कुचलकर मार दिया।

### खून उपलब्ध कराने के नाम पर पैसा लेनेवालों पर कार्रवाई शुरू

**रांची।** पुलिस खून उपलब्ध कराने के नाम पर पैसा लेने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में बरियातू पुलिस ने क्यामुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी क्यामुद्दीन कूटे का रहने वाला है। उसने रिम्स में एक महिला से खून के एवज में चार हजार रुपए की वसूली की थी। मामले में नवादा की रहने वाली प्रमीला देवी ने आरोपी के खिलाफ बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। महिला ने पुलिस को बताया कि जनवरी से वह रिम्स अस्पताल में रहकर अपने पति का इलाज करा रही है। नौ मार्च उनके पति को इलाज के लिए ब्लड की जरूरत थी। एक अज्ञात ने उनसे कहा कि वह ब्लड देने को तैयार है। इस एवज में चार हजार रुपए भी लिया। इसके बाद वह फरार हो गया। महिला गुरुवार की दोपहर रिम्स परिसर में उस व्यक्ति को देखा और मौजूद लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया। इसके बाद महिला ने उसे पकड़कर बरियातू पुलिस के हवाले कर दिया।

### रामनवमी पूजा में महाबीर मंदिर ठाकुरबाड़ी की निकलेगी ऐतिहासिक झांकी

**लातेहार ।** शहर के बीचों बीच स्थित राधे कृष्ण महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी में बुधवार की शाम बैठक कर रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी सदस्यों को अपने अपने जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही सभी सदस्यों को धन संग्रह को लेकर तेजी करने की बात कही। राम भक्तों के द्वारा इस बार महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी में झांकी को ऐतिहासिक बनाने को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। रामनवमी पूजा समिति का अध्यक्ष से राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि लातेहार का हमेशा ही सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाने का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला मुख्यालय समाज के लिए एक मिसाल है। यहां सभी समुदाय एक साथ मिलकर त्योहार को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा झांकी एवं फूल माला से सजाया जाएगा।

### सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के बीच कई सामानों का किया गया वितरण

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के आसपास के स्कूली बच्चों के बीच सीआरपीएफ 112 बटालियन द्वारा स्कूली बच्चों के बीच कई सामानों किया गया वितरण। चुंगरू पंचायत के अमवाटिकर विद्यालय परिसर में सीआरपीएफ कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के निर्देश पर सहायक कमांडेंट राकेश कुमार द्वारा चुंगरू पंचायत केअमवाटिकर, जोंबे, कटिया समेत आस पास के स्कूली बच्चों के बीच बारी बारी से स्कूली बैग व खेल कूद का सामान वितरण किया गया। मौके पर सहायक कमांडेंट राकेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए अन्य कई तरह के प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। इसी के क्रम में सभी स्कूली बच्चों को बैग व खेल कूद की सामग्री वितरण कर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया , प्रधानाध्यापक देवेन्द्र सिंह सीआरपीएफ के जवान समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थेद्ध

सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

# पथ निर्माण में घटिया सामग्री का किया जा रहा प्रयोग : ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से रातू प्रखंड के सिमलिया पंचायत में लगभग 2.80 करोड़ की लागत से विभिन्न गली-मुहल्लों में 3 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में अनियमितता बरतने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों की शिकायत पर सांसद के समन्वयक राकेश चौधरी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह समाजसेवी सुनील कुमार सिंह के साथ ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों का कहना है कि पथ निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। काफी कम मात्रा में सिर्फ पत्थर का डस्ट गिराकर सड़क को समतल कर खानापूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों रुपए की इस योजना को जैसे-तैसे पूरा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि योजना मद के बोर्ड में प्राक्कलित राशि का उल्लेख भी नहीं किया गया है। इधर इस मामले में विभाग के सहायक अभियंता ने जांच कर सही काम कराने की बात कही। वहीं, कार्यपालक अभियंता ने कहा कि



गलत काम होने पर भुगतान रोक दिया जाएगा। बता दें कि सिमलिया पंचायत सांसद द्वारा गोद लिया गया पंचायत है। जिसमें नयाटोली प्लास्टिक फैक्ट्री के पास से तीन किमी. का सड़क निर्माण कराया जाना है। बीते दिनों हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। निरीक्षण के दौरान आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### कार्मेल स्कूल ब्रांबे में ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन

**मांडर।** कार्मेल स्कूल ब्राम्बे में ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें रांची जिला ताइक्वांडो संघ के राष्ट्रीय निर्णायक एवं प्रशिक्षक अविनाश राम, चंदन कुमार के द्वारा बच्चों का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट लिया गया। बेल्ट ग्रेडिंग से पूर्व रांची जिला संघ से आए हुए अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल सिंह, आदित्य ठाकुर, प्रियल कुमारी, खुशी सिंह चंदेल के द्वारा प्रशिक्षक अविनाश राम के नेतृत्व में ताइक्वांडो डेमॉन्सट्रेशन प्रतुस्त किया गया।

# सरहुल महोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, कन्दरी, माण्डर के प्रांगण में प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर सरहुल महोत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में बीएड, डीएलएड, डी फार्मा, बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर के द्वारा छात्र/छात्राओं को सरहुल की बधाई देते हुए कहा कि सरहुल का शब्दिक अर्थ साल की पूजा होता



है। यह पर्व धरती माता को समर्पित है क्योंकि इसमें प्रकृति की पूजा होती हैं। प्रकृति का यह त्योहार लोगो को प्रकृति के प्रति संरक्षण की भावना को जागरूक करता है। इस कार्यक्रम में बीएड, डीएलएड, डी फार्मा, बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के प्राचार्य तथा सभी व्याख्याता एवं शिक्षाकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। छात्र/छात्राओं द्वारा भी अपना विचार वक्त किया गया तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### नशामुक्त होकर मनाये सरहुल पूजा: अमर

**रातू।** प्रखंड में शुक्रवार को प्रकृति पर्व सरहुल बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। सरहुल की सारी तैयारियां कर ली गयी है। सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष व पूर्व जिला जिप सदस्य अमर उरांव ने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारगी व सौहार्द पूर्ण तरीके से मानने की अपील की है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि त्योहार में मादक पदार्थ शराब या किसी अन्य तरह की नशा से दूर रहकर सरहुल को आपसी प्रेम व शांतिपूर्ण तरीके से मानकर खुशियाँ बाँटने का काम करे।

**शोभायात्रा** | **सरहुल प्रकृति की महत्ता व रक्षा का संदेश देता है : सुका उरांव**

# ढोल और मांदर की थाप पर झूमे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

सरहुल पर्व प्रकृति की महत्ता व रक्षा करने का अनुपम संदेश देता है। उक्त बातें सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो के अध्यक्ष सुका उरांव ने कहीं। वे महासमिति के तत्वावधान में गुरुवार को महादानी मैदान बेड़ो के रंगमंच पर आयोजित सरहुल पूर्व संध्या समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में प्रकृति का संरक्षण आज पूरे विश्व में मानव जीवन अस्तित्व से जुड़ा है। पर्यावरण का संरक्षण प्रकृति की रक्षा से ही संभव है। सरहुल प्रकृति का पर्व है। जो मानव जीवन में प्रकृति संरक्षण का एक अनमोल सांस्कृतिक पहचान और विरासत है। समारोह की शुरूआत मां सरना की आराधना व प्रार्थना गीत अनादि मुंजरना मालेका...से की गई। इधर समारोह में लापुंग,बेड़ो व इटकी प्रखंड के विभिन्न दर्जनों खोड़हा टीम के ग्रामीणों ने ढोल,ढाक, मांदर,नगाड़ा व बांसुरी की धुन व थाप पर परंपरागत जतरा,लूझरी,जदूरा और माठा आदि राग रागिनी पर आधारित परंपरागत नाच गान प्रस्तुत कर जनजातीय संस्कृति व अनमोल परंपरा का अद्भुत समां बांधा। समारोह में महासमिति के पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। वहीं मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता सन्नी टोप्पो,जिला परिषद सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी,पंसस राखी भगत,हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार रॉय,सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत,धनंजय कुमार रॉय,भीखा उरांव व समाज सेवी जुगेश उरांव आदि मौजूद थे इधर कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल टोप्पो, बुधवा पहान, सुशील उरांव,अनिल उरांव, प्रदीप भगत, मनोज लकड़ा,पंचम तिर्की,



प्रभात लकड़ा, रंजीत टोप्पो, राकेश भगत, सुका उरांव, बुधराम उरांव, जुगेश उरांव, मंगा पहान, अनिल उरांव, प्रभात टोप्पो व सुजीत कुमार आदि सराहनीय योगदान दिया। समारोह का संचालन समिति के संरक्षक राकेश भगत और जुगेश उरांव ने किया।

**भीम क्रुद्ध होता है तो लगता है कि एक व्यक्ति क्रुद्ध हुआ है। कृष्ण क्रुद्ध होते हैं तो लगता है कि प्रकृति ही क्रुद्ध हो गई है। भीम का क्रोध आंखें देखती है और शरीर डरता है। कृष्ण मन देखते है और आत्म डर जाती है।**
**- ठाकुरजी**



# फिर कोरोना..

***झारखंड*** में बेमौसम बारिश ने वायरल बीमारी के कारण मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। तापमान में अचानक आये बदलाव के कारण लोग हलकान हैं। दूसरी तरफ एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के दो केसेज सामने आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। वहीं कोविड के एक्टिव केस की संख्या दर्जनों से अधिक होने की सूचना है। इन मामलों को लेकर राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों और प्रखंडों को अलर्ट कर दिया गया है। संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट के फॉर्मूले पर कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य कर्मियों को मास्क पहनने, हाथों की स्वच्छता बनाये रखने और कोविड के अन्य प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।

**इन्फ्लुएंजा का पहला केस जमशेदपुर में मिला, जबकि दूसरा केस रांची में पाया गया है। जमशेदपुर में एक 68 वर्षीय महिला इस वायरस से संक्रमित मिली। उनका इलाज टाटा मेन हॉस्पिटल में चल रहा है।**

इन्फ्लुएंजा का पहला केस जमशेदपुर में मिला, जबकि दूसरा केस रांची में पाया गया है। जमशेदपुर में एक 68 वर्षीय महिला इस वायरस से संक्रमित मिली। उनका इलाज टाटा मेन हॉस्पिटल में चल रहा है। पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन के मुताबिक संभावित लक्षण वाले छह मरीजों के सैंपल जांच के लिए माइक्रो वायरोलॉजी लैब में भेजे गये थे। इनमें महिला मरीज में वायरस की पुष्टि हुई। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद परिवार के चार अन्य सदस्यों को भी जिला सर्विलांस विभाग ने घर में आइसोलेट कर दिया है। उनके सैंपल भी लिए गये हैं। इनमें से दो लोगों को हल्की सर्दी-खांसी है। पीड़ित महिला की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इन्फ्लुएंजा से संक्रमण के दूसरे मामले में चिन्हित की गई बच्ची का इलाज रांची के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसका इलाज ऑक्सीजन थेरेपी से किया जा रहा है। इधर, कोविड के केस बढ़ने की खबरें सामने आने के बाद लोग स्वास्थ्य केंद्रों और हॉस्पिटलों में कोविड टीकाकरण को लेकर इंक्वायरी कर रहे हैं। राज्य में 23 फीसदी लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोविड टीके का दूसरा डोज नहीं लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों के टीकाकरण के लिए केंद्र सरकार से कोवीवैक्स टीके का डोज उपलब्ध कराने की मांग की है। ऐसे में सुपरफास्ट हो गई है कोरोना की स्पीड। इस प्रकार देश में एक दिन में कोरोना के 800 से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं। वायरल संक्रमण में अचानक वृद्धि को नियंत्रित करने पर ध्यान देने की जरूरत है। परीक्षण, उपचार, ट्रैकिंग और टीकाकरण पर जोर और सावधानी बरतते हुए ही इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। यह घटनायें संक्रमण के संभावित स्थानीय प्रसार का संकेत दे रहे हैं। संक्रमण को रोकने के लिए जोखिम मूल्यांकन-आधारित दृष्टिकोण का पालन करने की आवश्यकता है। कुछ जगहों पर कोविड पॉज़िटिव दर में धीरे-धीरे वृद्धि के संकेत पहले से ही मिल रहे थे। लेकिन तुरंत इस ओर किसी का ध्यान नहीं दिया जाना यह बतलाता है कि अब समय को जाया नहीं करते हुए अविलंब बचाव के उपाय में सभी को जुट जाना चाहिए।

# ठोस प्रयासों से संभव है टीबी का खात्मा





योगेश कुमार गोयल

***तपेदिक*** रोग के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 मार्च को 'विश्व टीबी दिवस' मनाया जाता है, जिसे विश्व क्षय रोग दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस वैश्विक कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उन प्रयासों से अवगत कराना भी है, जो न सिर्फ इस बीमारी को रोकने बल्कि इसके उपचार के लिए किये जा रहे हैं। टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) को क्षय रोग तथा तपेदिक के नाम से भी जाना जाता है, जो एक जीवाणु के कारण होने वाला फेफड़ों का एक गंभीर संक्रमण है। यह खांसने अथवा छींकने पर हवा में छोड़ी गई छोटी बूंदों से फैलता है। ड्रॉपलेट्स के जरिये फैलने वाले बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रह सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक टीबी दुनिया में मृत्यु के सबसे घातक और संक्रामक कारकों में से एक है, जो विश्वभर में होने वाली मौतों के शीर्ष 10 कारणों में शामिल है। डब्ल्यूएचओ की 2019 में घोषित रिपोर्ट के आधार पर दुनियाभर में एक करोड़ लोग टीबी से संक्रमित थे, जिनमें से 26.9 लाख लोगों को भारत में टीबी था। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक प्रतिदिन 4100 से भी ज्यादा लोग टीबी के कारण अपनी जान गंवाते हैं और करीब 28 हजार लोग इस रोकथाम योग्य और इलाज योग्य बीमारी से बीमार पड़ते हैं। टीबी के कारण प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब 15 लाख लोग मौत की नींद सो जाते हैं। डब्ल्यूएचओ टीबी को दुनिया के सबसे घातक संक्रामक हत्यारों में से एक मानता है। हालांकि टीबी से निपटने के वैश्विक प्रयासों के चलते वर्ष 2000 से लेकर अभी तक साढ़े छह करोड़ से भी ज्यादा लोगों की जान बचाई जा चुकी है। विश्व टीबी दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है और इस साल टीबी दिवस की थीम 'हां! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं' है। रोग नियंत्रण और रोकथाम के लिए केन्द्र (सीडीसी) के मुताबिक तपेदिक लगभग 30 लाख साल पुराना रोग है और विभिन्न सभ्यताओं में इसके अलग-अलग नाम थे। टीबी को प्राचीन रोम में 'टैब', प्राचीन ग्रीस में 'फथिसिस' और प्राचीन हिब्रू में 'स्केफेथ' कहा जाता था। मध्य युग के दौरान गर्दन तथा लिम्फ नोड्स के टीबी को 'स्क्रोफुला' कहा जाता था, जिसे फेफड़ों में टीबी से अलग बीमारी माना जाता था। 1800 के दशक में इसे 'खपत' के रूप में जाना जाता था। माना जाता है कि 'तपेदिक' शब्द 1834 में जोहान शोनेलिन द्वारा गढ़ा गया था। 24 मार्च 1882 के दिन एक जर्मन चिकित्सक और माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. रॉबर्ट कोच ने पाया कि इस बीमारी का कारण टीबी बैसिलस था। डा. रॉबर्ट कोच द्वारा इस जानलेवा बीमारी के कारक बैक्टीरिया की पहचान करने की पुष्टि के फलस्वरूप ही टीबी के निदान और इलाज में दुनियाभर के वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली। इसके ठीक 100 वर्षों पश्चात 1982 में इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरक्लोसिस एंड लंग डिजीज ने इसी तारीख को 'विश्व टीबी दिवस' के रूप में घोषित किया और 1996 में इस दिवस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्य संगठनों के साथ डब्ल्यूएचओ भी इस संघ में शामिल हो गया, जिसके बाद औपचारिक रूप से 1998 में स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की स्थापना हुई, जिसका उद्देश्य टीबी से लड़ने के साथ-साथ इसे रोकना भी था। हालांकि दुनिया को टीबी से मुक्ति के लिए वर्षों से प्रयास हो रहे हैं लेकिन विडंबना है कि भारत टीबी से सर्वाधिक प्रभावित एशियाई देश है। वैश्विक टीबी रिपोर्ट के अनुसार 2020 में भारत में टीबी के कुल 26.4 लाख मरीज थे और

**डब्ल्यूएचओ टीबी को दुनिया के सबसे घातक संक्रामक हत्यारों में से एक मानता है। हालांकि टीबी से निपटने के वैश्विक प्रयासों के चलते वर्ष 2000 से लेकर अभी तक साढ़े छह करोड़ से भी ज्यादा लोगों की जान बचाई जा चुकी है।**

**इन दिनों**

वर्ष 2019 में टीबी विकसित करने वाले देशों में भारत की 26 फीसदी हिस्सेदारी थी। हालांकि भारत अब तेजी से टीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' की शुरूआत की जा चुकी है। जहां दुनिया ने 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है, वहीं भारत का संकल्प 2025 तक टीबी मुक्त होना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कहना है कि भारत में दुनिया की आबादी का 20 प्रतिशत से कुछ कम है लेकिन दुनिया के कुल टीबी रोगियों का यहां 25 फीसदी से भी ज्यादा है, जो चिंता का विषय है। उनके मुताबिक टीबी से प्रभावित अधिकांश लोग समाज के गरीब तबके से ही आते हैं। इसीलिए उन्होंने गत वर्ष 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की' डिजिटल शुरूआत करते हुए लोगों से 2025 तक देश से टीबी के उन्मूलन के लिए सामूहिक रूप से युद्धस्तर पर काम करने का आग्रह किया था। टीबी के मुख्यतः दो प्रकार होते हैं, लेटेंट और एक्टिव। लेटेंट टीबी तब होता है, जब किसी व्यक्ति के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं लेकिन बैक्टीरिया बहुत कम संख्या में मौजूद होते हैं। लेटेंट टीबी वाले लोग संक्रामक नहीं होते और स्वयं को बीमार महसूस नहीं करते। ऐसे व्यक्ति टीबी के बैक्टीरिया को दूसरे लोगों तक नहीं पहुंचा सकते जबकि एक्टिव टीबी वाले लोग संक्रामक होते हैं। जहां तक टीबी के कुछ प्रमुख लक्षणों की बात है जो इसका पता कुछ लक्षणों के माध्यम से लगाया जा सकता है, हालांकि आमतौर पर शुरूआती चरण में लक्षण दिखाई नहीं देते। टीबी के लक्षणों में कम से कम 3 सप्ताह तक लगातार खांसी आना, खांसी के दौरान रक्त के साथ कफ बनना, खांसते समय खून आना, ठंड लगना, बुखार, भूख न लगना, वजन कम होना, रात को पसीना आना, सीने में दर्द इत्यादि प्रमुख हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक टीबी के कारण पेट में दर्द, जोड़ों में दर्द, दौरे और लगातार सिरदर्द की समस्या भी हो सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक हर ऐसा व्यक्ति टीबी के जोखिम में है, जिसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है। इसके अलावा जो लोग कोविड-19 से संक्रमित हो चुके हैं या इससे उबर चुके हैं, उन्हें भी टीबी से संक्रमित होने का जोखिम ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक टीबी से मुक्ति के लिए संक्रमित व्यक्ति से बिना-संक्रमित व्यक्ति में इस रोग को फैलने से रोकना और टीबी रोगियों की पहचान कर उनका समुचित उपचार करना बहुत जरूरी है। टीबी से बचने के लिए संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से बचें और ऐसे किसी व्यक्ति के संपर्क में आने पर यदि आप में भी टीबी जैसे लक्षण उत्पन्न हो रहे हों तो तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय में जांच कराना जरूरी है। टीबी का समय से पता चलने पर इस रोग का उपचार किया जा सकता है। इसके उपचार में एंटीबायोटिक्स शामिल हैं। सक्रिय टीबी के मामले में प्रभावित लोगों को छह महीने से एक साल की अवधि के लिए कई दवाएं लेने की सिफारिश की जा सकती है। टीबी को एक सामान्य बीमारी समझने की भूल न करते हुए टीबी के बारे में जागरूक होना बेहद जरूरी है और यदि किसी को टीबी है तो इसका इलाज शुरू होने के बाद उसे पूरा करना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा इलाज बीच में छोड़ने पर स्थिति काफी खराब हो सकती है। यदि मरीज में टीबी के लक्षणों की पहचान सही समय पर हो जाती है तो पूरा इलाज कराकर जल्द ही इस बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है। देशभर के सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच और इलाज पूरी तरह मुफ्त है।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

***हम*** आपके बिना एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकतीं। आप हमें भी वन में अपने साथ रखने की कृपा कीजिये।' पाण्डु ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर के उन्हें वन में अपने साथ रहने की अनुमति दे दी। इसी दौरान राजा पाण्डु ने अमावस्या के दिन ऋषि-मुनियों को ब्रह्मा जी के दर्शनों के लिये जाते हुये देखा। उन्होंने उन ऋषि-मुनियों से स्वयं को साथ ले जाने का आग्रह किया। उनके इस आग्रह पर ऋषि-मुनियों ने कहा, 'राजन! कोई भी निःसन्तान पुरुष ब्रह्मलोक जाने का अधिकारी नहीं हो सकता अतः हम आपको अपने साथ ले जाने में असमर्थ हैं।' ऋषि-मुनियों की बात सुन कर पाण्डु अपनी पत्नी से बोले, 'हे कुन्ती! मेरा जन्म लेना ही वृथा हो रहा है क्योंकि सन्तानहीन व्यक्ति पितृ-ऋण, ऋषि-ऋण, देव-ऋण तथा मनुष्य-ऋण से मुक्ति नहीं पा सकता क्या तुम पुत्र प्राप्ति के लिये मेरी सहायता कर सकती हो?' कुन्ती बोली, 'हे आर्यपुत्र! दुवार्सा ऋषि ने मुझे ऐसा मन्त्र प्रदान किया है जिससे मैं किसी भी देवता का आह्वान करके मनोवांछित वस्तु प्राप्त कर सकती हूँ। जब कुन्ती का विवाह नहीं हुआ था, उसी समय (सूर्य के अंश से) उनके गर्भ से कर्ण का जन्म हुआ था। परन्तु लोक लाज के भय से कुन्ती ने कर्ण को एक बक्से में बन्द करके गंगा नदी में बहाया।अ कर्ण गंगाजी में बहता हुआ जा रहा था कि महाराज धृतराष्ट्र के सारथी अधिरथ और उनकी पत्नी राधा ने उसे देखा और उसे गोद ले लिया और उसका लालन पालन करने लगे। कुमार अवास्था से ही कर्ण की रुचि अपने पिता अधिरथ के समान रथ चलाने कि बजाए युद्धकला में अधिक थी। कर्ण और उसके पिता अधिरथ आचार्य द्रोण से मिले जो कि उस समय युद्धकला के सर्वश्रेष्ठ आचार्यों में से एक थे। आप आज्ञा करें मैं किस देवता को बुलाऊँ।' इस पर पाण्डु ने धर्म को आमन्त्रित करने का आदेश दिया। धर्म ने कुन्ती को पुत्र प्रदान किया जिसका नाम युधिष्ठिर रखा गया।

*(क्रमशः)*

# महानगरों में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***चौराहों*** पर जाम की समस्या कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं हैं अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस तरह के हालातों से दो चार हो रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देश भी इस गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और अपने तरीके से इसका हल निकालने की कोशिश में लगे हुए हैं। अमेरिकी प्रबंधन कंपनी बॉस्टन कंसलटिंग ग्रुप की मानें तो 2030 तक हमारे देश में चौराहों पर जाम की भेंट यही कोई 3700 करोड़ अमेरिकी डॉलर चढ़ने लगेंगे यानी कि 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान केवल जाम और जाम के कारण ही होने लगेगा। 2019 के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में जाम के कारण 2200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा था। यदि विकास के आइने में देखें तो यह बहुत बड़ी रकम होती है। यह तो केवल धनराशि के रूप में होने वाला नुकसान है जबकि समय, पर्यावरण, रोड़रेज और अन्य कारणों से होने वाला नुकसान तो इसके अलावा है। ऐसे में देखा जाय तो यातायात जाम की समस्या अपने आप में गंभीर हो जाती है। दरअसल शहरीकरण के चलते देश के किसी भी कोने में किसी भी शहर में निकल जाओ, चौराहों पर जाम आम होता जा रहा है। फिर राजधानी दिल्ली सहित देश के बड़े शहरों में तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। देश के अनेक शहरों में अच्छी खासी संख्या में ऐसे सिग्नल रोड़ आसानी से मिल जायेंगे जिनमें यातायात के पीक समय में तीन से चार बार सिग्नल बदलने के बाद जाकर कहीं आपको निकलने का मौका मिल पाता है। यातायात को लेकर यह अपने आप में विकट और गंभीर समस्या है। चौराहों पर जाम के चलते जहां लाखों करोड़ रुपए की ईंधन बरबाद होता है वहीं प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता है। इसके अलावा गलती से किसी के वाहन से टच हो जाएं तो मारपीट या गाली-गलौच भी सुनने को मिलता है। लगातार जाम में फंसने के कारण मानसिक तनाव के हालातों से भी गुजरना पड़ता है। चौराहों पर जाम की समस्या कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं है अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस तरह के हालातों से दो चार हो रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देश भी इस गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और अपने तरीके से इसका हल निकालने की कोशिश में लगे हुए हैं। अमेरिका व यूरोप के कई देशों में रोड कंजेशन चार्ज वसूलते हुए भीड-भाड़ वाले या यों कहें कि जाम से अत्यधिक प्रभावित रास्तों पर वाहनों की आवाजाही को निरुत्साहित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही वाहनों की रेलमपेल को भी कम करने की दिशा में मंथन हो रहा है तो सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में सार्थक कदम उठाये जा रहे हैं। यह एक तरह से लोगों को निरुत्साहित करने का प्रयास ही है। हमारे यहां तो जाम की समस्या और भी अधिक गंभीर है। इसमें भी पुराने शहरों और नई विकसित कालोनियों के बीच आवागमन के लिए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था नहीं होने से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। शहरी नियोजकों द्वारा समय-समय पर चौराहों विशेष को सिग्नल फ्री करने की बात तो की जाती रही है पर ढाक के वही तीन पात देखने को मिल रहे हैं। दरअसल गगनचुंबी इमारतों के साथ ही तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच आने वाले समय में यातायात की होने वाली समस्याओं को लेकर कोई ठोस नीति देखने को नहीं मिल रही है। एक ओर लोगों का छोटे चौपहिया वाहनों से मोह भंग होता जा रहा है वहीं घरों में एक से अधिक चौपहिया वाहन होना भी आम होता जा रहा है। हालात यहां तक हैं कि वाहनों को घर में पार्क करने के लिए जगह नहीं है और ढंग की कॉलोनियों में निकल जाओगे तो घरों के बाहर वाहन पार्क किए हुए देखे जा सकते हैं। कुछ इसी तरह से घनी आबादी के बीच बहुमंजिला इमारतें खड़ी करने से भी जनसंख्या का दबाव बढ़ता जा रहा है। लोग पानी, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं की बात करते हैं वहीं मेरा मानना है कि इनके साथ ही ट्रैफिक की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है।

**2030 तक हमारे देश में चौराहों पर जाम की भेंट यही कोई 3700 करोड़ अमेरिकी डॉलर चढ़ने लगेंगे यानी कि 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान केवल जाम और जाम के कारण ही होने लगेगा।**

**देश की बात**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# चुनाव करीब आते ही वरूण गांधी के सुर बदलने लगे



अजय कुमार

***मेनका*** गांधी और वरूण गांधी को भारतीय जनता पार्टी में उनकी काबलियत को देखते हुए इंट्री या तवज्जो नहीं दी गई थी, बल्कि बीजेपी में इनको आगे बढ़ाने की वजह इन दोनों नेताओं का गांधी परिवार से जुड़ा होना था। भारतीय जनता पार्टी में इस समय गांधी परिवार के दो सदस्यों मेनका गांधी और वरूण गांधी की काफी चर्चा हो रही है। दोनों लम्बे समय से बीजेपी में हैं और जनता की कसौटी पर खरा उतरते हुए चुनाव भी जीतते रहे हैं। मेनका गांधी सुलतानपुर से तो वरूण गांधी पीलीभीत से सांसद हैं। यह लोग यूपी से तब से सांसद चुने जाते रहे हैं, जब बीजेपी की स्थिति यहां (यूपी में) ज्यादा अच्छी नहीं हुआ करती थी। मोदी का तो केन्द्र की राजनीति में उदय तक नहीं हुआ था। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि मेनका-वरूण गांधी द्वारा अन्य लोकसभा उम्मीदवारों की तरह चुनाव जीतने के लिए मोदी के नाम का कोई खास सहारा लिया जाता है। दोनों की अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में अच्छी पकड़ है, लेकिन जब इन नेताओं की बीजेपी के प्रति वफादारी की बात होती है तो यह इस कसौटी पर खरे नहीं उतरते हैं। इसकी कोई बहुत बड़ी वजह नहीं है, लेकिन जो वजह है उसे अनदेखा भी नहीं किया जा सकता है। इस बात का अहसास मेनका और वरूण गांधी को भी है। दरअसल, मेनका और वरूण गांधी को भारतीय जनता पार्टी में उनकी काबलियत को देखते हुए इंट्री या तवज्जो नहीं दी गई थी, बल्कि बीजेपी में इनको आगे बढ़ाने की वजह इन दोनों नेताओं का गांधी परिवार से जुड़ा होना था। यह जगजाहिर था कि मेनका गांधी और सोनिया गांधी में हमेशा छत्तीस का आंकड़ा रहता था। बीजेपी को उम्मीद थी कि मेनका और वरूण गांधी को आगे करके वह देश की सियासत में दूसरे 'गांधी परिवार' (सोनिया और राहुल गांधी) की जड़ें कमजोर कर सकेंगे, जिनके सहारे कांग्रेस न केवल 'इतराया' करती है बल्कि गांधी परिवार के सहारे कांग्रेस चुनावी वैतरणी भी पार करने में सफल होती रहती है। कुल मिलाकर बीजेपी ने गांधी बनाम गांधी का खाका खींच रखा था, जिसे वह (बीजेपी) मेनका-वरूण गांधी के सहारे सियासी धरातल पर उतारना चाहती थी, लेकिन मेनका और खासकर वरूण गांधी थे कि चुनाव तो बीजेपी के सिम्बल से लगातार जीतते जा रहे हैं, लेकिन सोनिया-राहुल और प्रियंका के खिलाफ मौके-बेमौके कभी भी मुंह नहीं खोलते हैं। सोनिया-राहुल तो दूर यह लोग कांग्रेस के खिलाफ भी चुप्पी साधे रहते हैं। बात यहीं तक सीमित नहीं है, बीजेपी के रणनीतिकारों को इस बात का भी गुस्सा है कि वरूण गांधी कांग्रेस और सोनिया-राहुल-प्रियंका वाड्रा के साथ अपने राजनैतिक रिश्ते सुधारने में भी लगे रहते हैं। उधर, बीजेपी के लीडर कहते हैं कि हमें इस बात से कोई शिकायत नहीं है कि पारिवारिक तौर पर पूरा गांधी परिवार एकजुट रहे, लेकिन जब बात सियासत की आती है तो बीजेपी में रहते हुए मेनका-वरूण गांधी परिवार के नाम पर बीजेपी से सियासी बैर नहीं कर सकते हैं। यदि वह बीजेपी में हैं तो उनको बीजेपी की विचारधारा के अनुसार चलना भी होगा और इसे आगे भी ले जाना होगा, इसके लिए यदि कांग्रेस के गांधी परिवार के खिलाफ मोर्चा खोलने की जरूरत पड़े तो मेनका-वरूण विचारधारा से ऊपर पारिवारिक रिश्ते को महत्व देते हुए चुप नहीं रह सकते हैं। बस यही एक वजह है जिस पर मेनका और वरूण गांधी खरे नहीं उतर रहे हैं, जिसके चलते यहां तक कहा जाने लगा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी द्वारा मेनका और विशेषकर वरूण गांधी की उम्मीदवारी के लिए गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए दोनों का या फिर कम से कम वरूण गांधी का तो टिकट काटा ही जा सकता है। मेनका गांधी को भी सुलतानपुर संसदीय सीट की जगह किसी अन्य चुनौती पूर्ण सीट पर उतारा जा सकता है। क्योंकि सुलतानपुर में मेनका गांधी के कामकाज से वहां जनता खुश नजर नहीं आ रही है।

**भारतीय जनता पार्टी में इस समय गांधी परिवार के दो सदस्यों मेनका गांधी व वरूण गांधी की चर्चा हो रही है। दोनों लम्बे समय से बीजेपी में हैं और जनता की कसौटी पर खरा उतरते हुए चुनाव भी जीतते रहे हैं।**

**सियासत**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ पायरिया का ईलाज ❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ स्माईल डिजाइन ❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण ❖ फिक्स दाँत लगाना ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### बीजेपी ने अपने सांसदों को लोस में मौजूद रहने को कहा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने तीन लाइन का व्हिप जारी कर अपने सभी सांसदों को गुरुवार और शुक्रवार को लोकसभा में उपस्थित रहने को कहा है। यदि गतिरोध जारी रहता है तो सरकार वित्त विधेयक पारित करने के लिए 'गिलोटिन' का विकल्प चुन सकती है। बीजेपी और विपक्ष के हंगामे के चलते संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में एक दिन भी काम नहीं हो सका है। भाजपा राहुल गांधी से लंदन में उनके बयान के लिए माफी की मांग कर रही है, जबकि कांग्रेस अडाणी मामले की जेपीसी जांच की मांग पर अड़ी हुई है।

### असम में 12 करोड़ की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने 12 करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया है। बरामदगी असम-मिजोरम सीमा के पास करीमगंज जिले के राताबारी के भेतरबोंड इलाके में हुई। नशा तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक, करीमगंज जिला, पार्थ प्रतिम दास ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को एक अभियान चलाया और पड़ोसी राज्य मिजोरम से आ रहे एक वाहन को रोक लिया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ को 121 साबुन की पेटियों में भरकर वाहन में छिपाकर रखा गया था। गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान अब्दुल कलाम और साजू मोहम्मद के रूप में हुई है।

### ग्वालियर से संदिग्ध विस्फोटक समेत चार लावारिस बैग जब्त

**सीवान।** सीवान की जनरल रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने ग्वालियर एक्सप्रेस से चार लावारिस बैग जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैग में संदिग्ध सामग्री विस्फोटक होने का अनुमान लगाया गया है। जीआरपी के पुलिसकर्मी शराब की बोतलों का पता लगाने के लिए नियमित जांच में लगे थे। उसी दौरान हेड कांस्टेबल शब्बीर मियां को ट्रेन के एक डिब्बे में चार बैग मिले। इस घटना पर जीआरपी थाना सीवान के एसएचओ, सुधीर कुमार ने कहाः जब हमारे पुलिस कर्मियों ने बैग के बारे में पूछताछ की, तो यात्रियों में से किसी ने भी दावा नहीं किया कि बैग किसका है। हम बैग को जीआरपी पुलिस स्टेशन ले गए।

# प्राचीन ग्रंथों व पांडुलिपियों के ज्ञान को सुरक्षित कर रही सरकार : शाह

### टेक्नोलॉजी के माध्यम से भविष्य के लिए प्राचीन ग्रंथों व पांडुलिपियों को किया जा रहा सुरक्षित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से भारत के प्राचीन ग्रंथों व पांडुलिपियों के ज्ञान को भविष्य के लिए सुरक्षित कर रही है। शाह ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि उन्होंने आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) की ओर से तैयार किए गए 'वैदिक हेरिटेज पोर्टल' का लोकार्पण किया है। इस पोर्टल के माध्यम से युवा पीढ़ी वेदों व उपनिषदों के ज्ञान व परंपरा को आगे बढ़ा सकेगी।



शाह ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 64 कलाओं पर आधारित वर्चुअल म्यूजियम 'कला वैभव' का भी लोकार्पण किया। इस म्यूजियम के माध्यम से दुनिया भारत की वास्तुकला, चित्र, नाट्य, संगीत आदि समस्त कलाओं से और अधिक परिचित होगी और विश्व को भारत की वैभवशाली संस्कृति का समृद्ध इतिहास जानने में सुविधा होगी।

उल्लेखनीय है कि आज केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने आईजीएनसीए पहुंचकर 'वैदिक हेरिटेज पोर्टल' और वर्चुअल म्यूजियम 'कला वैभव' का भी लोकार्पण किया। इस दौरान केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी, आईजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर राय, कला केंद्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वैदिक हेरिटेज पोर्टल को आईजीएनसीए ने हिंदी और अंग्रेजी भाषा में तैयार किया है। इस पोर्टल के माध्यम से पाठक सरल भाषा में वेदों को समझ सकते हैं। इसमें 18 हजार से अधिक वैदिक मंत्रों के ऑडियो एवं विजुअल उपलब्ध हैं। इस पोर्टल पर वैदिक मंत्रों को सरल एवं सहज भाषा में समझाया गया है। पोर्टल को तैयार करने में वेदों को जानने वाले लोग, वेद शोध संस्थानों, वेदपाठी परिवारों सहित दुनियाभर के वेद के जानकारों ने सहयोग किया है। कला केंद्र ने वेदों के ज्ञान को सरल भाषा में आम लोगों तक पहुंचाने के लिए इस पोर्टल को तैयार किया है।

# दिहाड़ी मजदूर को आईटी ने भेजा 70 लाख का नोटिस

### नोटिस मिलने के बाद दिहाड़ी मजदूर के उड़ गए होश

**एजेंसी। रुड़की/उत्तराखंड**

रुड़की में दिहाड़ी मजदूर को आयकर विभाग ने 70 लाख रुपये का नोटिस भेजा है। नोटिस मिलने के बाद दिहाड़ी मजदूर के होश उड़ गए। आयकर विभाग का कहना है कि संबंधित के नाम पर दिल्ली में एक फर्म संचालित है। जिसमें अन्य फर्म के साथ लाखों रुपये का लेन-देन हो रहा है। आयकर जमा न कराने पर यह नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर, गली नंबर-21 निवासी सुनील कुमार दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। सुनील कुमार को उत्तर प्रदेश के शामली स्थित आयकर विभाग ने 70 लाख रुपये का एक नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलने से सुनील कुमार बेहद परेशान है। आयकर अधिवक्ता विकास कुमार सैनी के माध्यम से सुनील ने आयकर विभाग शामली के इनकम टैक्स ऑफिसर अभिषेक कुमार जैन से संपर्क किया।

उन्होंने बताया कि उसके नाम पर मैसर्स एसजीएन ब्रॉस, दिल्ली नाम से एक फर्म रजिस्टर्ड है। जिसमें सुनील का पैन कार्ड लगा है। उसी के नाम पर जीएसटी नंबर लिया गया है। उसकी फर्म का अन्य फर्म के साथ लाखों रुपये का लेन-देन हुआ है। इसी के चलते नोटिस जारी किया गया है। सुनील कुमार ने बताया कि वह बेहद गरीब है। उसके नाम पर कोई भी फर्म नहीं है। किसी ने उसके पैनकार्ड का दुरुपयोग किया है। पीड़ित ने मामले की तहरीर गंगनहर कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अधिवक्ता विकास कुमार सैनी ने बताया कि किसी ने सुनील कुमार के नाम पर फर्जी फर्म खुली है। इसी आधार पर सुनील कुमार को आयकर विभाग ने 70 लाख तीन हजार का नोटिस जारी किया है।

# नई बेंच गठित करेगा उच्चतम न्यायालय

### बहुविवाह व निकाह हलाला के खिलाफ करेगा सुनवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह मुस्लिमों में बहुविवाह और 'निकाह हलाला' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए पांच न्यायाधीशों की नई संविधान पीठ का गठन करेगा। मामले में अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला शामिल थे, ने कहा कि वह इस मामले पर विचार करेंगे।

मुख्य न्यायाधीश ने कहाः एक उचित चरण में, मैं एक संविधान पीठ का गठन करूंगा।

पिछले साल 30 अगस्त को जस्टिस इंदिरा बनर्जी, हेमंत गुप्ता, सूर्यकांत, एम.एम. सुंदरेश, और सुधांशु धूलिया ने याचिकाओं पर नोटिस जारी किया था और मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) को पक्ष बनाया और उनकी प्रतिक्रिया मांगी थी।

हालांकि, जस्टिस बनर्जी और जस्टिस गुप्ता अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, इसलिए बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथाओं को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के लिए पीठ के पुनर्गठन की आवश्यकता है। उपाध्याय की याचिका में कहा गया है कि तीन तलाक, बहुविवाह और निकाह-हलाला की प्रथा संविधान के अनुच्छेद-14, 15 और 21 का उल्लंघन और सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

### पूर्णागिरि मेले में बड़ा हादसा

# श्रद्धालुओं पर चढ़ी बस, पांच की मौत

**एजेंसी। टनकपुर**

उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि के मेले में गुरुवार नवरात्र के दूसरे दिन सुबह-सुबह बेहद ही दुखद हादसा हो गया। उत्तराखंड के चंपावत में ठूलीगाड़ पार्किंग में एक बस श्रद्धालुओं के उपर चढ़ गई। हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि आठ घायल हो गए हैं। मृतक यूपी के बहराइच जिले के रहने वाले थे। दरअसल, गुरुवार को ठुलीगाड़ के पास यात्री पार्किंग में खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गए। हादसे का शिकार हुए सभी लोगों को टनकपुर अस्पताल लाया गया। कुछ लोगों ने इलाज से पहले ही दम तोड़ दिया। जबकि कुछ घायलों का टनकपुर उप जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस हादसे की जांच में जुटी है।




# पेशाब कांड : दिल्ली हाईकोर्ट ने डीजीसीए को अपीलीय समिति बनाने का दिया निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को नागरिक उड्डयन महानिदेशक (डीजीसीए) को दो सप्ताह के भीतर एक अपीलीय समिति गठित करने का निर्देश दिया ताकि एयर इंडिया द्वारा 'अनियंत्रित यात्री' घोषित करने और चार महीने के लिए उड़ान भरने पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ शंकर मिश्रा की अपील की जांच की जा सके। मिश्रा पर न्यूयॉर्क-दिल्ली एयर इंडिया की उड़ान में एक बुजुर्ग महिला सह-यात्री पर पेशाब करने का आरोप है, हाल ही में उसने अपील पर सुनवाई के लिए एक अपीलीय समिति के गठन की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। अदालत ने डीजीसीए अपीलीय समिति को मिश्रा की याचिका पर सुनवाई के लिए 20 अप्रैल को अपनी पहली बैठक करने को कहा है। इसने याचिकाकर्ता मिश्रा को दो सप्ताह में अपील दायर करने का भी निर्देश दिया।




सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह की एकल-न्यायाधीश की पीठ ने टिप्पणी की कि मामले के तथ्यों को देखते हुए, अधिकारियों ने इस मामले में बहुत ही सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है। पिछली सुनवाई में डीजीसीए के वकील ने कहा था कि कमेटी पहले से ही मौजूद है। अदालत ने तब डीजीसीए के वकील से अपीलीय समिति के गठन को एक सप्ताह के भीतर अदालत के समक्ष रखने को कहा था। मिश्रा को दिल्ली पुलिस ने 7 जनवरी को बेंगलुरू से पिछले नवम्बर में एक उड़ान में नशे की हालत में 70 वर्षीय एक महिला पर पेशाब करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, जबकि 31 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी की पटियाला हाउस कोर्ट ने उसे जमानत दे दी थी।




### कंगना ने जन्मदिन पर जारी की भावनात्मक पोस्ट



**अभिनेत्री** कंगना रनौत गुरुवार को 36 साल की हो गईं और उन्होंने उन लोगों से माफी मांगी, जिन्हें उन्होंने जाने अनजाने में ठेस पहुंचाई है और यहां तक कि अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के लिए एक संदेश भी साझा किया। कंगना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जहां वे हरे रंग की साड़ी पहने और बालों को पीछे की ओर बांधे हुए शाही अंदाज में दिख रही हैं। 'धाकड़' अभिनेत्री ने सबसे पहले अपनी मां, पिता और अपने गुरुओं (सद्गुरु और स्वामी विवेकानंद) को उनकी शिक्षाओं के लिए धन्यवाद दिया। वह फिर अपने 'शत्रु' से बात करने लगी। उन्हें यह कहते हुए सुना गया, मेरे शत्रु, जिन्होंने आजतक मुझे कभी आराम नहीं करने दिया। चाहे जितनी भी सफलता मिली, फिर भी मुझे सफलता के मार्ग पे तत्पर रखा।

### इरफान के बेटे ने झूमे जो पठान पर लगाए ठुमके, शाहरुख बोले- ये ज्यादा टैलेंटेड



शाहरुख खान की कमबैक फिल्म 'पठान' का फीवर अब भी फैंस के सिर से उतरा नहीं है। इस फिल्म के गाने झूमे जो पठान पर तो सोशल मीडिया पर रील्स और तमाम वीडियो की बाढ़ आई हुई है। इस लिस्ट में एक और एडिशन हो गया है। दरअसल, क्रिकेटर इरफान पठान के नन्हे से बेटे ने भी झूमे जो पठान पर ठुमके लगाए हैं जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। यहां तक की खुद किंग खान यानी शाहरुख खान ने भी इरफान पठान के बेटे की क्यूट वीडियो पर रिएक्शन दिया है। बता दें कि क्रिकेटर इरफान पठान ने अपने बेटे की वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा थाः खान साहब प्लीज अपनी लिस्ट में एक और सबसे क्यूटेस्ट फैन को शामिल करें। वीडियो में इरफान पठान के नन्हे से बेटे को मोबाइल पर पठान फिल्म के गाने झूमे जो पठान को सुनते हुए और लास्ट में उस पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वहीं, शाहरुख खान ने इस क्लिप पर रिएक्शन देते हुए और इसे दोबारा पोस्ट भी किया। उन्होंने ट्वीट किया, ये तुमसे ज्यादा टैलेंटेड निकला...छोटा पठान।

**ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर भी रिलीज हुई पठान :** पठान को सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया है और यशराज फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी अहम रोल प्ले किया है। ये फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अभी भी टिकट खिड़की पर जमकर कमाई कर रही है। फिल्म में डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा भी थे।

### विराट और अनुष्का ने अपने गैर-लाभकारी फाउंडेशन का किया विलय



**स्टार** जोड़ी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने अनुष्का शर्मा फाउंडेशन और विराट कोहली फाउंडेशन का विलय करने का फैसला किया है। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए दोनों ने ये गैर-लाभकारी पहल शुरू की थी। अनुष्का और विराट ने एक संयुक्त बयान में कहाः खलील जिब्रान के शब्दों में, 'वास्तव में यह जीवन है जो जीवन देता है - जबकि आप, जो खुद को देने वाला मानते हैं, केवल एक साक्षी हैं। इस भावना को ध्यान में रखते हुए, हमने अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने के मकसद से एक साथ काम करने का फैसला किया है। सेवा का कार्य किसी विशेष मुद्दे तक ही सीमित नहीं रहेगा, क्योंकि यह मानवता का समर्थन करते हुए सामाजिक भलाई के लिए प्रयास करना जारी रखेगा जो आज के समय की आवश्यकता है। इस बीच, विराट खेलों में छात्रवृत्ति प्रदान करना जारी रखेंगे।

### द एलिफेंट व्हिस्पर्स की जोड़ी बोमन बेली ने ऑस्कर के साथ दिया पोज



**95वें** अकादमी पुरस्कार जीतने वाली डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' का हिस्सा रहे बोमन और बेली की जोड़ी को आखिरकार गोल्डन स्टेच्यू मिला। डॉक्यूमेंट्री के निर्देशक कार्तिकी गोंसाल्विस ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्हें कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पुरस्कार पकड़ा हुआ दिखाया गया है। कार्तिकी ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, हमें अलग हुए चार महीने हो गए हैं और अब मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं घर पर हूं एट द रेट 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स'। 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' बोमन और बेली नाम के एक स्वदेशी जोड़े की कहानी दर्शाती है, जिन्हें रघु नाम का एक अनाथ हाथी का बच्चा सौंपा गया है।

### असम | जी-20 बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे 29 देशों के प्रतिनिधि

# 103 प्रतिनिधियों का हुआ स्वागत

**एजेंसी। डिब्रूगढ़**

ऊपरी असम के डिब्रूगढ़ शहर में दो दिवसीय जी-20 की बैठक में हिस्सा लेने के लिए 20 सदस्य देशों सहित नौ अतिथि देशों के कुल 103 प्रतिनिधि गुरुवार को यहां पहुंचे गए हैं। यह प्रतिनिधि यहां के चाय बगानों का दौरा भी करेंगे। डिब्रूगढ़ स्थित मोहनबाड़ी हवाई अड्डे पर जिला प्रशासन ने यहां पहुंचे प्रतिनिधियों का स्वागत किया। स्वागत की श्रृंखला में यहां स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

विभिन्न जातीय समूहों की सांस्कृतिक मंडलियों के प्रदर्शनों को देख प्रतिनिधि मंत्रमुग्ध हो गये।



यहां होने वाली दो दिवसीय जी-20 की बैठक 24 व 15 मार्च को होगी और यह बैठक अनुसंधान एवं नवाचार पहल पर केंद्रित है। डिब्रूगढ़ मोहनबाड़ी हवाई अड्डे से जी-20 के प्रतिनिधि असम के चाय उत्पादन का जायजा लेने के लिए चाय बागानों और चाय की फैक्ट्रियों का दौरा करेंगे। प्रतिनिधि तीन हिस्सों में बंटकर क्रमशः मनोहारी चाय बागान, मानकटा और एथेलवुड चाय बागानों का दौरा करेंगे। इसके बाद डिब्रूगढ़ के होटलों में प्रतिनिधियों को रात विश्राम की व्यवस्था की गई है।

डिब्रूगढ़ जिला प्रशासन ने पहले से ही जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए व्यापक तैयारी की है, जो अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए दुनिया का एक उन्नत मंच है। जी-20 की बैठक 24 और 25 मार्च को डिब्रूगढ़ में होगी। जिसमें 20 सदस्य देशों के साथ ही यूरोपिय संघ के सदस्य तथा 9 अतिथि देशों एवं आमंत्रित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों सहित कुल 103 प्रतिनिधी हिस्सा लेंगे।

# स्विस ओपन : सिंधु, श्रीकांत और प्रणय दूसरे दौर में पहुंचे

### लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर हो गए बाहर

**एजेंसी। बासेल/स्विट्जरलैंड**
भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने स्विस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दो बार की ओलम्पिक चैंपियन और गत विजेता सिंधु ने स्विट्जरलैंड की जंजीरा स्टेडलमैन को बुधवार रात 32 मिनट में 21-9, 21-16 से हराया। उनका अगला मुकाबला इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी से होगा। पुरुष एकल में पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने चीन वेंग होंग यांग को कड़े संघर्ष में 21-16, 15-21, 21-18 से पराजित किया। श्रीकांत का दूसरे दौर में चियुक यीयू ली से मुकाबला होगा।
एक अन्य मैच में पांचवीं सीड एचएस प्रणय ने चीन के शी यू की को एक घंटे तक चले मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-17 से हराया। एक अन्य भारतीय मिथुन मंजुनाथ ने हॉलैंड के जोरान क्वीकेल को 21-8, 21-17 से हराया। उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के चिया हाओ ली से होगा। हालांकि, राष्ट्रमंडल खेलो के चैंपियन लक्ष्य सेन को पहले दौर में हांगकांग के चियुक यीयू ली से 18-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।
इस बीच मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप और किरण जॉर्ज को हार का सामना करना पड़ा जबकि एन सिक्की रेड्डी और आरती सारा सुनील पहले दौर में बाहर हो गए। रेड्डी और रोहन कपूर मिश्रित युगल में हार गए। लेकिन सात्विकसैराज रन्किरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने अपनी पदक उम्मीदों को कायम रखा।



## वर्ल्ड नंबर 1 स्वीयाटेक ने चोट के कारण लिया ब्रेक

**एजेंसी। वारसॉ**
दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने कहा है कि खांसी के कारण पसली में लगी चोट से वह मियामी ओपन और बिली जीन किंग कप में नहीं भाग लेंगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले सत्र में 21 वर्षीय ने मियामी में फाइनल में नाओमी ओसाका को हराकर ट्रॉफी जीती थी, लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने कहा कि वह अपने खिताब का बचाव नहीं करेंगी। स्वीयाटेक ने बुधवार रात जारी एक बयान में लिखाः दोहा के बाद मैं एक गंभीर संक्रमण से जूझ रही थी। मुझे खेलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन खांसी के एक मजबूत प्रकोप के कारण पसली में चोट लग गई। हम इसे संभालने की कोशिश कर रहे थे और तब तक खेलना जारी रखा, जब तक यह मेरे लिए सुरक्षित था। उन्होंने आगे कहाः हम हाल के दिनों में डेटा का विश्लेषण कर रहे थे और मेरे डॉक्टर ने मेरा निदान तैयार किया।

## NEWS इन ब्रीफ

### पूर्व चैंपियन एंडी मरे और जान इस्नर पहले दौर में बाहर

**मियामी/अमेरिका।** दो बार के पूर्व चैम्पियन एंडी मरे को सर्बिया के दुसान लाजोविच से मियामी ओपन के पहले राउंड में 6-4, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा। बुधवार का मुकाबला लाजोविच का मरे के साथ पहला करियर मुकाबला था और उन्होंने सत्र की अपनी पहली हार्ड कोर्ट जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला अमेरिका के मेक्सिम क्रेसी से होगा और उनमे से जो कोई भी जीतेगा वह तीसरे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से भिड़ेगा।

### बॉस कोका की नजर आक्रामक फुटबॉल पर

**मेक्सिको सिटी।** अर्जेंटीना के मैनेजर डिएगो कोका ने मैक्सिको की राष्ट्रीय टीम के प्रभारी के रूप में अपने पहले मैच की तैयारी के दौरान आक्रामक खेल शैली अपनाने का वादा किया है। कोका मैक्सिको डगआउट में अपनी शुरुआत करेंगे, जब एल ट्राई गुरुवार को कोनकाकाफ नेशंस लीग में पारामारिबो के फ्लोरा स्टेडियम में सूरीनम से मिलेंगे। कोका ने संवाददाताओं से कहा, जिस तरह से हम खेलते हैं वह आने वाले परिणामों को निर्धारित करेगा।

### भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धाओं में रजत और कांस्य पदक जीते

**भोपाल।** भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप के दूसरे दिन गुरुवार को दो और पदक अपने नाम किये। रिदम सांगवान और वरुण तोमर ने 10 मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि नर्मदा नितिन और रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रिदम और वरुण को स्वर्ण पदक मुकाबले में चीनी जोड़ी वेई कियान और जिनयाओ लियू से 11-17 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीन ने इस स्पर्धा में जर्मनी को हराकर कांस्य पदक भी जीता। राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में नर्मदा और रुद्रांक्ष ने चीन की जोड़ी को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। अब तक मेजबान भारत के पदक तालिका में कुल चार पदक हो गए हैं और वह तालिका में दूसरे स्थान पर है।

### आईसीसी मेंस वनडे रैंकिंग

# शीर्ष पर पहुंची टीम ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी। चेन्नई**
ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय मैच में भारत को 21 रन से हराकर गुरुवार को जारी ताजा आईसीसी मेंस वनडे टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। भारत पर 21 रन की जीत को बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत के 112.638 की तुलना में 113.286 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। 111 अंकों के साथ न्यूजीलैंड की टीम तीसरे स्थान पर है। वहीं, इंग्लैंड चौथे और पाकिस्तान पांचवें स्थान पर है।
मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 49 ओवर में 269 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल मॉर्श ने 47, एलेक्स कैरी ने 38, ट्रैविस हेड ने 33 और मार्नस लाबुशेन ने 28 रन बनाए।
भारत की ओर से कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या ने 3-3 और मोहम्मद सिराज व अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भारतीय टीम 49.1 ओवर में 248 रनों पर सिमट गई। भारत के लिए विराट कोहली ने 54, हार्दिक पांड्या ने 40, शुभमन गिल ने 37, केएल राहुल ने 32 और रोहित शर्मा ने 30 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जाम्पा ने 4, एश्टन एगर ने 2, मार्कस स्टोइनिस और सीन एबॉट ने 1-1 विकेट लिया।



### मुझे विश्वास है कि वार्नर किसी समय ओपनिंग में लौटेंगे : मिचेल मार्श

**एजेंसी। चेन्नई**
वर्ष 2021 में जब मिचेल मार्श को टी-20 टीम में बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर प्रोन्नत किया गया था तो कुछ ने कहा था यह मास्टर स्ट्रोक साबित होगा और ऑस्ट्रेलिया ने यूएई में टी-20 विश्व कप जीत लिया। 2023 में डेविड वार्नर चोट के कारण उपलब्ध नहीं थे तो मार्श को भारत के खिलाफ वनडे में ओपनर बनाया गया। उन्होंने मुंबई और विशाखापत्तनम में 81 और नाबाद 66 रन बना डाले। जब वार्नर चेन्नई में सीरीज के निर्णायक मैच में लौटे तो मार्श ने अपना ओपनर का स्थान बरकरार रखा और तेजी से 47 रन बनाये जबकि अनुभवी वार्नर चौथे नंबर पर उतरे।




मार्श को ऑस्ट्रेलिया की 2-1 की सीरीज जीत में 97 के औसत से 194 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। मार्श का अब भी मानना है कि वार्नर भारत में अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी में किसी समय ओपनर के रूप में लौट सकते हैं। मार्श ने कहा : डेवी पहले दो मैचों के लिए बाहर थे। मुझे मौका मिला और मैंने इसका आनंद उठाया। वार्नर लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया के लिए अविश्वसनीय खिलाड़ी रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ वनडे ओपनरों में से एक रहे हैं। मुझे विश्वास है कि वह किसी समय ओपनिंग में फिर लौटेंगे। लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि हम बल्लेबाजी में लचीले रहें।

## सीरीज हारने के बावजूद रोहित ने टीम की आक्रामक शैली का किया समर्थन

**एजेंसी। चेन्नई**
कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज 1-2 से हारने के बावजूद टीम की आक्रामक शैली का समर्थन किया है और वादा किया है कि टीम इस वर्ष बाद में होने वाले वनडे विश्व कप में हर कीमत पर अपनी आक्रामक शैली कायम रखेगी। भारत को ऑस्ट्रेलिया से तीसरे और निर्णायक वनडे में बुधवार रात 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत ने सीरीज और नंबर एक वनडे टीम रैंकिंग गंवा दी।
आखिरी वनडे शुरू होने से पहले भारत के 114 अंक थे जबकि ऑस्ट्रेलिया के 112 अंक थे। सीरीज समाप्ति के बाद ऑस्ट्रेलिया के 113.286 रेटिंग अंक और भारत के 112.638 रेटिंग अंक हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को सावधानी से खेलने की जरूरत थी, लेकिन रोहित चाहते हैं कि उनकी टीम 50 ओवर क्रिकेट में आक्रामक खेलना जारी रखे। रोहित ने हार के बाद कहाः हमने हमेशा भयमुक्त क्रिकेट खेलने की बात की है। यदि किसी को लगता है कि वह गेंदबाज पर हावी हो सकता है तो हमने उसे ऐसा करने की पूरी आजादी दी है।
रोहित शर्मा ने कहाः मुझे नहीं लगता कि लक्ष्य ज्यादा बड़ा था। दूसरी पारी में बल्लेबाजी मुश्किल हो गई थी। आज हम बढ़िया साझेदारी बनाने में सफल नहीं हो पाए। हम इसी तरह की पिच पर खेलते हुए बड़े हुए हैं। हमें उसी हिसाब से खेलना चाहिए था। ऐसा नहीं है कि 300 का लक्ष्य था, लेकिन क्रिकेट में ऐसी चीजें होती रहती हैं। हम इस सीरीज से काफी कुछ सीख कर जा रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि एक टीम के तौर पर हमें आगे कैसे खेलना है। मैं किसी एक या दो खिलाड़ी को दोषी नहीं कह सकता। यह हार पूरी टीम की हार है।




### इस हार को नहीं भूलना चाहिए : गावस्कर

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा एंड कंपनी से बुधवार को चेन्नई में सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे में आस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार को नहीं भूलने को कहा है। वे होने वाले एक दिवसीय विश्व कप में पांच बार के चैम्पियन से फिर से मुकाबला कर सकते हैं। एमए चिदंबरम स्टेडियम में धीमी और मुश्किल पिच पर 270 रनों का पीछा करते हुए, जहां स्ट्रोक-प्ले आसान नहीं था, भारत 49.1 ओवर में 248 रन बनाकर सीरीज 1-2 से हार गया। इस हार का मतलब यह भी था कि भारत 2019 के बाद पहली बार द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला हार गया। आस्ट्रेलिया 2019 में द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में भारत को हराने वाली आखिरी टीम थी, जिसने पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से जीती थी। यह बनाया गया दबाव था। उन्हें सिंगल नहीं मिल रहे थे। जब ऐसा होता है तो आप कोशिश करते हैं और कुछ ऐसा खेलते हैं जिसके आप अभ्यस्त नहीं होते हैं। गावस्कर ने मैच खत्म होने के बाद स्टार स्पोर्ट्स को बतायाः यह ऐसी चीज है जिस पर उन्हें गौर करना होगा।

# आंद्रेस्कू ने राडुकानू को हराया

### पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन बियांका आंद्रेस्कू ने मियामी ओपन के पहले दौर में एमा को हराया

**एजेंसी। मियामी/यूएसए**
पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन बियांका आंद्रेस्कू ने यहां मियामी ओपन के पहले दौर में एमा राडुकानू को हरा दिया। आंद्रेस्कू ने बुधवार रात दो घंटे 33 मिनट में राडुकानू को 6-3, 3-6, 6-2 से हराया। यहां 2021 के फाइनलिस्ट आंद्रेस्कू ने पिछले साल रोम में अपना पहला राउंड मैच जीता था, जब राडुकानू पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण 2-6, 1-2 से पीछे चल रही थी और मैच से रिटायर हो गयी थीं। लेकिन इस बार, उन्होंने तीन सेटों में कड़ी टक्कर दी। 22 वर्षीय कनाडाई अगले दौर में नंबर 7 वरीयता प्राप्त मारिया सकारी से भिड़ेंगी।
आंद्रेस्कू ने 2021 मियामी सेमीफाइनल में 7-6(7), 3-6, 7-6(4) से जीत हासिल की, लेकिन सकारी को यूएस ओपन के चौथे दौर में 6-7(2), 7-6(6), 6-3 से जीत मिली। आंद्रेस्कू ने डब्ल्यूटीए द्वारा कहाः आप कभी नहीं जानते कि क्या उम्मीद करनी है। मैं यहां आज उनके साथ अपना सर्वश्रेष्ठ खेलने के लिए आई थी और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया। एमा ने अद्भुत खेला। वह एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है और मैं उनका सम्मान करती हूं। उन्होंने कहाः मैंने अपनी नकारात्मक भावनाओं को खुद पर हावी नहीं होने दिया। मैं सकारात्मक रही, मैं बहुत ऊर्जावान थी और मैंने कभी हार नहीं मानी। विशेष रूप से आंद्रेस्कू और राडुकानु के बीच समानताएं हैं। दोनों टोरंटो में पैदा हुए थे और उनकी रोमानियाई विरासत है और दोनों ने अपने टूर्नामेंट की शुरुआत में किशोरों के रूप में यूएस ओपन जीता था। तब से, चोटों और असंगति से जूझने के बाद, दोनों ने पहले दौर में गैर-वरीयता प्राप्त विरोधियों के रूप में मियामी ओपन में प्रवेश किया।

# हिमानी ने जीता दोहरा खिताब

### वर्ल्ड बैडमिन्टन चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी। जयपुर**
गोवा में 19 से 26 मार्च तक चल रही योनेक्स सनराईज मास्टर्स वेटेरन बैडमिन्टन चैम्पियनशिप 2023 में राजस्थान के विजय पूनियां की पुत्री हिमानी पूनियां ने प्रतियोगिता में दोहरे खिताब जीतकर वर्ल्ड बैडमिन्टन चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान सुरक्षित किया है। राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव एवं भारतीय बैडमिंटन संघ के प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक केके शर्मा ने बताया कि राजस्थान की कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय पूनियां की पुत्री हिमानी पूनियां ने 40 वर्ग की महिला एकल मुकाबले के फाइनल में छत्तीसगढ़ की मनीषा सिंह को 21-16, 21-17 से हराकर प्रतियोगिता में गोल्ड पर कब्जा किया। वहीं, 40 वर्ष महिला युगल में हिमानी पूनियां ने तमिलनाडु की नल्लई गांधीवती के साथ मिलकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया।
राजस्थान की हिमानी पूनियां ने पूर्व में कई मेडल जीते हैं और इस वर्ष प्रतियोगिता में दोहरे खिताब प्राप्त कर साउथ कोरिया में होने वाली वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयनित हुई है। प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण में गोवा के खेलमंत्री गोविन्दराम एवं प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक के.के. शर्मा ने हिमानी पूनियां को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। उनके साथ गोवा बैडमिन्टन संघ के अध्यक्ष नरहरी ठाकुर एवं तमिलनाडु के सचिव अरुणाचल भी उपस्थित रहे।




### आईपीएल | मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच सीजन के लिए तैयार

# कीरोन पोलार्ड ने प्री-सीजन किया शुरू

**एजेंसी। मुंबई**
वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड, मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच के रूप में अपने पहले प्री-सीजन अभ्यास सत्र के लिए पहुंचे। पोलार्ड हमेशा अग्रणी रहे हैं और खिलाड़ी अक्सर उनके पास जाते हैं और सलाह लेते हैं और अब एक पूर्णकालिक भूमिका के साथ, युवा क्रिकेटर, जो उनकी सफलता को दोहराने की आकांक्षा और सपने देखते हैं, उनके साथ और भी अधिक समय बिताने के लिए उत्सुक हैं।
टीम के पहले अभ्यास सत्र के अंत में कीरोन पोलार्ड ने कहाः मुंबई इंडियंस के लिए खेलने और मुंबई के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की भावना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए बहुत कुछ किया है और मुझे लगता है कि अब मुझे उनके लिए कुछ करना है।



एक खिलाड़ी के दृष्टिकोण से उनके लिए मेरे पास बहुत कुछ है, मुझे लगता है कि यह सिर्फ क्रिकेट मैच और इस तरह की चीजों से कहीं अधिक है। मेरे लिए कुछ भी नहीं बदलेगा, मैं लोगों के आसपास उसी तरह के व्यक्तित्व और चरित्र के साथ रहूंगा। पोलार्ड ने पिछले साल नवम्बर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा की और आईपीएल 2023 के लिए टीम में बल्लेबाजी कोच के रुप में वापसी की। जब से उन्होंने 2010 में मुंबई के साथ करार किया, पोलार्ड फ्रेंचाइजी के मार्की खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्होंने उन्हें कई मैच जिताए। पक्ष के लिए 189 मैचों में, पोलार्ड ने 28.67 के औसत से 16 अर्द्धशतकों के साथ 3,412 रन बनाए। उन्होंने पांच बार की चैम्पियन टीम के लिए 69 विकेट भी लिए हैं। लेकिन 2022 में मुंबई के साथ पिछला सीजन उनके लिए थोड़ा खराब रहा। 11 मैचों में, वह 25 के उच्चतम स्कोर के साथ, 14.40 के औसत और 107.46 की खराब स्ट्राइक रेट से केवल 144 रन ही बना सके और केवल चार विकेट लिए।

### लिविंगस्टोन पूरे सत्र में खेलेंगे बेयरस्टो को नहीं मिली एनओसी

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को आगामी आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेलने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है जबकि आक्रामक बल्लेबाज जानी बेयरस्टो को एनओसी देने से इंकार कर दिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार चोट से उबर रहे बेयरस्टो को 31 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए एनओसी नहीं देने का फैसला किया है। ईसीबी को उम्मीद है कि बेयरस्टो इस वर्ष बाद में एशेज के लिए उपलब्ध रहेंगे। 33 वर्षीय बेयरस्टो को पंजाब किंग्स ने खिलाड़ी नीलामी में 6.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह अपनी चोट के कारण अगस्त से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेले हैं।



16वीं इंडियन कोल मार्केट्स कांफ्रेंस का उद्घाटन

# कोयले की मांग बनी रहेगी : एमडी विनय वर्मा




**नवीन मेल नेटवर्क। कोलकाता**
भारत की सबसे बड़ी बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड कोलकाता में 16वीं इंडियन कोल मार्केट्स कॉन्फ्रेंस (भारतीय कोयला बाजार सम्मेलन) का आयोजन कर रही है। आईटीसी सोनार में 20-21 मार्च 2023 के बीच इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। तेजी से बदलती ऊर्जा गतिशीलता को समझने के लिए, इस सम्मेलन की थीम कोल रश : ग्रोइंग इन ए ग्रीन वर्ल्ड रखी गई है। इसी थीम के मुताबिक, यह सम्मेलन कोयला और नवीकरणीय क्षेत्रों में विकास और इस क्षेत्र में नए निवेश की व्यवहार्यता के मायने समझने के लिए संवाद का मंच मुहैया कराएगा। एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर विनय वर्मा ने 16वीं इंडियन कोल मार्केट कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र के दौरान सभी गणमान्य अतिथियों और डीजी अजय मिश्रा ने भी भारतीय कोयला उद्योग की कई जटिलताओं को लेकर सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ विनय वर्मा ने कहा, यह एक कठिन लक्ष्य है क्योंकि वित्त वर्ष 23 में अनुमानित 700 मिलियन टन की तुलना में 80 मिलियन टन अधिक कोयले की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, भारत में, गैस और तेल की आपूर्ति से जुड़े भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच ऊर्जा सुरक्षा और स्वतंत्रता के लिए कोयला महत्वपूर्ण है।

# एआईएस फॉर टैक्सपेयर मोबाइल ऐप लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आयकर विभाग ने करदाताओं की सुविधा के लिए वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस)/करदाता सूचना सारांश (टीआईएस) में उपलब्ध जानकारी को देखने के लिए एआईएस फॉर टैक्सपेयर नाम से एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। एआईएस फॉर टैक्सपेयर आयकर विभाग द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जाने वाला एक मोबाइल एप्लिकेशन है। यह मोबाइल एप्लिकेशन गूगल प्ले और ऐप स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप का उद्देश्य करदाता को एआईएस/टीआईएस का विस्तृत विवरण प्रदान करना है जो करदाता से संबंधित विभिन्न स्रोतों से एकत्रित जानकारी को प्रदर्शित करता है। करदाता इस मोबाइल ऐप का उपयोग एआईएस/टीआईएस में उपलब्ध अपने टीडीएस/टीसीएस, ब्याज, लाभांश, शेयर लेनदेन, कर भुगतान, आयकर रिफंड, अन्य सूचनाओं (जीएसटी डेटा, विदेशी प्रेषण, आदि) से संबंधित जानकारी देखने के लिए कर सकते हैं। इस ऐप में करदाता के लिए प्रदर्शित जानकारी पर प्रतिक्रिया देने का विकल्प और सुविधा भी उपलब्ध है। इस मोबाइल ऐप का उपयोग करने के लिए, करदाता को अपना पैन नंबर प्रदान करके ऐप पर पंजीकरण करना होगा और मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी एवं ई-फाइलिंग पोर्टल पर पंजीकृत ई-मेल से प्रमाणित करना होगा। प्रमाणीकरण किए जाने के बाद, करदाता इस मोबाइल ऐप की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बस 4 अंकों का पिन अंकित कर सकता है।




# एशियन पेंट्स ट्रैक्टर स्पार्क एवं ऐस स्पार्क इमल्शन हुआ लॉन्च




**रांची।** किसी भी मकान मालिक के लिए बात जब सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान की हो तो एक सुंदर घर होना बहुत महत्वपूर्ण होता है। हालांकि, बजट की बंदिश उन्हें आमतौर पर अपना घर पेंट कराने के सस्ते विकल्पों को चुनने के लिए मजबूर कर देती है, लेकिन ऐसा करते हुए वह गुणवत्ता से भी समझौता करते हैं। उपभोक्ताओं की इसी समस्या को दूर करते हुए एशियन पेंट्स ट्रैक्टर स्पार्क एवं ऐस स्पार्क इमल्शन लॉन्च किया गया है। यह किफायती पेंट्स हैं, जो आपके घर की बाहरी और भीतरी दीवारों को शानदार फिनिश देते हैं। इन पेंट्स को सस्ते डिस्टेंपर या लोकल पेंट्स और महंगे, उच्च गुणवत्ता के इमल्शन पेंट्स के बीच मौजूद अंतर को भरने के लिए डिजाइन किया गया है। एशियन पेंट्स ने अपने ब्रैंड्स का प्रचार करने के लिए ह्वाइट में फिट, शौक की नो लिमिट्स कैंपेन लॉन्च किया। इसकी परिकल्पना ओगिल्वी इंडिया ने की है। इस कैंपेन में इन पेंट्स को उन मकान मालिकों के लिए आदर्श समाधान के रूप में दिखाया गया है, जो अपने बजट में अच्छी क्वॉलिटी के पेंट्स चाहते हैं। इस कैंपेन में एक सहकर्मी की कहानी मजाकिया अंदाज में सुनाई गई है, जो अपने नए पेंट किए हुए घर को देखता है तो सोचता है कि इन किफायती पेंट्स से हुई बचत से वह अपनी कई बाकी इच्छाओं को पूरी कर सकता है। इसका पूरा श्रेय ट्रैक्टर स्पार्क और ऐस स्पार्क इमल्शन को जाता है। टीवी विज्ञापन के तहत, ब्रैंड ने एक बड़ा ही मजेदार और खूबसूरत जिंगल तैयार किया है, जो उपभोक्ताओं के दिमाग में छाया रहेगा।

# शेयर बाजार ने की शानदार रिकवरी




**एजेंसी। नई दिल्ली**
कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार भी आज कमजोरी के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में कुछ देर तक बिकवाली का दबाव बना रहा, लेकिन उसके बाद खरीदारी का जोर बन जाने की वजह से शेयर बाजार निचले स्तर से काफी हद तक रिकवरी करने में सफल रहा। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अडाणी पोर्ट्स, नेस्ले, लार्सन एंड टूब्रो और बजाज फाइनेंस के शेयर 1.68 प्रतिशत से लेकर 0.88 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजी, विप्रो, इंफोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.42 प्रतिशत से लेकर 0.78 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,908 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,172 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 736 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बना हुआ था। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज वैश्विक दबाव के कारण 153.18 अंक की कमजोरी के साथ 58,061.41 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक गिर कर 57,838.85 अंक के स्तर तक पहुंचा। लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदारों ने जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स तेजी से रिकवर करते हुए ऊपर चढ़ने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 56.41 अंक की कमजोरी के साथ 58,158.18 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने आज 54.50 अंक की गिरावट के साथ 17,097.40 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की।

## आइएसआरओ का गगनयान मिशन अगले साल होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाईजेशन अपने पहले ह्यूमन स्पेस-फ्लाइट मिशन 'गगनयान' के तहत साल के आखिरी में दो आरंभिक मिशन भेजेगा। इसमें एक मिशन पूरी तरह से मानवरहित होगा और दूसरे मिशन में 'व्योममित्र' नाम की एक महिला रोबोट भेजी जाएगी। इन आरंभिक मिशनों का मकसद यह सुनिश्चत करना है कि गगनयान रॉकेट जिस मार्ग से जाए उसी मार्ग से सुरक्षित भी लौटे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसके बाद अगले साल 2024 में इंडियन एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक इंटरव्यू के दौरान ये बात कही। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि वैसे तो भारतीय मूल के व्यक्ति के रूप में राकेश शर्मा इससे पहले अंतरिक्ष जा चुके हैं, लेकिन वह मिशन सोवियत रूस का था, जबकि गगनयान मिशन हिन्दुस्तानी होगा और इसे बनाने वाले भी हिन्दुस्तानी होंगे। उन्होंने कहा कि गगनयान प्रोग्राम के तहत इसे आजादी के 75वें वर्ष में भेजने की कल्पना की गई थी, लेकिन कोविड में काफी कुछ अस्त व्यस्त हो गया। कई कार्यक्रम 2-3 साल पीछे चले गए। हमारे अंतरिक्ष विज्ञानियों का रूस में प्रशिक्षण चल रहा था, उसे भी बीच में रोकना पड़ा था। कोविड कम होने के बाद इन्हें फिर से ट्रेनिंग पूरी करने के लिए रूस भेजा गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत का श्रेष्ठ उदाहरण होगा।

# रेलवे में एसी 3-टियर इकोनॉमी का सफर सस्ता



**एजेंसी। नई दिल्ली**
रेलवे ने आज यानी 22 मार्च 23 से पुराने सिस्टम को लागू करते हुए अउ 3-टियर इकोनॉमी क्लास का किराया कम कर दिया है। अब अउ-3 टियर की तुलना में इकोनॉमी क्लास में यात्री को 60-70 रुपए कम देने होंगे। रेलवे ने सितंबर 2021 में सस्ती एस यात्रा सर्विस देने के लिए एसी-3 इकोनॉमी कोच की शुरुआत की थी, लेकिन नवंबर 2022 में एसी 3-टियर इकोनॉमी और एसी 3-टियर के मर्जर के कारण दोनों क्लास का किराया बराबर हो गया था। रेलवे ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिन यात्रियों ने पहले ही आज से आगे की डेट के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन टिकट बुकिंग की है, उन्हें नई दरों के हिसाब से पैसा रिफंड किया जाएगा। हालांकि, काउंटर के जरिए ऑफलाइन टिकट बुक करवाने वाले यात्रियों को बचा हुआ पैसा वापस लेने के लिए अपने टिकट के साथ फिर से बुकिंग काउंटर जाना पड़ेगा। जब रेलवे ने एसी-3 इकोनॉमी कोच की शुरुआत की तो उसमें यात्रियों को चादर और कंबल नहीं दिए जाते थे, लेकिन इस क्लास को एसी-3 में मर्ज करने के बाद किराया बराबर कर दिया गया था।

# अप्रैल से महंगी हो जाएंगी कई कंपनियों की गाड़ियां



**एजेंसी। नई दिल्ली**
मारुति से पहले टाटा मोटर्स ने अपने कमर्शियल गाड़ियों के दाम बढ़ने की घोषणा की थी। कंपनी ने गाड़ी के दामों में 5 फीसदी तक इजाफा करने का फैसला किया है। यह दरें भी 1 अप्रैल, 2023 से लागू हो जाएंगी। टाटा मोटर्स के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक यह बढ़ोतरी मॉडल और वेरिएंट के हिसाब से की गई है। गौरतलब है कि सरकार ने 1 अप्रैल से बीएस 6-आइ उत्सर्जन मानक लागू करने जा रही है। इससे प्रदूषण को कंट्रोल करने में मदद मिलेगी। ऐसे में कार कंपनियों को इन मानकों को पूरा करने के लिए कई नये पार्ट्स और सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में कार निर्माता कंपनियों की लागत में इजाफा हो रहा है। कंपनियां अपनी लागत का भार ग्राहकों पर डाल रही हैं। इससे पहले 1 अप्रैल 2020 को बीएस 6-क उत्सर्जन मानकों को लागू किया गया था। तब भी कारों की कीमतों में 50,000 रुपये तक का इजाफा दर्ज की किया गया था। कार या कमर्शियल गाड़ियों खरीदने वाले ग्राहकों पर इस समय दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ जहां रेपो रेट में लगातार इजाफे के कारण लोगों पर कार या व्हीकल लोन की ईएमआई का बोझ बढ़ रहा है।

## पेज एक के शेष

### सदन : अमृतकाल शेर...

भाजपा के सदस्य 1932 के विरोध में हाईकोर्ट में जाते हैं, 1985 का समर्थन भी कर रहे हैं। भाजपा पहले बताए कि ये 1932 के समर्थक हैं या 1985 के। देश विषम दौर से गुजर रहा है। इन लोगों ने कई पोस्टर लगाए, जिसमें देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री का फोटो लगा है। आजादी के बाद पहली बार निर्लज्ज व्यवस्था दिख रही है। यह भारत का अमृतकाल है। आजादी के बाद पहली बार ऐसी स्थिति है। ऐसे में देश विश्व गुरु कैसे बनेगा। जब हम झारखंड के लोगों के लिए थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी के लिए कानून बनाते हैं तो यही लोग विरोध करते हैं। यह ढोंगी लोग है। वर्तमान सरकार ना राज्य में किसी की जात-पात पर राजनीति करती है ना इन्हें अलग ढंग से देखते हैं। मां को सबसे अधिक अपने कमजोर बच्चे की चिंता रहती है। हमारी भी यही सोच रही है। ये राजनीतिक, आर्थिक स्तर पर ताकतवर हैं और यह आदिवासियों को कैसे पीछे किया जाए, इस पर इनका ध्यान रहता है। आज जो परिस्थिति है राज्य सरकार को केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता है। हेमंत सोरेन ने कहा कि अमृतकाल में कौन हैं जो अमृत पी रहे हैं। आज भी लोग जिल्लत की जिंदगी जी रहे हैं। यह कैसा अमृतकाल है? इन लोगों ने सरकार आते ही देश में ऐसे-ऐसे कारनामे किए हैं कि न किसान, न मजदूर, न व्यापारी अपने पैरों में खड़े नहीं हो पा रहा। पांच वर्षों में 76 प्रतिशत एमएसएमई को कोई मुनाफा नहीं हुआ, आमदनी घट गई। आज देश में 45 करोड़ बेरोजगार हो गये हैं। ऐसा लगता है दो-पांच व्यापारी ही विधान बन गये हैं। दस लाख करोड़ से अधिक इन्होंने अपने व्यापारियों साथियों का कर माफ कर दिया।

### अमेरिका से बेहतर...

बोलता है। अब दो घंटे में लोग सफर कर रहे। देहरादून से दस फ्लाइट दिल्ली से आती हैं, मैंने वहां के मुख्यमंत्री को कहा है कि सड़क परिवहन बेहतर हो जाने के कारण अब कोई फ्लाइट से दिल्ली से देहरादून नहीं आएगा। मंत्री ने कहा कि रोड बेहतर होने से केवल टाइम ही नहीं बचता, लॉजिस्टिक सपोर्ट मिलता है। कोयला का ट्रांसपोर्टेशन होता है। चाइना में जीडीपी आठ से दस फीसदी लॉजिस्टिक पर खर्च आता है। हमने तय किया है कि भारत में यह कोस्ट भी घटा कर नौ फीसदी पर लाएंगे। इससे एक्सपोर्ट बढ़ेगा, इंडस्ट्री आएगी, रोजगार बढ़ेगा।

**झारखंड सरकार रोप-वे का प्रस्ताव दे, काम करेंगे :** नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने हवा में चलने वाली बस बेंगलुरु में चलवाया। झारखंड सरकार से अनुरोध है कि वह भी रोप-वे का प्रोजेक्ट भेजे। झारखंड से ऐसा कोई प्रोजेक्ट नहीं गया, लेकिन दूसरे राज्यों की 200 से अधिक योजनाओं पर काम हो रहा। मंत्री ने कहा कि झारखंड के पास कोयला है, भविष्य में कोयले के बजाय हाईड्रोजन का इस्तेमाल होगा। यहां के कोयले का इस्तेमाल हाईड्रोजन बनाने में किया जाए। पानी से भी ग्रीन हाईड्रोजन बनता है। इसी तरह किसान अन्नदाता के साथ साथ ऊर्जादाता बनें, इथेनॉल का उत्पादन करें। इससे पेट्रोल का काम घटेगा।

### छात्रों पर चटकीं...

दिन पूर्व ही मंत्री आलमगीर आलम व छात्र नेताओं की सकारात्मक वार्ता से आंदोलन को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया था। इस बीच 20 मार्च को ही जिलावार आरक्षण रोस्टर व 21 मार्च को सहायक प्रयोगशाला परीक्षा की वैकेंसी निकाल दी गयी। इसमें दिख रही गड़बड़ियों की वजह से राज्य के छात्र आक्रोशित हो गए। राज्य के विभिन्न जिलों में युवाओं ने 22 मार्च को जिलावार सरकार का पुतला दहन किया। हेमंत सोरेन की सरकार में बनी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग स्नातक स्तरीय परीक्षा संचालन संशोधन नियमावली-2021 को 16 दिसम्बर, 2022 को झारखंड हाईकोर्ट ने असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया।

### 'मोदी सरनेम' मानहानि...

सुनने के लिए 23 मार्च की तारीख तय की थी। गांधी ने कहा है कि जब उन्होंने उक्त बयान दिया, तो उनकी ओर से कोई दुर्भावना नहीं थी। सजा का निलंबन न होने पर राहुल को करना पड़ सकता है अयोग्यता का सामना : कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सूरत की अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अगर ऊपरी न्यायालयों द्वारा उनकी सजा का निलंबन नहीं किया जाता है, तो उन्हें एक सांसद के रूप में अयोग्यता का सामना करना पड़ सकता है और वह चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत अगर किसी को दो साल या उससे अधिक के कारावास की सजा सुनाई जाती है, तो वह व्यक्ति कारावास की अवधि और छह साल की अवधि के लिए अयोग्य हो जाता है। लेकिन, अधिनियम में मौजूदा सदस्यों के लिए एक अपवाद है। उन्हें अपील करने के लिए सजा की तारीख से तीन महीने की अवधि प्रदान की गई है और अपात्रता तब तक लागू नहीं होगी जब तक कि अपील का फैसला नहीं हो जाता। गौरतलब है कि गुरुवार को गुजरात में सूरत की एक जिला अदालत ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 2019 में उनकी 'मोदी सरनेम' टिप्पणी को लेकर उनको मानहानि का दोषी ठहराया है।

### अमेरिकी सरकार ने...

अनैच्छिक रूप से चली जाती है, तो आमतौर पर अमेरिका में रहने के लिए 60 दिन की अवधि के भीतर कई काम कर सकते हैं।अमेरिका में जब किसी कर्मचारी को नौकरी से निकाला जाता है तो उनके पास 60 दिनों का ग्रेस पीरियड होता है। दूसरी ओर जब गैर अप्रवासी कर्मचारी को नौकरी से निकाला जाता है तो उनके पास कुछ ऑप्शन होते हैं। इसमें से एक ये होता है कि वो निर्धारित दिनों तक अमेरिका में रह सकते हैं। उसके बाद उन्हें देश छोड़कर जाना होता है। इस ग्रेस पीरियड के दौरान गैर अप्रवासी कर्मचारी अपने स्टेटस में बदलाव के लिए आवेदन भी दे सकते हैं। स्टेटस के लिए बदलाव, स्टेटस को एडजस्ट करने के लिए अप्लाई करना, अपने हालात का हवाला देते हुए इंप्लॉयमेंट ऑथराइजेशन डॉक्यूमेंट के लिए अप्लाई करना या नौकरी में बदलाव के लिए अप्लाई करना। यूएससीआईएस ने कहा कि यदि कोई कर्मचारी 60 दिनों के ग्रेस पीरियड के दौरान इनमें से कोई भी कदम उठाता है, तो उसके अमेरिका में रहने के दिनों को बढ़ाया जा सकता है। भले ही उसका गैर अप्रवासी कर्मचारी स्टेटस खत्म ही क्यों न हो जाए।

## विदेश

# वर्जीनिया सलाहकार बोर्ड में भारतीय-अमेरिकी नियुक्त



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**
वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन ने भारतीय-अमेरिकी स्वास्थ्य पेशेवर श्रीलेखा पल्ले को वर्जीनिया एशियाई सलाहकार बोर्ड (वीएएबी) में नियुक्त किया है। अपनी नई भूमिका में, पल्ले गवर्नर को एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आईलैंडर (वीएएबी) घटकों के सामने आने वाले मुद्दों पर सलाह और जानकारी देंगी, और समुदाय के हितों की वकालत करेंगी। वह गवर्नर को वाणिज्य, व्यापार, कला, शिक्षा और सामान्य सरकार के क्षेत्रों में ध्यान देने के साथ राष्ट्रमंडल और एशियाई देशों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को सुधारने के तरीकों पर भी सलाह देंगी। यंगकिन ने एक बयान में कहा,आज मैं श्रीलेखा पल्ले की नियुक्ति की घोषणा कर खुश हूं। मुझे विश्वास है कि उनकी मदद से हम वर्जीनिया की भावना को मजबूत करने और हमारे राष्ट्रमंडल के लिए महान चीजें हासिल करने में सक्षम होंगे। हेल्थकेयर क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिकाओं में 23 से अधिक वर्षों के अनुभव वाली डॉक्टर पल्ले 2019 में सुली जिला पर्यवेक्षक के लिए फेयरफैक्स रिपब्लिकन उम्मीदवार थीं।

# ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन ने फिर मांगी माफी



**एजेंसी। लंदन**
पार्टीगेट घोटाले में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने एक बार फिर से माफी मांगी है। संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष जॉनसन ने अपने पुराने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश संसद को जानबूझकर गुमराह नहीं किया था, जो कुछ हुआ वो अनजाने में हुआ। कोरोना काल के दौरान ब्रिटेन में जिस समय पूर्ण लॉकडाउन लगा था, तब ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के 56वें जन्मदिन पर उनकी पत्नी केरी ने एक पार्टी दी थी। लॉकडाउन प्रतिबंधों के चलते उस समय ऐसी किसी पार्टी की अनुमति नहीं थी। इसके बावजूद न सिर्फ वहां पार्टी हुई बल्कि कई अन्य प्रतिबंध भी तोड़े गए। इस मामले को पार्टीगेट घोटाला कहा जाता है। मामले की सही जानकारी ब्रिटिश संसद को न देने सहित कई आरोपों में घिरे जॉनसन को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अब संसद की विशेषाधिकार समिति इस मामले की जांच कर रही है। विशेषाधिकार समिति ने बोरिस जॉनसन से चार घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के दौरान जॉनसन ने माफी मांगते हुए सफाई दी। उन्होंने कहा, 'मैं दिल पर हाथ रखकर कहता हूं, मैंने सदन से झूठ नहीं बोला है।' उन्होंने कहा कि वे हर समय हाउस ऑफ कॉमन्स के साथ पूरी तरह से पारदर्शी थे। सरकारी विभागों के अधिकारियों को इस बात पर गर्व करना चाहिए कि उन्होंने देश को कोविड से बचाया। जॉनसन ने जोर देकर कहा कि अगर किसी को लगता है कि वे लॉकडाउन के दौरान पार्टी कर रहे थे तो वे पूरी तरह से गलत हैं।

# इजरायल में विवादित कानून पारित

**एजेंसी। तेल अवीव**
इजराइल की संसद ने बृहस्पतिवार को न्यायपालिका में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए प्रस्तावित कई विवादित कानूनों में से पहले कानून को पारित किया। संसद से यह उस कानून को ऐसे समय पारित हुआ है जब सड़कों पर इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि देश इससे अधिनायकवाद की ओर बढ़ेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू के गठबंधन सरकार ने विधेयक को मंजूरी दी जो भ्रष्टाचार और हितों से टकराव के मामले में सुनवाई का सामना कर रहे इजराइली नेता को शासन करने से अयोग्य करार दिए जाने से बचाएगा। आलोचकों का कहना है कि यह कानून नेतान्याहू के लिए बनाया गया है और इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा और न्यायपालिका में बदलाव को लेकर जनता के बीच खाई और चौड़ी होगी। कानूनी बदलावों को लेकर देश दो धड़ों में बंट गया है। एक वर्ग का मानना है कि नयी नीतियां इजराइल को उसके लोकतांत्रिक मूल्यों से दूर कर रही है जबकि दूसरे धड़े का मानना है कि उदार न्यायपालिका सीमा से परे जाकर देश चला रही है।

## निराशा — रॉकेट लॉन्च के बाद ऑर्बिट में जाने से पहले हुई गड़बड़ी

# दुनिया का पहला 3डी प्रिंटेड रॉकेट मिशन फेल

**एजेंसी। फ्लोरिडा**
दुनिया के पहले 3डी प्रिंटेड रॉकेट टेरेन-1 को फ्लोरिडा के केप कैनवरल से लॉन्च किया गया। हालांकि ये ऑर्बिट में पहुंचने से पहले ही फेल हो गया। कैलिफोर्निया की कंपनी रिलेटिविटी ने इस रॉकेट को बनाया है। इसमें 9 3डी प्रिंटेड इंजन मौजूद हैं। रॉकेट में बतौर फ्यूल लिक्विड मीथेन का इस्तेमाल हुआ था। इस टेस्ट फ्लाइट को 'गुड लक हैव फन' नाम दिया गया था। लॉन्च होने के बाद ये पहले स्टेज में कामयाब रहा। रॉकेट ने एमए-ए स्टेज भी पार की, जिसमें इस पर सबसे ज्यादा लोड होता है। इसके बावजूद करीब 4 मिनट बाद स्टेज 2 में जाने से पहले डायरेक्टर क्ले वॉकर ने वेबकास्ट पर गड़बड़ी की सूचना दी। इसके बाद रॉकेट फेल हो गया। हालांकि, गड़बड़ी क्यों हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। टेरेन-1 रॉकेट को तीसरे प्रयास पर लॉन्च किया गया। इससे पहले ये 8 मार्च को लॉन्च होने वाला था लेकिन टेम्परेचर में दिक्कत होने के चलते इसे 11 मार्च के लिए पोस्टपोन कर दिया गया था। फिर 11 मार्च को फ्यूल प्रेशर में दिक्कत के चलते इस दोबारा टाल दिया गया। फिलहाल लॉन्च के वक्त इसमें कोई क्रू मेंबर या सामान नहीं मौजूद था। लेकिन ये रॉकेट आगे चलकर पृथ्वी के लोअर ऑर्बिट में 1,250 किलो का भार ले जाने में सक्षम होगा। रिलेटिविटी के स्पेस लॉन्च की कमेंटेटर अर्वा टिजानी केली ने कहा- दुनिया में इससे पहले किसी ने भी 3डी प्रिंटेड रॉकेट लॉन्च नहीं किया है। हम आज इसमें पूरी तरह से सफल नहीं हो पाए लेकिन रॉकेट लॉन्चिंग इस बात का सबूत है कि भविष्य में 3डी प्रिंटेड रॉकेट उड़ाना मुमकिन है। ये रॉकेट 110 फीट (33.5 मीटर) लंबा और 7.5 फीट (2.2 मीटर) चौड़ा है। इसका 85% हिस्सा 3डी प्रिंटेड है। ये दुनिया का सबसे बड़ा 3डी प्रिंटेड ऑब्जेक्ट है और इसे सबसे बड़े 3डी मेटल प्रिंटर्स की मदद से बनाया गया है। रिलेटिविटी कंपनी का लक्ष्य एक ऐसे रॉकेट को बनाना है जो 95% 3डी प्रिंटेड हो। कंपनी के मुताबिक, इसे बनाने में सिर्फ 60 दिन का समय लगता है। इसके अलावा कंपनी एक टेरेन-आर रॉकेट भी बना रही है जो करीब 20 हजार किलो का भार ले जाने में सक्षम होगा। इसे अगले साल लॉन्च किया जाएगा।



## झारखंड विस में जोरदार हंगामा

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को मोदी सरनेम पर विवादित बयान देने के मामले में सूरत कोर्ट से राहुल गांधी को दो साल की सजा दिए जाने पर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष और विपक्ष हंगामा करते हुए वेल में आ गए। नारेबाजी होने लगी। हंगामा इतना बढ़ गया कि सदन को स्पीकर ने 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इस बीच विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि लोकतंत्र में भाजपा के इशारे पर बोलने की स्वतंत्रता का गला घोंटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर सूरत कोर्ट ने यह कार्रवाई की है।



# वो कौन सा नियम है जिसके जरिए सदस्यता रद्द हो जाती है?

**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने मानहानि के मामले में दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई है। राहुल पर 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान 'मोदी सरनेम' पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इसी मामले में राहुल पर गुजरात के भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था। अगर किसी सांसद या विधायक को दो साल या इससे अधिक की सजा होती है तो उसकी सदस्यता चली जाती है। हालांकि, राहुल को अभी एक महीने की मोहलत मिली हुई है। राहुल इस फैसले के खिलाफ एक महीने के अंदर सेशंस कोर्ट में अपील दायर कर सकते हैं। अगर सेशंस कोर्ट भी सजा बरकरार रखती है तो जरूर राहुल की सदस्यता पर खतरा मंडरा सकता है। राहुल पहले ऐसे नेता नहीं हैं, जिनकी सदस्यता जा सकती है। इसके पहले भी कई ऐसे सांसद और विधायकों की सदस्यता जा चुकी है, जिन्हें कोर्ट ने दो साल या इससे अधिक की सजा सुनाई है। आज हम ऐसे ही कुछ नेताओं के बारे में बताएंगे, जिनकी सदस्यता सजा के चलते चली गई...**



### आजम खान

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और रामपुर से विधायक रहे आजम खान की सदस्यता भी चली गई है। आजम रामपुर से लगातार 10 बार विधायक चुने जा चुके हैं और सांसद भी रहे। आजम खान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी का आरोप लगा था। इस मामले में तीन साल तक कोर्ट में केस चला और फिर कोर्ट ने उन्हें तीन साल की सजा सुनाई। सजा होने के बाद आजम को जमानत तो मिल गई लेकिन उनकी विधानसभा की सदस्यता जरूर चली गई। इसके बाद पिछले साल दिसंबर में रामपुर सदर सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार आकाश सक्सेना जीत गए थे।



### अब्दुल्ला आजम

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के बाद उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की भी विधानसभा सदस्यता रद्द हो गई है। मुरादाबाद की एक विशेष अदालत ने 15 साल पुराने मामले में सपा महासचिव आजम खान और उनके विधायक पुत्र अब्दुल्ला आजम को दो साल की सजा सुनाई थी। अब्दुल्ला आजम रामपुर की स्वार सीट से विधायक बने थे। अब इस सीट पर उपचुनाव होने हैं।



### विक्रम सैनी

यूपी के मुजफ्फरनगर की खतौली से विधायक रहे विक्रम सैनी की भी सदस्यता चली गई है। विक्रम दंगे में शामिल होने के दोषी पाए गए थे। ये मामला 2013 का है। तब मुजफ्फरनगर में सांप्रदायिक दंगे हुए थे, उस समय विक्रम सैनी जिला पंचायत सदस्य थे और उनका नाम दंगों में आया था। इस मामले में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। विक्रम सैनी जब जेल से छूट कर आए तो भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें खतौली से अपना प्रत्याशी बना दिया। इसके बाद भारी मतों से विक्रम सैनी ने जीत हासिल की।



### राहुल की टिप्पणी से कांग्रेस पार्टी डूब रही है : रिजिजू

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणी से कांग्रेस को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता भी इस बात से चिंतित हैं कि राहुल के बयानों के कारण पार्टी डूब रही है। रिजिजू की टिप्पणी गुजरात की एक अदालत द्वारा वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी को उनकी 'मोदी सरनेम' टिप्पणियों के लिए दोषी ठहराए जाने और दो साल की जेल की सजा दिए जाने के बाद आई है।

## तो क्या राहुल गांधी की सांसदी भी जाएगी?



**लोक**-प्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 8(3) के मुताबिक, अगर किसी नेता को दो साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है तो उसे सजा होने के दिन से उसकी अवधि पूरी होने के बाद आगे छह वर्षों तक चुनाव लड़ने पर रोक का प्रावधान है। अगर कोई विधायक या सांसद है तो सजा होने पर वह अयोग्य ठहरा दिया जाता है। उसे अपनी विधायकी या सांसदी छोड़नी पड़ती है। संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप कहते हैं कि राहुल गांधी को दो साल की सजा जरूर हुई है, लेकिन सजा अभी निलंबित है। ऐसे भी फिलहाल उनकी सांसदी पर कोई खतरा नहीं है। राहुल को अगले तीस दिन के भीतर ऊंची अदालत में फैसले को चुनौती देनी होगी। अगर वहां भी कोर्ट निचली अदालत को बरकार रखती है तो राहुल की संसद सदस्यता जा सकती है।

## क्या हमेशा से ऐसा होता रहा है?

नहीं, 2013 के पहले ऐसा नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में इस अधिनियम को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए धारा 8(4) को असंवैधानिक करार दिया था। इस प्रावधान के मुताबिक, आपराधिक मामले में (दो साल या उससे ज्यादा सजा के प्रावधान वाली धाराओं के तहत) दोषी करार किसी निर्वाचित प्रतिनिधि को उस सूरत में अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता था, अगर उसकी ओर से ऊपरी न्यायालय में अपील दायर कर दी गई हो। यानी धारा 8(4) दोषी सांसद, विधायक को अदालत के निर्णय के खिलाफ अपील लंबित होने के दौरान पद पर बने रहने की छूट प्रदान करता है।



## राहुल गांधी को मिली उनके किए की सजा : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरनेम को लेकर एक विवादित टिप्पणी की थी। इसको लेकर सूरत की कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए उन्हें दो साल की सजा सुनाई है। यह उनके किए की सजा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि राहुल गांधी को सूरत की एक कोर्ट ने मानहानि के मामले में दो साल की सजा दी है। कांग्रेस बहुत कुछ कह रही है लेकिन ये नहीं बता रही है कि राहुल गांधी ने कहा क्या? प्रसाद ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को अपमानित करते हुए कहा था, कैसे सभी चोरों का सरनेम मोदी है? इस मुद्दे पर सुनाई करते हुए कोर्ट ने राहुल को उनके किए की सजा दी। प्रसाद ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी ने गलत भाषा का उपयोग किया हो। वह आए दिन देश को अपमानित करते रहते हैं। उन्होंने अपने लंदन दौरे में देश सहित हमारे संविधान को भी अपमानित करने का काम किया था। भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि एक ओर राहुल गांधी सत्य और अहिंसा में विश्वास रखने की बात करते हैं और दूसरी ओर देश की सेना का अपमान करते हैं। शहीदों की शहादत का मजाक उड़ाते हैं। देश की राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रशक्ति का अपमान करते हैं। मतदाताओं का अपमान करते हैं। ऐसा नहीं चलेगा क्योंकि देश राहुल के हिसाब से नहीं बल्कि संविधान के हिसाब से चलेगा।



### अनिल कुमार साहनी

आरजेडी विधायक अनिल कुमार साहनी को दिल्ली की एक सीबीआई अदालत ने धोखाधड़ी के एक मामले में दोषी ठहराया था। उन्हें तीन साल की सजा सुनाई थी। इसके चलते बिहार विधानसभा से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। कुरहानी विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले सहनी को 29 अगस्त को सजा सुनाई गई थी और दो दिन बाद तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी। राउज एवेन्यू की अदालत ने उन्हें 2012 में यात्रा किए बिना जाली एयर इंडिया ई-टिकट का उपयोग करके यात्रा भत्ता हासिल करने का प्रयास करने का दोषी ठहराया था। उस समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जद (यू) के साथ रहे सहनी राज्यसभा सदस्य थे। उन्होंने 23.71 लाख रुपये के दावे प्रस्तुत किए थे। वह कुछ महीनों के भीतर विधानसभा से अयोग्य घोषित होने वाले दूसरे राजद विधायक बन गए। सदन में पार्टी की ताकत अब घटकर 78 रह गई है, जो भाजपा से सिर्फ एक अधिक है।

### कांग्रेस ने रांची में किया विरोध प्रदर्शन...





### ममता देवी

झारखंड की रामगढ़ विधानसभा सीट से विधायक ममता देवी को अयोग्य करार दिया गया था, जिस कारण ये सीट खाली हो गई थी। ममता को हजारीबाग जिले की एक विशेष अदालत ने पांच साल कारावास की सजा सुनाई थी। इन सभी को 2016 के दंगे और हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी ठहराया गया था। यह मामला रामगढ़ जिले के गोला में हिंसक विरोध प्रदर्शन से जुड़ा था।



### मोहम्मद फैजल

लक्षद्वीप सांसद मोहम्मद फैजल को भी कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। जिसके बाद उनकी सदस्यता चली गई थी। चुनाव आयोग ने लक्षद्वीप लोकसभा पर उपचुनाव कराने के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी थी। हालांकि, बाद में केरल हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी है। अभी ये मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। फैजल पर कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पीएम सईद और मोहम्मद सालिया पर हमला करने का आरोप था। इस मामले में 32 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिसमें से चार को कोर्ट ने दोषी ठहराया था। इनमें मोहम्मद फैजल भी शामिल थे।



### खब्बू तिवारी

भारतीय जनता पार्टी से अयोध्या की गोसाइगंज सीट से विधायक रहे इंद्र प्रताप सिंह उर्फ खब्बू तिवारी की सदस्यता 2021 में चली गई थी। खब्बू तिवारी फर्जी मार्कशीट केस में दोषी पाए गए थे और 18 अक्टूबर 2021 को एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा उन्हें पांच साल की सजा सुनाई थी।



### कुलदीप सिंह सेंगर

उन्नाव रेप कांड में दोषी ठहराए गए भाजपा के विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की भी सदस्यता जा चुकी है। कुलदीप सेंगर को रेप मामले में दोषी ठहराया गया था और कोर्ट ने आजीवन करावास की सजा सुनाई गई थी।



### अशोक चंदेल

हमीरपुर जिले के भारतीय जनता पार्टी के विधायक रहे अशोक कुमार सिंह चंदेल को भी एक अदालत ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके बाद चंदेल की विधानसभा सदस्यता चली गई।



### अनंत कुमार सिंह

बिहार के मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह की भी सदस्यता जा चुकी है। सिंह के आवास से हथियार और विस्फोटक की बरामदगी हुई थी। इस मामले में पटना की एक अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया था। जिसके बाद उनकी सदस्यता चली गई।

**राहुल गांधी के खिलाफ इन राज्यों में भी चल रहे हैं मानहानि के केस**

# एक में सजा, बाकी चार मामलों में क्या होगा?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूरत की एक अदालत ने मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ 2019 में दर्ज आपराधिक मानहानि के एक मामले में उन्हें गुरुवार (23 मार्च) को दोषी करार दिया। अदालत ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा भी सुनाई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 504 के तहत गांधी को दोषी करार दिया, जो शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करने से संबंधित है। हालांकि, सजा मिलने के बाद ही राहुल गांधी को बेल भी मिल गई। चलिए अब आपको 2014 के बाद से राहुल गांधी पर किए गए मानहानि के सारे मामलों की जानकारी देते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का पहला केस साल 2014 में हुआ था। ये केस महाराष्ट्र के भिवंडी कोर्ट में चल रहा है। धारा 499 और 500 के तहत मानहानि का मामला दर्ज है। राहुल गांधी ने भिवंडी में एक भाषण के दौरान संघ पर महात्मा गांधी की हत्या का आरोप लगाया था। संघ के ही एक कार्यकर्ता ने राहुल पर केस दर्ज कराया था।



**2016 का मामला**

इसके बाद साल 2016 में राहुल गांधी के खिलाफ असम के गुवाहाटी में धारा 499 और 500 के तहत मानहानि का केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा था कि 16वीं सदी के असम के वैष्णव मठ बरपेटा सतरा में संघ सदस्यों ने उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया। उनके इस आरोप से संघ की छवि को नुकसान पहुंचा है। ये मामला भी अभी कोर्ट में पेंडिंग है।

**20 करोड़ का मानहानि मामला**

साल 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में एक और केस दर्ज किया गया। ये केस रांची की सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में चल रहा है। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत 20 करोड़ रुपए मानहानि का केस दर्ज है। इसमें राहुल के उस बयान पर आपत्ति जताई गई है, जिसमें उन्होंने मोदी चोर है कहा था।

**गौरी लंकेश की हत्या से जुड़ा है ये केस**

इसी साल, राहुल गांधी पर महाराष्ट्र में एक और मानहानि का केस दर्ज हुआ। ये मामला मझगांव स्थित शिवड़ी कोर्ट में चल रहा है। आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत मानहानि का केस दर्ज है। केस संघ के कार्यकर्ता ने दायर किया था।

# जब दोषी करार दी गई थीं इंदिरा गांधी!



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ये तारीख थी 12 जून 1975 की। सुबह के 10 बज रहे थे। इलाहाबाद हाई कोर्ट के कोर्ट रूम नंबर 24 में खचाखच भीड़ थी। थोड़ी ही देर में आने वाला था वो ऐतिहासिक फैसला, जो अगले ही पल देश की राजनीति को बदलने वाला था। जस्टिस जगमोहन सिन्हा ने कई दौर की सुनवाई के बाद अपना सिर उठाया और फिर थोड़े शब्दों में कहा- रायबरेली में हुए चुनाव में इंदिरा गांधी धांधली की दोषी पाई गई हैं, उनका चुनाव रद्द किया जाता है। इसके बाद क्या हुआ, वह सब इतिहास है। लेकिन, सवाल उठता है कि 48 साल पहले के इस मामले को आज फिर याद करने की क्या जरूरत आन पड़ी। आज न तो पूर्व पीएम की जयंती है न बरसी, न ही आपातकाल की तारीख के काले दिन वाली याद? वजह है। वजह ये है कि आज इसी गांधी परिवार का एक और सदस्य, देश की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले वायनाड से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी का मामला कोर्ट में था। अदालत ने उन्हें भी दोषी करार पाया है और मोदी सरनेम को लेकर की गई उनकी टिप्पणी पर दो साल की सजा भी सुना दी है। हालांकि उन्हें तुरंत बेल भी मिल गई। इस मामले के बाद वो फाइल भी देख लेते हैं, जिसमें दर्ज है कि गांधी परिवार के किस-किस सदस्य पर कौन-कौन से मामलों की सुनवाई जारी है और कब किसे किन मामलों में दोषी पाया गया है।

### 2014 में भी मुश्किलों में घिरे थे राहुल

साल 2014 में राहुल गांधी संघ को लेकर की गई टिप्पणी में बुरे फंसे थे। आरएसएस के एक स्थानीय कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में ठाणे के भिवंडी कस्बे में कांग्रेस नेता के भाषण को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें कांग्रेस नेता ने महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस का हाथ होने का आरोप लगाया था। कुंटे ने दावा किया है कि इस बयान के जरिये आरएसएस की प्रतिष्ठा को धूमिल किया गया है। इस मामले में भिवंडी की अदालत मे 2018 में आरोप तय किए थे। अभी फरवरी 2023 में इस केस में बहस हुई है, जिसमें राहुल गांधी ने व्यक्तिगत पेशी से छूट मांगी थी।

**नवरात्र स्पेशल** | **प्रदेश में रजिस्टर्ड 8714 स्टार्टअप में आधे से भी ज्यादा 4305 स्टार्टअप प्रदेश की बेटियों के नाम**

# बेटों को पीछे छोड़ रहीं यूपी की बेटियां

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

एक बॉलीवुड फिल्म का डॉयलाग है कि 'म्हारी छोरियां, छोरों से कम हैं के'। यह फिल्मी डॉयलाग यूपी में साक्षात साकार हो रहा है। सीएम योगी के प्रयासों के चलते प्रदेश की बेटियां अब स्टार्टअप में भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। यूपी आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स डिपार्टमेंट के डाटा के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कुल 8713 से अधिक स्टार्टअप रजिस्टर्ड हैं, जिसमें से 4305 से अधिक महिलाओं के स्टार्टअप हैं जिसे डीपीआईआईटी ने भी मान्यता दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सीएम योगी ने विभिन्न विभागों में महिला शक्ति के लिए कई तरह की योजनाएं भी संचालित कर रखी हैं, ताकि वह सशक्त होकर स्वावलंबी बनने के साथ प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएं। सीएम योगी की इसी मंशा को धरातल पर उतारने में यूपी इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इलेक्ट्रानिक्स डिपार्टमेंट ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।





### लखनऊ की नेहा ने बनाया द फिन लिट स्टार्टअप

**लखनऊ** की नेहा मिश्रा ने बताया कि साफ्टेवयर इंजीनियर हैं। उन्होंने कई संस्थानों में काम किया है। कुछ कठिन व्यक्तिगत परिस्थितियों से जूझना पड़ा। इस दौरान वह अमेरिका की एक कंपनी स्टॉक एक्सचेंज की जॉब कर रही थीं। कोरोना महामारी की वजह से उन्होंने लखनऊ की ओर रूख किया। ऐसे में उन्होंने वित्तीय साक्षरता को खुद के साथ दूसरे के लिए भी जरूरी समझा और अपना खुद का स्टार्टअप तैयार करने की ठानी। उन्होंने सीएम की मंशा के अनुरूप स्टार्टअप तैयार किया। इसके लिए उन्हे आईटी एंड इलेक्ट्रानिक डिपार्टमेंट से संपर्क किया। विभाग की मदद से उन्होंने लोगों को फाइनेंशियल प्रॉब्लम फेस न करनी पड़े, इसके लिए वर्ष 2020 में द फिन लिट नाम से स्टार्टअप तैयार किया। इसके जरिये वह लोगों को आर्थिक साक्षर बना रही हैं। वह द फिन लिट स्टार्टअप से लोगों को इंवेस्टमेंट की बारिकियां के विभिन्न पहलुओं, इंश्योरेंस, रिटायर्डमेंट प्लान के बारे में अवगत करा रही हैं ताकि उन्हे विशेष परिस्थितियों में वित्तीय सहायता के लिए न भटकना पड़े और न हीं किसी के सामने हाथ फैलाना पड़े।

### महिला उद्यमियों को 50 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान

**यूपी** आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स डिपार्टमेंट प्रदेश में स्टार्टअप की दुनिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उन्हे विभिन्न तरह की रियायतें दे रहा है। यूपी आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स डिपार्टमेंट के विशेष सचिव अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में स्टार्टअप की दुनिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी के तहत महिला उद्यमियों को अतिरिक्त 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। बता दें कि विभाग द्वारा एक स्टार्टअप के लिए कुल 7.5 लाख की धनराशि अनुदान के रूप में दी जाती है। अगर स्टार्टअप में 26 प्रतिशत से अधिक से भागीदारी होती है तो 50 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है। ऐसे में महिला उद्यमी को 3 लाख 75 हजार की अतिरिक्त अनुदान धनराशि दी जाती है। इसके अलावा उन्हें एक वर्ष के लिए प्रति माह 17,500 रुपये का भरण-पोषण भत्ता दिया जाता है। विभाग की इसी योजनाओं का फायदा उठाकर प्रदेश की करीब चार से अधिक आदिशक्तियों ने अपने सपनों को उड़ान दी। प्रदेश की ऐसी ही दो नारीशक्ति (नेहा और अनुष्का) हैं जिन्होंने न केवल स्टार्टअप तैयार कर आत्मनिर्भर बनीं बल्कि आधी आबादी के लिए प्रेरणा बन गयीं हैं। स्टार्टअप इको सिस्टम का अनुष्का और नेहा जैसी कई महिलाओं के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है।

### खुद स्वावलंबी बनीं और दूसरों को भी बनाया

**लखनऊ** के जानकीपुरम की अनुष्का ने लघु उद्योग को बढ़ावा देने, हस्तशिल्पियों व हाउस वाइफ आदि की कलाकारी को नया प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से द एनिमिस्ट अर्थ नाम से स्टार्टअप शुरू किया। इसके जरिये उन्होंने प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों के हस्तशिल्पियों को अपने स्टार्टअप के जरिये देश में नई पहचान दी है। अनुष्का के स्टार्टअप पर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के करीब 100 से अधिक हस्तशिल्पी और हाउस वाइफ जुड़ी हुई हैं। उनके द्वारा बनाए गए करीब 50 से 60 होम मेड प्रोडेक्ट स्टार्टअप पर उपलब्ध हैं। अनुष्का ने बताया कि उनके स्टार्टअप पर उपलब्ध सारे प्रोडेक्ट होम मेड और हाथों से बनाए गए है। इन सभी प्रोडेक्ट की खासियत यह है कि इको फ्रेंडली हैं। इन प्रोडक्ट की शुरूआती कीमत 10 रुपए से शुरू है जबकि सबसे बड़े प्रोडेक्ट की कीमत 1200 रुपये है। अनुष्का ने स्टार्टअप के जरिये जहां खुद को स्वावलंबी बनाया है वहीं दूसरी ओर वह अपने साथ कई लोगों को स्वावलंबी बना रही हैं।

## डीपी चेंज, लिखा : डरो मत




**कांग्रेस** नेता और सांसद राहुल गाधी को सूरत की अदालत ने मानहानि केस में दो साल की सजा सुनाई है। राहुल की सजा के बाद जोरदार सियासत हो रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस सबके बीच कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रोफाइल फोटो बदल दी है। साथ ही तमाम कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने भी इसी फोटो को अपने प्रोफाइल पर लगाया है। कांग्रेस ने ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर अपने ऑफिशियल अकाउंट्स में नई प्रोफाइल फोटो लगाई है। यह फोटो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान की है, जिस पर लिखा है- 'डरो मत!'।